گلستان سعدی

गुलिस्ताने सादी

सादिनः पुष्पलोकः

گلستانِ سعدی

गुलिस्ताने सादी

सादिनः पुष्पलोकः

फ़ारसी मूलपाठ, देवनागरी लिपीकरण,
हिन्दी एवं संस्कृत अनुवाद सहित

आचार्य धर्मेन्द्रनाथ

निखिल भारतीय भाषापीठ
INDIAN INSTITUTE OF LANGUAGES

समर्पण—

आचार्य धर्मेन्द्रनाथ ईराननरेश को गुलिस्तान का अनुवाद भेंट करते हुए।
पास में शाहबानू फराह दीबा और डा० शफा खड़े हैं।

تقدیم

به پیشگاه مبارک

اعلیحضرت همایون محمد رضا پهلوی آریامهر

شاهنشاه ایران

तक़दीम

ब पेशगाहे मुबारक

आलीहज़रत हुमायूं मुहम्मद रज़ा पहलवी आर्यमेहर

शाहन्शाह ईरान

समर्पणम्

तत्रभवता मुहम्मदरज़ापहलवीमहोदयाना

श्रीमद्राजाधिराजाना आर्यमित्राणाम्

सेवायाम्

Dedicated to

HIS IMPERIAL MAJESTY

MOHAMMAD REZA PAHLAVI ARYAMEHR

SHAHANSHAH OF IRAN

समर्पणम्

पारसीकगीर्वाणगिरौ व्यासं च फिरदौसिनम् ।
पाणिनिं कालिदासं च हाफिजं शेखसादिनम् ॥
काशीं तक्षशिलां काञ्चीं काश्मीरं शारदास्थलम् ।
शीराजं कपिशां पर्शुं श्रीस्थानं सिन्धुं नम ॥
सप्तसिन्धुं नमस्कृत्य गङ्गां च पापनाशिनीम् ।
ईरानीयाः सदानीरा नदीश्च निखिलास्तथा ॥
अल्बुर्जं पर्वतश्रेष्ठं जग्रोसं भूधरं तथा ।
हिमाद्रिं देवतात्मानं पुराणमिव पूर्वजम् ॥
नरोत्तमानहं वन्दे येऽस्माकं पूर्वपूरुषाः ।
येषामद्य प्रजाः सर्वा उभयत्र विराजिताः ॥
मुहम्मद रजाशाहमार्यमित्रं नमाम्यहम् ।
यश्शेषनरेशानामन्वयादागतः शुभम् ॥
राजन्! पुनर्नमस्तेऽस्तु वर्तमाने सति त्वयि ।
आर्याणां व्योमभेदिन्य उड्डीयन्तेऽद्य यैः ध्वजाः ॥

पृथग्भाषा पृथग्भूषा पृथगुपासनपद्धतिः ।
तथापि रक्तसम्बन्धात् प्राचीनाद् भ्रातरो वयम् ॥
न किञ्चिदिह पार्थक्यं दृश्यते चानुमीयते ।
कुलात् संस्कृतिसामान्यादेव वंशसमुद्भवात् ॥
ईरानीयो भवान् राजन्! भारतीया वयं तथा ।
अफगानजनाश्चैते, पाकिस्तानजना इमे ॥
अनेकदेशवास्तव्या अनेकद्वीपवासिनः ।
नैपाला स्वर्णद्वीपस्था ये मे चार्यकुलोद्भवाः ॥
आर्यमित्राभिधानेन सर्वास्त्वामभिजानते ।
मन्यन्ते स्वजनात्मीयं सर्वैश्च पूजितो भवान् ॥
भिन्नं विषयमाश्रित्य भिन्न-नाम-समाश्रिताः ।
इदानीं तव सान्निध्ये मृगस्य विदध्महे ॥

समर्पण

फारसीभाषा और संस्कृत को प्रणाम, व्यास और फिरदौसी को प्रणाम ।
पाणिनि और कालिदास, हाफिज और शेखसादी को प्रणाम ॥
काशी, तक्षशिला, काञ्ची और कश्मीर तथा ।
शीराज, कपिशा, फारस और सीस्तान से लिया मेन्द्रा का प्रणाम ॥
सप्तसिन्धुओं को प्रणाम, पापनाशिनी गंगा को प्रणाम ।
ईरान की समस्त नदियों को प्रणाम ॥
अल्बुर्ज और जग्रोस पर्वतों को प्रणाम ।
हमारे पूर्वजों जितने ही प्राचीन देवतात्मा हिमालय को प्रणाम ॥
उन नरोत्तमों को प्रणाम जो हमारे पूर्वपुरुष थे ।
और जिनकी सन्तान आज दोनों देशों में फैली है ॥
मुहम्मद रजाशाह आर्यमिहिर को प्रणाम ।
यशःशेष नरेशों के वंश में जो उत्पन्न हुए हैं ॥
हे राजन्! आपको पुनःपुनः प्रणाम क्योंकि आपके होने से ।
आज आर्यों की ध्वजा व्योम में फहरा रही है ॥

हमारी भाषा पृथक् है, भूषा पृथक् है, उपासनापद्धति पृथक् है ।
तथापि प्राचीन रक्त—सम्बन्ध के कारण हम भाई भाई हैं ॥
इसमें कोई भी भेद न दिखाई देता है न अनुमान किया जाता है ।
क्योंकि हमारा कुल, संस्कृति और वंश एक है ॥
हे राजन्! आप ईरानी हैं और हम भारतीय हैं ।
ये अफगान, और ये पाकिस्तानी ॥
अनेक देशों में और द्वीपों में निवासी ।
नैपाली, स्वर्णद्वीपवासी और समस्त आर्यवंशीय लोग ॥
आपको 'आर्यों का मित्र' नाम से पहचानते हैं ।
आपको स्वजन और आत्मीय मानते हैं और आप सबके आदरपात्र हैं ॥
हम भिन्न देशों में रहते हैं, हमारे नाम भिन्न हैं ।
किन्तु आज हम आपके निकट एकत्र आये हैं ॥

तक़्दीम

ज़ुवानहाये फारसी व सस्कृत रा सलाम व व्यासो फिरदौसी रा।
पाणिनि व कालिदास रा सलाम व हाफिज़ो सादी रा सलाम ॥
काशी व तक्षशिला रा व काञ्ची व दार'ल् उलूमे काश्मीर रा सलाम।
शीराज़ो कापिशा रा सलाम व फ़ार्सो सीस्तान रा सलाम ॥
हफ्तदरिया रा सलाम व इसियाँ-कुश गगा रा सलाम।
व जुमला दरियाहाए ईरान रा सलाम ॥
कोहे अल् बुर्ज रा सलाम व कोहे ज़ाग्रोस रा सलाम।
व कोहे हिमालया रा सलाम कि हमचु बुज़ुर्गाने मा क़दीम'स्त ॥
बुज़ुर्गाने दिलावर रा सलाम कि अजदादे मा बूदा अन्द।
व नस्ल हाये ऐशान् दर हर दू सरज़मीन गुस्तर्दा अन्द ॥
मुहम्मद रज़ाशाह आर्यमेहर रा सलाम।
वारिसे ताजदारानो शाहान् रा सलाम ॥
ऐ शाह! शुमा रा बाज़ हम सलाम कि बा शुमा।
हनोज़ परचमे आर्यान् फ़ल्क बोस अस्त ॥

बा आँकि ज़ुबानहाये मा मुख्तलिफ़'स्तो लिबासे मा व तरीक़ए नमाज़े मा।
बाज़ व हुक्मे रिश्तए देरीना मा बिरादरेम् ॥
व दरीं अम्र इख्तेलाफ़ नीस्त।
ईं बिरादरीए मा मबनी ए फरहगो तमद्दुन'स्त ॥
शाहन्शाहा! शुमा ईरानी हस्तेद व मा हिन्दी।
वाँहा अफ़ग़ानी अन्द व आनाँ पाकिस्तानी ॥
व बिस्यारे अज़ साकिनाने कारहा व अहालीए दीगर।
निपालियानो सरनदीबियानो हमा आर्यानज़ादाहा ॥
शुमा रा बनामे आर्यमिहर मी दानन्द।
व अज़ीज़ो खेश मी पिज़ीरन्दो शुमा मरिदे एहतरामे हमागानेद ॥
बा आँकि मा दर मुख्तलिफ सरज़मीनहाय ज़िन्दगी मी कुनेम्।
इमरोज़ व नज़्दे शुमा फक़त आर्याई हस्तेम् ॥

تقديم

زبان های فارسی و سانسکریت را سلام و ویاس و فردوسی را
پانینی و کالیداس را سلام و حافظ و سعدی را سلام
کاشی و تکشیلا را و کانچی و دار العلوم کشمیر را سلام
شیراز و کاپیشا را سلام و فارس و سیستان را سلام
هفت دریا را سلام و عصیان کوش گنگا را سلام
و جمله دریاهای ایران را سلام
کوه البرز را سلام و کوه زاگروس را سلام
و کوه هیمالیا را سلام که همچو بزرگان ما قدیم است
بزرگان دلاور را سلام که اجداد ما بوده اند
و نسل های ایشان در هر دو سرزمین گسترده اند
محمد رضا شاه آریا مهر را سلام
وارث تاجداران و شاهان را سلام
ای شاه شما را باز هم سلام که با شما
هنوز پرچم آریان فلک بوس است

با آنکه زبان های ما مختلف است و لباس ما و طریقه نماز ما
باز بحکم رشته دیرینه ما برادریم
و در این امر اختلاف نیست
این برادری ما مبنی فرهنگ و تمدن است
شاهنشاها! شما ایرانی هستید و ما هندی
و آنها افغانی اند و آنان پاکستانی
و بسیاری از ساکنان قاره‌ها و اهالی دیگر
نپالیان و سرندیپیان و همه آریان زاده‌ها
شما را بنام آریا مهر میدانند
و عزیز و خویش میپذیرند و شما مورد احترام همه گانید
با آنکه ما در سر زمین های مختلف زندگی می کنیم
امروز نزد شما فقط آریائی هستیم

समर्पणम्

साम्प्रतं प्रतिजानीमो नार्यो दासत्वमर्हति ।
अयोऽन्यस्य विपत्तौ च भविष्याम सहायका ॥
सर्वे शृण्वन्तु दिक्पाला सर्वे चार्येतरे जना ।
द्वेष्टार आर्यवंशस्य शोषणव्यवसायिन ॥
सर्वे निरपराधघ्ना सर्वेऽनीश्वरवादिन ।
लोलुपा कितवा धूर्ता मत्स्यन्यायपरायणा ॥
आर्यमित्रस्य सान्निध्य आर्यत्वाय शपामहे ।
प्रभविष्यति नो कश्चिदार्याणा भेदसाधने ॥
यथा देहैकदेशेऽस्मिन् तोदात् पीडाभिजायते ।
कृत्स्ने देहे, तथास्माकं भविष्यति परम्परा ॥
एकस्य व्यसने प्राप्ते सर्वे वैकलव्यमाप्नुम ।
ईति-भीति-निरोधार्थं भविष्याम समुद्यता ॥

सर्वे भवन्तु सम्पन्ना सर्वे सन्तु निरामया ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुखभाग्भवेत् ॥
सर्वे चास्तिक्यसम्पन्ना सर्वे हीशपरायणा ।
भ्रातृभावभरा सर्वे परदुखेन दुखिता ॥
नश्यतान्निखिलाल्लोकादन्यायस्य परम्परा ।
पीडितो न भवेत् कश्चित् पीडयेच्च न कश्चन ॥
इमा मम शुभाशसा स्वीकरोतु जगत्पति ।
श्रेयसी च मति दद्याद् यतो न कार्यसाधन ॥
वर्षाणा द्विसहस्रे च तथा पञ्चशते गते ।
आर्याणा श्रेष्ठवंशस्य राज्यस्य स्थापनोत्सवे ॥
श्रीमद् राजाधिराजाना सेवाया च समर्प्यते ।
मया धर्मेन्द्रनाथेन श्लोकानामयमञ्जलि ॥

न त्वह पद्धति जाने शिष्टाचारस्य काञ्चन ।
राजद्वारोचित राजन्नुपचार न कञ्चन ॥
हृदयस्य च रक्तस्य सम्बन्धेन समीरित ।
जाने त्वमसि चास्माकमन्यज्जाने न कञ्चन ॥

समर्पण

आज हम प्रतिज्ञा करते हैं कि आर्य कभी दास नहीं होंगे
और एक दूसरे की विपत्ति में हम एक दूसरे की सहायता करेंगे
सारे दिक्पाल सुन लें, सभी आर्येतर जन सुन लें
आर्यवंश के द्वेषी सुन लें, और शोषण के व्यवसायी सुन लें
सारे निरपराधों को मारने वाले और ईश्वर द्रोही सुन लें
लोभी, छली, प्रपंची और मत्स्यन्याय को मानने वाले सुन लें
आज आर्य मित्र की साक्षी में हम आर्यत्व की कसम खाते हैं
कि कोई भी हम आर्यों में फूट नहीं डाल सकेगा
जैसे शरीर के एक अंग में पीड़ा होने पर सारा शरीर पीड़ा पाता है
उसी प्रकार हम भी एक दूसरे के दुख सुख में साथी होंगे
एक के कष्ट में सभी वेदना का अनुभव करेंगे
और संकट मिटाने के लिये तत्पर होंगे

सब सम्पन्न हों और सभी नीरोग हों
सब अच्छाई देखें और किसी पर दुख न पड़े
सब में आस्तिकता हो, सब ईश्वर भक्त हों
सब भाईचारे से भरे हों और पराये दुख में दुख अनुभव करें
संसार से अन्याय की परम्परा मिट जाय
न कोई सताया जाय और न कोई सताये
परमात्मा मेरी इस प्रार्थना को स्वीकार करे
और सबको सन्मति दे जिससे हम सब की कार्य सिद्धि हो
दो हजार पाँचसौ वर्षों की समाप्ति पर
आर्यों के श्रेष्ठ वंश के राज्य की स्थापना के उत्सव पर
श्रीमान् शाहंशाह की सेवा में
मुझ धर्मेन्द्रनाथ की यह श्लोकाञ्जलि समर्पित है

मैं शिष्टाचार का सौन्दर्य नहीं जानता ।
आपके दरबार के योग्य बिलकुल नहीं जानता ॥
किन्तु रक्त और हृदय का सम्बन्ध मुझ से कहता है ।
'आप हमारे हैं'—मैं इतना ही जानता हूँ ॥

तक़दीम

इमरोज़ सौगन्द मी ख़ुरेम् कि मा आर्याहा बुर्दाए कसे न ख़्वाहेम् शुद ।
व दर मसाइब बा यक दीगर यावरी ख़्वाहेम् शुद ॥
साकिनाने हर सू व हमा ग़ैर आर्याहा ।
व बदख़्वाहाने आर्याहा व हमा ख़ूंख़्वारान् ॥
व क़ातिले मासूमान् व हमा मुनकिरान् ।
व हरीसानो आमिलाने क़ानूने माहियान् बिशिनवन्द ॥
ब निज़्दे आर्यमेहर सौगन्द मी ख़ुरेम् ।
कि हर कस दरमियाने मा क़स्दे निफ़ाक़ कुनद कामयाब न ख़्वाहद शुद ॥
चूनां ख़ारे कि हर गाह दर उज़्वे पैदा शवद ।
तमाम जिस्म रा ब दर्द आवरन्द ॥
आज़ारे यके अज़ मा, आज़ारे हमाए मा ख़्वाहद बूद ।
व दर दफ़ए आं आज़ार मा हमा कोशा ख़्वाहेम् बूद ॥

हमा ख़ुश बाशदो बे आज़ार ।
हमा ख़ुशबीं बाशन्दो कस आज़ुर्दा मबाद ॥
हमा फ़रमांबरदारन्दो ख़ुदापरस्त ।
हमा पुर अज़ रूह बिरादरी व हमदर्दे यक दीगर ॥
ता ख़ात्मा यावद अज़ जहान रस्मे बेदादी ।
नै कस मज़लूम बाशदो नै कस सितमपेशा ॥
ईं दुआए मन् दर बारगाहे ऐज़द तआला मक़बूल बाद ।
व ऐज़द तआला मारा ख़िरदे अता कुनद कि कामयाब बाशेम् ॥
दर ईं फ़ुरसते जश्ने फ़र्ख़ुन्दाए दू हज़ारो पानसद साल ।
व बियानगुज़ारीए शाहन्शाहीए ईरानो आर्यान् ॥
ब पेशगाहे आर्यमेहर पेशकश बाद ।
अज़ सूये धर्मेन्द्रनाथ ईं हदियाए अशआर ॥

हुस्ने आदाबे मन् न मी दानम् ।
लायक़े दरगहत न मी दानम् ॥
रिश्तए ख़ूनो दिल मरा गोयद ।
तोई अज़ मा, जुज़ ईं न मी दानम् ॥

تقدیم

امرور سوگند میحوریم که ما آریاها برده کسی حواهیم شد
و در مصائب با یکدیگر یاوری حواهیم کرد
ساکنان هر سو و همه غیر آریاها
و بدحواهان آریاها و همه حونحواران
و قاتل معصومان و همه منکران
و حریصان و عاملان قانون ماهیان بشنوند
به نرد آریا مهر سوگند میحوریم
که هر کس درمیان ما قصد نفاق کند کامیاب حواهد شد
چونان حاری که هرگاه در عضوی پیدا شود
تمام جسم را بدرد آورد
آرار یکی ار ما آرار همه ما حواهد بود
و در دفع آن آرار ما همه کوشا حواهیم بود

همه حوش باشد و بی‌آرار
همه حوشبین باشند و کس آررده مباد
همه فرمانبردارند و حدا پرست
همه پر ار روح برادری و همدرد یکدیگر
تا حاتمه یابد ار جهان رسم بیدادی
نه کسی مظلوم باشد و نه کسی ستم پیشه
این دعای من در بارگاه ایزد تعالی مقبول باد
و ایزد تعالی ما را خردی عطا کند تا کامیاب باشیم
در این فرصت جشن فرخندهٔ دو هزار و پانصد سال
بنیانگذاری شاهنشاهی ایران و آریان
به پیشگاه آریا مهر پیشکش باد
ار سوی دهرمیندر ناته این هدیه اشعار

حسن آداب من نمی‌دانم
لایق در گهت نمی‌دانم
رشته حون و دل مرا گوید
تو ای ار ما، جز این نمی‌دانم

प्रस्तावना

पुण्यस्मरण

मेरे पिता स्वर्गीय श्री पुरुषोत्तमलालजी मेरे दिन रात के शिक्षक थे। उनके समझाने का ढंग ऐसा था कि उससे स्वत ही अध्ययन और स्वाध्याय की ललक लगने लगती थी। मेरा सौभाग्य था कि मुझे अपने पितृपाद जैसे उद्भट विद्वान् और शिक्षक-पिता मिले।

पिताजी को सप्रमाण बात कहना अच्छा लगता था। किसी बात के समर्थन में वे कभी व्यास का, कभी चाणक्य का, कभी सादी का उद्धरण देते और उन्हें बड़े ही आदर से स्मरण करते। कभी कहते—'सुनो! गुरुओं के गुरु व्यास जी महाराज क्या कहते हैं, कभी कहते—देखो! चाचा सादी क्या कहते हैं!' मेरी माता यह सुनकर कहा करती—'ये मुसलमान तुम्हारे चाचा कहाँ से हो गये!' पिताजी हँसकर टाल देते। एक बार मैंने जब माँ की बात दुहराकर उन्हें टोका तो उन्होंने मुझे समझाया—'सादी, व्यास, पाणिनि और चाणक्य जैसे महापुरुष सारी मानवता के गुरु हैं, इनके प्रति अपनी भक्ति प्रकट करना और इनको प्रेम, श्रद्धा और अपनेपन से स्मरण करना इनका सच्चा श्राद्ध है।' सुनो! आँ हज़रत ने क्या खूब कहा है—'यह मत देखो कि कौन कहता है, बल्कि देखो क्या कहता है। शेख सादी मेरे ही नहीं सभी के चाचा हैं—तुम्हारे भी हैं।' इस प्रकार मुझे विदुर और सादी की सूक्तियाँ बचपन से ही याद होने लगीं।

फ़ारसी भाषा पर पिताजी का बड़ा अनुराग था। मुझे भी वे फारसी पढ़ाना चाहते थे, लेकिन मैं तब संस्कृत में उलझा था। वे प्राय कहा करते थे कि यदि सारे एशिया की भाषाओं पर अधिकार चाहते हो तो फारसी पढ़नी पड़ेगी। बिना फारसी पढ़े अच्छी संस्कृत नहीं आ सकती। मैं तब यह नहीं समझता था। अब मैं यह कह सकता हूँ कि फारसी पढ़े बिना वैदिक भाषा का विद्वान् नहीं हुआ जा सकता। पिताजी कुर्दिश, ताजिक, उज़बेक आदि फारसी मूलोद्भव भाषाओं के भी अधिकारी विद्वान् थे। संस्कृत के प्रति उन्हें कम प्रेम नहीं था लेकिन वे एक भाषा से प्रेम का अर्थ दूसरी भाषा से द्वेष नहीं लगाते थे। वे तो सभी भाषाओं में सरस्वती के दर्शन करते और चाणक्य का यह श्लोक सुनाकर हमें भी प्रेरित करते थे—

गीर्वाणवाणीषु विशिष्टबुद्धिस्तथापि भाषान्तरलोलुपोऽहम्।
यथा सुधायाममरेषु सत्यां स्वर्गाङ्गनानामधरासवे रुचि ॥

(यद्यपि मेरी संस्कृत में विशेष रुचि है फिर भी मैं दूसरी भाषाओं का लोभी हूँ। जैसे स्वर्ग के देवताओं को अमृत में प्रेम होने पर भी अप्सराओं के अधरासव में रुचि रहती है)

लेकिन तब मुझे इतनी समझ नहीं थी। पर, शास्त्रों में कहा है कि वर्षा काल में जो बीज बिना उगे रह जाते हैं वे शरद् में भी उग सकते हैं।

(देवे वपत्यपि यथा भूमौ बीजानि कानिचित्।
शरदि प्रतिरोहन्ते तथा पूर्वगुणादय ॥)

इसी न्याय से मेरे फ़ारसी के अनुराग का बीज देर से उगा है। इसे पिताजी के प्रौढ ज्ञान की धारा में स्नान का अवसर नहीं मिला, शैशव की शिक्षणग्राह्यता की अनुकूल ऋतु नहीं मिली लेकिन यह पल्लवित हुआ जरूर। मैंने अपने पुत्रों को भी स्कूली विषयों के अतिरिक्त फारसी पढ़ाई है। यही मेरा पिताजी के प्रति श्राद्ध है।

मैंने कुछ वर्षों पूर्व गुरु गोविन्द सिंह के जफरनामा का संस्कृत श्लोकों में अनुवाद किया था। उसकी भूमिका के लिये मैं तत्कालीन राष्ट्रपति डा० जाकिर हुसैन से मिला। उन्होंने कृपा पूर्वक उसकी भूमिका लिखी और मुझसे यह वचन ले लिया कि मैं गुलिस्ताँ और शाहनामा का फ़ारसी से संस्कृत में अनुवाद करूँ। आज गुलिस्ताँ पूर्ण हो चुका है लेकिन डा० साहब हमारे बीच में नहीं हैं। शाहनामा का अनुवाद कार्य चल रहा है। यह साठ हज़ार श्लोकों का विशालकाय ग्रंथ है। समय कम है और विघ्न बहुत हैं। लेकिन आशा है कुछ ही वर्षों में मैं यह पूर्ण कर लूँगा और डाक्टर साहब को दिये गये वचन से उऋण हो सकूँगा।

प्रवेश

प्रस्तुत ग्रन्थ शेख मुस्लिहुद्दीन सादी की अपूर्व कृति है। यह 'पञ्चतन्त्र' की शैली का नीतिग्रन्थ है। इसकी भापा भी 'पञ्चतन्त्र' की भापा की तरह गद्य-पद्यमय है। मैंने गद्य भाग का अनुवाद गद्य मे और पद्य भाग का अनुवाद पद्य में किया है।

सस्कृत गद्य लिखना पद्य लिखने की अपेक्षा कठिनतर है। मुझे पहले एक शैली का चुनाव करना था। क्या मैं 'कादम्बरी'कार की कठोर, क्लिष्ट और निर्विराम रचना को अपना आदश रखू या 'अभिज्ञानशाकुन्तल' की जैसी अर्थगभ शैली अपनाऊँ। अथवा 'दशकुमार चरितम्' जैसी ललित भापा का आश्रय लूं या व्यास और वाल्मीकि की आर्पभापा पद्धति का अनुसरण करूँ। अथवा गुप्तकालीन भाणो की बोलचाल की लच्छेदार भापा को आदर्श मानू। कई वार मैंने अलग अलग ढगो से लिखकर देखा। अन्त मे मैंने पाया कि 'पञ्चतन्त्र' की भापा शैली ही इसके लिये अधिक उपयुक्त है। लेकिन 'पञ्चतन्त्र'कार को जितनी स्वतन्त्रता और सुविधा थी उतनी मुझे नहीं थी। 'पञ्चतन्त्र' मौलिक कृति है जव कि मेरी कृति अनुवाद है।

वस्तुत अनुवाद कार्य मौलिक लेखन की अपेक्षा अधिक दुष्कर है। मौलिक लेखक को जो स्वतन्त्रता प्राप्त है वह अनुवादक को दुर्लभ है। अनुवादक को पहले मूल भापा को अलकार, अनुप्रास, मुहावरे आदि से अनावृत करना पडता है, फिर उसे अनुवाद की भापा के परिधानो और अलकारो से सज्जित करना पडता है। और फिर शर्त्त यह कि इस प्रकार मूल भापा की विशेपता और स्वरूप भी अक्षुण्ण रहना चाहिये और अनुवाद की भापा दुरुह और वोझिल भी नही होनी चाहिये। मेरा कार्य तो और भी कठिन था। मैंने चेप्टा की है कि दोनो भापाओ में जो समानता है उसकी रक्षा करते हुए जहां तक सम्भव हो तुल्यवल और तुल्यस्वरूप शब्द ही रखे जॉय। इसके साथ साथ मेरी यह भी चेप्टा रही है कि सस्कृत का स्वाभाविक स्वरूप और प्रवाह भी अप्रतिहत रहे। मैं इसमें कहां तक सफल हुआ हूँ इसका निर्णय तो सुधीजन ही करेगें।

गुलिस्तान की पृष्ठभूमि और प्रभाव

शेख सादी फारसी भापा के प्रधान शैलीकारो में अन्यतम है। सक्षेप में अर्थगर्भ वात कहना, इनकी विशेपता है। इनकी भापा मुहावरेदार और अनुप्रासमयी है। फारसी के साथ साथ अरवी भापा पर भी आपको अधिकार था। इसलिये आपकी भापा में अरवी का पुट विशेप मिलता है। सादी का युग अरव प्रभाव का युग था। अरवी धर्म, अरवी सस्कृति और अरवी भापा ईरान पर छाये हुए थे। जो अरवी जानते थे वे ही समाज में पण्डित माने जाते थे। अरवी कहावतो और सूक्तियों को सादी ने जगह जगह अपने ग्रन्थ में स्थान दिया है और उनका उल्लेख वडे सम्भ्रम से किया है—'जैसा कि अरव कहता है,' अरव कहता है अर्थात् अरवी कहावत है। और जव अरव कहता है तो लोग मान लेते थे कि वात प्रामाणिक है।

सादी अरवी रग में गहरे रँगे हुए हैं। अरव लोग ईरानियो को 'अजमी' कहते हैं, जिसका कि अर्थ विदेशी और गूगा है, तो सादी भी अपने देश को 'अजम' और स्वदेशवासिया को 'अजमी' ही कहते हैं। भारत में अग्रेज़ी शासन के समय जव अग्रेज़ अपने देश वापिस जाते थे तो कहते थे—'मैं होम जा रहा हूँ।' उन्ही की देखा-देखी जव भारतीय इगलैंड जाते तो वे भी कहते—'मैं होम जा रहा हूँ।' जव कि वे वास्तव मे 'होम' से जा रहे होते थे। लेकिन तव जो अग्रेज़ का होम था वही शिक्षित और आलोकप्राप्त भारतीय का भी होम था। सादी ने अरव के सुप्रसिद्ध निज़ामिया विश्वविद्यालय में शेख अवु'ल फर्ज़ विन जौज़ी से शिक्षा पाई थी। वे अपने समय के अत्यन्त शिक्षित और आलोकप्राप्त विद्वान् थे इसलिये उन्होंने भी अपने देश को अरवो के ढग से 'विदेश' कहा है। कावा उनके लिये कावाए जलालश् है। जिसकी उन्होंने अनेक वार यात्रा की है (अध्याय २, कथा २-३-१०-२५-२६ आदि)। वे शामी लोगो के साथ उनकी भापा मे वहस करने का गर्व से उल्लेख करते हैं (अध्याय ६, कथा १)। वे वार वार अपने अरव देशो की मस्जिदो में होने का उल्लेख करते हैं (अध्याय १, कथा १०, अध्याय २, कथा १०—३१, अध्याय ३, कथा १८)। उनकी कथा का राजा अरवी है और दास अजमी (ईरानी) (अध्याय १, कथा ७)। उन्होंने मुसलमान शब्द का सज्जन के रूप में प्रयोग किया है और अरव शब्द का श्रेष्ठ के रूप में। उन्होने इस्लामी परम्परा के अनुसार मूसा और ईसा का उल्लेख तो आदर से किया है लेकिन मूसा और ईसा के अनुयायियो को वे अरवो के ढग से हीन समझते हैं (ईसाई के कुँए का पानी अशुद्ध है मगर उससे यहूदी का मुर्दा तो धुल ही सकता है—अध्याय ३, कथा २०)। वे यहूदी के पडोस को वुरा समझते हैं और उसके पडोस में स्थित होने के कारण एक मकान की कीमत खोटे दस रुपये समझते है। हाँ, यदि यहूदी पडोसी मर जाय तो उसी मकान को एक हज़ार रुपये के योग्य समझते हैं (अध्याय ४, कथा ९)। वे एक वार फिरगी क्रूसेडरों के द्वारा पकड लिये गये थे जिन्होंने सादी को यहूदियो के साथ तरावुलुस की खानो में काम पर लगा दिया था। आश्चर्य की वात यह है कि सादी

को फिरंगियों के व्यवहार से शिकायत नहीं है। उन्हें शिकायत है यहूदियों के साथ रखे जाने से, जिनको कि वे मनुष्य नहीं समझते (अध्याय ३, कथा ३१)। वे यहूदी को शरीफ मानने को तैयार नहीं हैं चाहे उसके घर की देहली सोने की क्यों न हो और उसमें चांदी की कील ही क्यों न ठुकी हो।

(गर आस्तानए सीमी व मेखे जर दारद।
गुमाँ मबर कि यहूदी शरीफ ख्वाहद शुद॥)

ईसाइयों और यहूदियों जैसी ही घृणा सादी को भारतीय अग्निपूजकों से है। उन्होंने अग्निपूजकों (गब्र) और नास्तिकों (तरसों) को एक कोटि में रखा है। (गब्रो तरसा वजीफा खुर दारी)—(मुकद्दमए गुलिस्तान)। 'यदि सौ साल भी गब्र आग को पूजता रहे तो भी अग्नि उसे जलाये बिना नहीं छोड़ती (अध्याय १, कथा १६)। हिन्दू शब्द का प्रयोग सादी ने डाकू के रूप में किया है *, और हब्शियों का उल्लेख भी बड़े अपमानजनक ढंग से किया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि अरब प्रभाव के कारण इतर धर्मावलम्बियों के लिये सादी का दृष्टिकोण अनुदारता से और घृणा से भरा हुआ है। जो अरबों के घृणापात्र हैं वे सादी के भी घृणा पात्र हैं। सादी की दृष्टि में श्रेष्ठ जाति केवल एक थी और वह थी अरब जाति। वस्तुत, अरबी प्रभाव ने उस समय समस्त मुस्लिमों को अभिभूत कर रखा था। मोरक्को से पंजाब तक लोग अरबी दिखने में और अरबी बोलने में गर्व अनुभव करते थे और शेख सादी इसके अपवाद नहीं थे।

सादी पर अरब संस्कृति का एक दूसरा अनिष्ट प्रभाव समलिंग रति के रूप में दिखाई पड़ता है। उन्होंने प्रेम और यौवन के अध्याय (पाँचवाँ अध्याय—दर इश्क व जवानी) में नर-नारी के सहज आकर्षण का उल्लेख उतना नहीं किया, जितना कि नर से नर के प्रेम का उल्लेख किया है। इसकी पहली कथा में सुल्तान महमूद का अपने गुलाम अयाज से प्रेम का उल्लेख है। दूसरी कथा में किसी गृहस्थ की अपने गृहदास के प्रति आसक्ति का वर्णन है। तीसरी कथा में किसी साधु की किसी किशोर के प्रति आसक्ति का वर्णन है। चौथी कथा में किसी सामान्यजन का किसी राजकुमार पर आसक्त होने का वर्णन है। पाँचवीं कथा का विषय किसी अध्यापक का किसी रूपवान छात्र के प्रति प्रेम है। कथा ६, ७, ८, ९, १०, १३, १६, १७ में सादी का अपने किशोर मित्रों के साथ प्रेमसम्बन्धों का वर्णन है। १९वीं कथा में किसी काजी का किसी नालबन्द के लड़के से दुराचार करने का उल्लेख है। इस प्रकार बीस कथाओं वाले इस अध्याय में, चौदह कथाओं में, उस 'शौके ईराकी' को महिमामण्डित किया गया है जो भारतीय दृष्टि से अग्राह्य, अश्लील और अप्राकृतिक है। अनुवादक का दायित्व निर्वाह करते समय मुझे कई बार सोचना पड़ा कि इस अध्याय का और दूसरे अध्यायों में यत्र तत्र बिखरी ऐसी कथाओं का अनुवाद करूँ या न करूँ। अन्त में, ज्यों का त्यों अविकल अनुवाद कर देना ही मुझे उचित लगा। मैं पहले ही कह चुका हूँ कि अनुवादक का काम बहुत कठिन है।

अनुवादकों का संकट

सादी की, समलिंग रति और आसक्ति का वर्णन सभी अनुवादकों को जुगुप्साजनक लगा है। किसी ने किशोर प्रियपात्र को किशोरी प्रियतमा बनाकर सुरुचि का निर्वाह किया है, तो किसी ने उसका अनुवाद इतना दुरूह कर दिया है कि उसे कोई समझे कोई न समझे। अधिकांश ने इस अध्याय को बिना छुए ही छोड़ दिया है।

एक अनुवादक Francis Gladwin के अनुवाद में प्रियपात्र को प्रेयसी बना दिया गया है। उसके अनुवाद की एक बानगी इस प्रकार है—

They tell a story of a Kazi of Hamdan that he was enamoured with a ferrier's beautiful daughter to such a degree, that his heart was inflated by his passion, like a horseshoe red hot in a forge For a long time he suffered great inquietude, and was running about after her in the manner which has been described 'That stately cypress coming into my sight, captivated my heart and deprived me of my strength, so that I lie prostrate at her feet '

---

* वास्तव में हिन्दू शब्द का प्रयोग उस समय पठानों के लिये होता था। सादी के समय तक भारत और अफगानिस्तान के निवासी हिन्दू नाम से पुकारे जाते थे। ये पार्वतीय हिन्दू (आज के अफगान) पाणिनि के समय से ही लूटमार का धंधा करते थे।

ग्लैडविन की ही भाति एक और प्रसिद्ध अनुवादक जेम्स रौस ने भी लडके को लडकी बनाकर काम चलाया है। एक और अनुवादक जौन प्लैट्स ने अश्लील अशो का अनुवाद अंग्रेजी मे न करके लैटिन में किया है। इससे अनुवादक के कर्त्तव्य का निर्वाह भी हो गया और तत्कालीन सुरुचि की रक्षा भी हो गयी।

रौस का लैटिन अनुवाद देखिये—

ज़ोर बायद नं ज़र कि बानू रा।	*Robur requiritur, non aurum, quia herae*
गुर्ज़े सख्त बिह् जि दह् मन गोश्त ।।	*Gratior est venus, quam croesi opes*

रौस ने तो केवल इसी अश के लिये लैटिन का आश्रय लिया है। जबकि प्लैट्स ने सर्वत्र ऐसे प्रसगो के लिये लैटिन के आवरण का उपयोग किया है। इसी के लिये प्लैट्स का अनुवाद देखिये—

Vigour is wanted, not gold, *a mulier,*
Turgidus penis praefertur corporis molli

प्लैट्स के कुछ दूसरे अनुवाद इस प्रकार हैं—

शुनीदा अम् कि दर ईं रोज़हा कुहन पीरे।	I have heard that in these days a very old man
ख़याल बस्त ब पीराना सर कि गीरद जुफ्त ।।	Took it into his old head that he would take a mate
बिख्वास्त दुख्तरके खूबरूय गोहर नाम।	He married a lovely young virgin Pearl by name
चु दुर्जे गौहरश् अज़ चश्मे मर्दुमां बिनिहुफ्त ।।	And like a casket of pearls, he hid her from men's eyes
चुनांकि रस्मे अरूसी बुवद—तमाशा बुद।	*Quia est nuptiarum usus vetulus coire cupuit,*
वले ब हमलाए अव्वल असाए शैख़ बिखुफ्त ।।	*Sed primo impetu eius penis rursum flexus est*
कमा कशीदो न ज़द बर हदफ कि न तवां दोख्त।	*Arcum adduxit, sed scopum ferire impar fuit impossibile enim est penetrare,*
मगर ब सूज़ने पूलाद जामाए हगुफ्त ।।	*Vestimentum solido panno textum nisi acu chalybeo*
ब दोस्तां गिला आगाज़ कर्दो हुज्जत ख़ास्त।	He began complaining to his friends and sought for pretexts,
कि ख़ानो माने मन् ईं शोख़ दीदा पाक बरुफ्त ।।	Saying—'This bold faced hussy has made a clear sweep of all my property
मियाने शौहरो ज़न जगो फित्ना ख़ास्त चुनी।	Between husband and wife strife and discord arose, to such a degree
कि सर ब शहना ओ काज़ी कशीदो सादी गुफ्त ।।	That the case reached the head of the police and the Kazi and Sadi said,
पस अज़ मलामतो शुनअत गुनाह् दुख्तर चीस्त ?	After reproving and abusing (the husband) what is the girl's fault?
तुरा कि दस्त ब लरज़द गुहर चि दानी सुफ्त ?	Thou whose hand trembleth, what shouldst thou know about piercing a pearl?

एक और अश देखिये—

जवाने सख्त पै बायद कि अज़ शहवत बिपरहेज़द।	A young man who is strong in the loins, should abstain from carnal desire
कि पीरे सुस्त रगबत रा ख़ुद आल्त बर न मी ख़ेज़द ।।	*Etenim penis vetuli segni libidine praediti sponte sua non surget*

एक और प्रसग में प्लैट्स ने पूरी तरह् अर्थ को लैटिन से ढक दिया है—

रुबाई	Quatrain
ज़न क'ज़ बरे मद बेरज़ा बर ख़ेज़द।	*In qua domo mulier insatiata a mariti latere surgit,*
बसे फित्ना आं शोर ज़ां सरा बर ख़ेज़द ।।	*In ea haud exigua dissensio et perturbatio exorietur*
पीरे कि ज़ि जाये ख़ेश न तवानद ख़ास्त।	*Qui vetulus non potest e sede surgere,*
इल्ला ब असा कयश् असा बर ख़ेज़द ।।	*Nisi virga adjuvante eius virga quo modo surget?*

शेर	Poetry
लम्मा रअत बैन यदे बालिहा।	*In adversa mariti parte conspiciens*
शैयन् क'रख्वा शफतिस्साइमि ।।	*Rem flaccissimo jejuni viri labro similem,*
तक़ूलु हज़ा मअहु मय्यिति।	*Mulier, 'Ista' inquit, 'Quae huic est res mamma est*
व'नम'यक़ीयतु लि'न्नाइमि ।।	*Sed nonnisi fascinum dormitoris proprium est'*

हिन्दी के अनुवादों में मुझे इलाहाबाद के बाबू बेनीप्रसाद का अनुवाद देखने को मिला है। उसमें ऐसे प्रसंगों को बिल्कुल ही छोड़ दिया गया है। मथुरा के बाबू हरिदास और श्री जगन्नाथ हिन्दी कोविद के अनुवाद भी बहुत प्रसिद्ध हैं। किन्तु मुझे वे देखने को नहीं मिल सके। इसलिये मैं नहीं जानता कि उन्होंने ऐसे उत्तानशृङ्गार प्रधान प्रसंगों का अनुवाद कैसे किया है। मुझे स्वयं ये प्रसंग रुचिकर नहीं हैं लेकिन अनुवाद कार्य को मैंने अपनी व्यक्तिगत रुचि-अरुचि के प्रश्न से अलग रखा है।

इन दो दोषों को छोड़ दिया जाय तो सादी की यह कृति पञ्चतन्त्र के जोड़ की है। स्मरण रहे पञ्चतन्त्र में भी यत्र तत्र अनेक अश्लील प्रसङ्ग हैं। उसमें भी स्त्रियों के लिये अपमान जनक सूक्तियाँ और श्लोक उपलब्ध होते हैं। लगता है, क्या ईरान और क्या भारत सभी जगह पुरुषों को अपने बारे में बड़ी गलतफहमी है। शेख सादी और पण्डित विष्णुशर्मा दोनों के विचार स्त्रियों के विषय में एक जैसे हैं। तुलना कीजिये—

मशवरत बा जनान् तबाह अस्त।
(आठवाँ अध्याय, ५३वाँ उपदेश)

महताप्यर्थं सारेण यो विश्वमिति शत्रुपु।
भार्यासु सुविरक्तासु तदन्त तस्य जीवितम्।। (पञ्चतन्त्र, मित्र भेद)

मर्दे बे मुरव्वत जन'स्त।
(आठवाँ अध्याय, ७८वीं युक्ति)

सादी का जीवन दर्शन

सादी के मत से भाग्य प्रधान है। 'भोग और मृत्यु प्रारब्ध के अधीन हैं।' भारत के भाग्यवाद से यह मत इतना मिलता है कि इसकी तुलना करने की आवश्यकता नहीं है।

सादी का मत है—

'दु चीज़ मुहाले अक्ल'स्त—खुरदन् बेश अज़ रिज़्क़े मक़सूम।
व मुरदन् पेश अज़ वक़्ते मअलूम।।' (अध्याय ८, युक्ति ७०)

'ऐ तालिबे रोज़ी बिनशीन कि बिखुरी।
व ऐ मतलूबे अजल मरो कि जान न बुरी।' (अध्याय ८, युक्ति ७१)

'ब नानिहादा दस्त न रसद।
व निहादा हर कुजा कि हस्त बिरसद।' (अध्याय ८, युक्ति ७२)

'सैयादे बेरोज़ी दर दज्ला माही न गीरद।
व माहीए बेअजल दर खुश्की न मीरद।' (अध्याय ८, युक्ति ७३)

सादी का एक शेर देखिये—

'दरां दम कि दुश्मन् पया पै रसीद।
कमाने कयानी न बायद कशीद।।'

और रहीम (अब्दुर्रहीम खानखाना) का एक दोहा भी देखिये—

'रहिमन नर को सह बड़ो, समय होत बलवान।
भीलन लूटीं गोपिका वेई अर्जुन वेई बान।।'

भाग्यवाद और जुआ में नज़दीकी रिश्ता है। चाहे हर भाग्यवादी जुए का शौकीन न हो लेकिन हर जुआ खेलने वाला भाग्यवादी होता है। सादी के समय में भी जुआ और गोटियों का खेल प्रचलित था। कुछ उदाहरण दृष्टव्य हैं—

मुक़ामिर रा सिह शश् मी बायद।
व लेकिन सिह यक मी आयद।।

शेर

हज़ार बार चरागाह खुशतर'ज़ मैदान।
वलेक अस्प न दारद ब दस्ते खेश इनान।। (अध्याय ८, युक्ति १०३)

शतरंज का खेल भी सादी के समय काफी लोकप्रिय था। प्रतीत होता है शेख सादी को इस खेल में निपुणता प्राप्त थी। प्रतिपक्षी से बहस के दौरान, तर्क के दाँव पेचों को, सादी शतरंज के खेल से उपमा देते हैं।

'हर बैज़के कि बरान्दे, मन् व दफ़ए ओं कोशीदमे।
व हर शाहे कि बिस्वान्दे, व फर्ज़ी निगोशीदमे॥' (अध्याय ७, अन्तिम कथा)

ईरान में शतरंज के मुहरे हाथी दाँत के बनाये जाते थे। सादी ने लिखा है कि पैदल हाजी शतरंज के पैदल आजी (हाथी दाँत के पैदल) से खराब होते हैं। शतरंज के आजी जब शतरंज का मैदान पार कर लेते हैं तो फर्ज़ी बन जाते हैं अर्थात् पहले से श्रेष्ठ बन जाते हैं, लेकिन जब पैदल हाजी, हज का मैदान पार कर लेते हैं तो ज्यादा बुरे बन जाते हैं (अध्याय ७, कथा १२)। यहाँ हाजी और आजी के अनुप्रास चमत्कार से, सादी के भाषा पर अधिकार का परिचय तो मिलना ही है, सादी की शतरंज प्रियता का परिचय भी इससे मिलता है।

भारत का उल्लेख

भारतवर्ष उस समय बढ़िया तलवारों और लोहे की चीज़ों के लिये प्रसिद्ध था। सादी ने अनेक स्थलों पर भारत के लोहे का उल्लेख किया है। एक स्थान पर वे कहते हैं कि 'एकेश्वरवादी मुसलमान के चरणों में चाहे सोना बिखेरो, या सिर पर हिन्दुस्तान की (आबदार) तलवार तानो वह विचलित नहीं होता' (अध्याय ८, कथा १०७)। एक अन्य प्रसंग में वे किसी दुनियादार धनिक के घर ठहरे जो दुनिया भर की व्यापारिक वस्तुओं को एक देश से दूसरे देश ले जाना, बेचना, और लाभ कमाना चाहता था। वह ईरानी गूगल चीन को, चीनी बर्तन रूम को, रूमी रेशम भारत को, भारतीय फौलाद की चीजें हलब को, हलब के प्याले यमन को और यमन का लहरिया फारस लाना चाहता था (अध्याय ३, कथा २१)। इससे ज्ञात होता है कि भारत में उस समय रूमी रेशम की बहुत माँग थी और भारत के लोहे और लोहे से बनी चीजों की अरब और ईरान की मण्डियों में अच्छी माँग और साख थी।

कल्पना और समाधान

इतिहास के आदिकाल से मानव, सृष्टि की हर चीज़ को जिज्ञासा से देखने परखने की चेष्टा करता रहा है। मनीषी जन उन जिज्ञासाओं और सम्प्रश्नों का समाधान भी, यथामति प्रस्तुत करते रहे हैं। नये समाधान आविर्भूत होते रहे हैं और नये समाधानों के साथ ही नये प्रश्न भी प्रसूत होते रहे हैं। न प्रश्नों का अन्त है न समाधानों की इति।

अनेक प्रश्नों के प्राचीन समाधान आज गलत, अवैज्ञानिक और निराधार सिद्ध हो गये हैं। लेकिन स्मरण रहे किसी समय वे समाधान ध्रुव सत्य की भाँति स्वीकार कर लिये गये थे। कभी हमारे पूर्वज समझते थे कि मोती का जन्म स्वाति नक्षत्र में, खुली सीप में वर्षा की बूंद गिरने से होता है। हजारों वर्षों तक यह जनश्रुति एक स्थापित सत्य की भाँति अनेक उदाहरणों और दृष्टान्तों का आधार बनी रही। आज यह बात निराधार मानी जाती है। हजारों ऐसी कल्पनाएँ अभी भी लोक मस्तिष्क में स्थापित हैं। चन्द्रमा में शशक की कल्पना, वर्षा ऋतु की बिजली में इन्द्र के वज्र की कल्पना, शेषनाग के फन पर पृथ्वी की अवस्थिति की कल्पना ऐसे अधसमाहित प्रश्नों की भारतीय कल्पनाओं में से कुछ एक हैं। ईरान में भी कुछ ऐसी ही कल्पनाएँ लोक विश्वास का आधार रही हैं। सादी ने भी उनमें से कुछ का उल्लेख करके उनके द्वारा शिक्षा दी है। ऐसी ही एक कल्पना है बिच्छू का माँ के गर्भ को फाड़कर जन्म लेना और जन्म लेते ही माँ को खा डालना। यह कल्पना सादी की अपनी नहीं है। उनके पूर्व भी यह जनश्रुति एक स्थापित और समाहित सत्य के रूप में जानी जाती रही है। सादी ने तो अपनी तरफ से केवल इतनी बात कही है कि जो माँ बाप के साथ दुर्व्यवहार करते हैं वे मातृहन्ता बिच्छू की तरह निरस्कृत होते हैं। इसमें शिक्षा सिद्ध है, दृष्टान्त असिद्ध। लेकिन दृष्टान्त के असिद्ध होने से शिक्षा और शिक्षा का प्रयोजन असिद्ध नहीं होता। ऐसी ही कुछ दूसरी कथाएँ सभी नीतिकारों के शिक्षाग्रन्थों में उपलब्ध होती हैं जिनका दृष्टान्त भाग असिद्ध हो चुका है। हमें उनमें से शिक्षामात्र ग्रहण करने को उद्यत होना चाहिये। सादी के समय में माना जाता था कि बदख्शाँ प्रदेश की मिट्टी में सामान्य पत्थर यदि कुछ साल गड़े रहें तो लाल मणि (माणिक्य) बन जाते हैं। आज यह बात भी असिद्ध हो चुकी है लेकिन इस दृष्टान्त के द्वारा जो शिक्षा दी गयी है वह स्थायी रहेगी।—

'संगे ब चन्द साल शवद लाल पाराए।
ज़िन्हार ता ब यक नफसश न शवनी बसाग॥'

ईरानी और भारतीय कथानकों की समानता

सादी की नीति कथाओं पर कुछ अत्यन्त प्रसिद्ध भारतीय कथाओं का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। ऐतरेय ब्राह्मण की एक प्रसिद्ध कथा है कि महाराज हरिश्चन्द्र को एक बार जलोदर रोग हो गया। इस रोग से मुक्ति पाने के लिये जब चिकित्सा से लाभ नही हुआ तो पण्डितों और पुरोहितों ने वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिये नर बलि की आवश्यकता सुझाई। कोई भी व्यक्ति राजा के लिये जान देने को राजी नहीं हुआ। अन्त मे एक ब्राह्मण सौ गायो के बदले अपना पुत्र बेचने के लिये राज़ी हो गया। अब प्रश्न हुआ कि इस बालक की बलि कौन दे। यहाँ भी सौ गायो के बदले पिता यह काम करने को तैयार होगया। इसी अवसर पर बालक शुन शेप के कण्ठ से वेदवाणी फूट पड़ी और वरुण की कृपा से उसके पाश कट गये। शुन शेप को ऋत्विक्त्व प्राप्त हो गया। हरिश्चन्द्र ने शुन शेप को छुड़वा दिया और उसे अनेक उपहार दिये। यह देखकर शुन शेप के पिता अजीगर्त्त ने पुत्र! पुत्र! कहकर शुन शेप के प्रति फिर प्रेम दिखाया। लेकिन शुन शेप पुन अपने स्वार्थी पिता के साथ जाने को तैयार नही हुआ। इसी कथा का शेखसादी ने गुलिस्ताँ के प्रथम अध्याय की २३वीं कथा में ईरानी रूप देकर प्रस्तुत किया है। ईरान और भारत की सस्कृति का उत्स एक है। इसलिये बहुत सम्भव है कि वेद पूर्व का यह कथानक शेख सादी के पूर्व भी ईरान की लोककथाओ में प्रचलित रहा हो। इसी प्रकार कुछ अन्य लोक श्रुतियाँ और भी हैं जो थोड़े अन्तर से ईरान और भारत दोनो देशो में प्रचलित है।

भारत में लोकश्रुति है कि सिकन्दर जब भारत आया तो उसने भारतीय योगियो और साधुओ से मिलने की इच्छा प्रकट की। लेकिन कोई साधु सिकन्दर को स्वय चलकर उपकृत करने नही गया। तब सिकन्दर स्वय एक भारतीय साधु के पास गया और उससे कुछ मांगने को कहा। साधु ने कहा जो कुछ मुझे चाहिये वह जगत के कृपा से मिल जाता है। सिकन्दर ने जब बार बार हठ किया तो साधु ने कहा—'यदि कुछ देना ही है तो मेरे पास खड़े होकर तुम जो परमात्मा की धूप रोक रहे हो, मुझे उसी का दान दे दो अर्थात् यहाँ से चले जाओ।' सिकन्दर लज्जित होकर वहाँ से चला गया। इसी कथा का ईरानी रूपान्तर प्रथम अध्याय की २९वी कथा में राजा का नाम लिये बिना गुलिस्ताँ में दिया गया है।

एक और लोककथा भारत के घरो में कही जाती है। बिल्ली ने शेर को निन्यानवे दाँव सिखाये पर एक दाँव बचा रखा। शेर जब सारे दाँव सीख चुका तो उसने बिल्ली से पूछा—'मौसी क्या अब और भी कोई दाँव बचा है।' बिल्ली के मना करने पर शेर ने बिल्ली पर ही हमला कर दिया। बिल्ली दौड़कर पेड़ पर चढ़ गयी। शेर ने पेड़ के नीचे से शिकायत की कि 'तुमने गुरु का कर्त्तव्य पूरा नहीं किया और मुझे सारे दाँव नहीं सिखाये। यह दाँव मुझे क्यों नहीं बताया?' बिल्ली ने ऊपर से ही जवाब दिया कि इसी दिन के लिये यह दाँव मैंने बचा रखा था। इसी बिल्ली और शेर की कथा को शेखसादी ने पहलवान गुरु शिष्य की कथा के रूप में गुलिस्ताँ के प्रथम अध्याय की २८वीं कथा में वर्णित किया है।

ईरान और भारत की अनेक कथाओं में जो समानता है वह कथा सग्राहकों के शोध का अलग विषय है। आशा है कोई उद्यमी साहित्य सेवी इस काम को हाथ में लेकर साहित्य की सेवा करेंगे। 'पञ्चतन्त्र और हितोपदेश' की शैली के अनुसार सादी ने भी पशुओं की बातचीत की उद्भावना से शिक्षा दी है। 'पञ्चतन्त्र' में शेर गीदड़ आदि पशुओं की बातचीत है तो शेख सादी ने सियाह गोश (जरख) से बातचीत के व्याज से उपदेश दिया है (अध्याय १, कथा १६)। प्रथम अध्याय की कथा १७ में एक लोमड़ी का उदाहरण दिया गया है जो बेगार से बचने के लिये लुकती छिपती भागी चली जा रही थी। किसी ने उससे पूछा कि तू ऐसी व्याकुल होकर क्यों भागी जा रही है तो उसने कहा कि आदि आदि।

सादी ने निर्जीव पदार्थों की भी आपस में बातचीत करवाई है। एक स्थल में, उन्होंने मिट्टी के ढेले से पूछा कि तू इतना सुगन्धित है, तू कस्तूरी से उत्पन्न है या अबीर से। मिट्टी के ढेले ने कहा—'हूँ तो मैं मिट्टी ही लेकिन कुछ दिन फूलों के साथ रह चुका हूँ। मेरे साथी की सगति ने मुझ पर प्रभाव डाला इसी से मैं इतना सुगन्धित हो गया हूँ।' *

एक और स्थल में (अध्याय २, कथा ४६) उन्होंने गुलदस्ते में लगी घास से पूछा कि—'फूलों के साथ तू यहाँ कैसे आ बैठी? फूलों के बीच तेरा क्या काम?' घास ने कहा—'जिसके बाग के फूल हैं मैं भी उसी के बाग की घास हूँ। गुणहीन और गन्धहीन हूँ तो क्या, हूँ तो उसी के बाग की।'

द्वितीय अध्याय में ही ४१वी हिकायत की मजूषा में सादी ने शाही झण्डे और शाही पर्दे के बीच में एक झगड़े की बात चलाई है। झण्डा और पर्दा झगड़ते हैं और एक दूसरे से विवाद करते हैं। इन दो निर्जीव पदार्थों के झगड़े के द्वारा सादी ने गर्व करने वालों को शिक्षा दी है कि जो अपना मुह आकाश में रखता है और गर्दन कड़ी करता है वह मुह के बल गिरता है।

---

* चाणक्य के श्लोक के कथानक से तुलना कीजिये—'आमोद कुसुमभव मृदेव धत्ते, मृद्गन्ध कुसुमानि नैव धारयन्ति।'

गुलिस्तां और पञ्चतन्त्र

'पञ्चतन्त्र और गुलिस्तान' का विषय एक ही है, दोनों की शैली भी गद्य और पद्यमय एक जैसी है। दोनों के पद्यों का वर्ण्य विषय भी एक दूसरे से इतना मिलता जुलता है कि एक के सामने दूसरा रख दे तो लगता है जैसे एक ही लेखक ने एक ही बात को दो अलग अलग भाषाओं में कहा हो। तुलना कीजिये—

'ज़मीने शोर सुम्बुल वर नयारद।'	'नहि तस्मात् फलं किञ्चित् सुकृष्टादूपरादिव।'
'म जन वेतअम्मुल विगुफ्तार दम।'	'युक्तं न वा युक्तमिदं विचिन्त्य वदेद् विपश्चिन् महतोऽनुरोधात्।'
'इल्म चन्दांकि वेशतर ख्वानी। चुं अमल दर तो नेस्त नादानी॥ नै मुहक्किक बुवद नै दानिशमन्द। चारपाये वरू किताबे चन्द॥ आं तिही मग्ज़ रा चि इल्मो खवर। कि वरू हैज़म'स्त या दफ्तर॥'	'यथा खरश्चन्दनभारवाही भारस्यवेत्ता न तु चन्दनस्य। एवं हि शास्त्राणि बहून्यधीत्य चार्थेषु मूढा खरवद् वहन्ति॥ (चरक)
'हुनर विनुमा अगर दारी नै गोहर। गुल'ज़ खार'स्तो इब्राहीम अज़ आज़र॥'	'कौशेयं कृमिजं सुवर्णमुपलाद्दूर्वापि गोरोमतः। पङ्कात्तामरसं शशाङ्क उदधेरिन्दीवरं गोमयात्॥ काष्ठादग्निरहेः फणादपि मणिर्गोपित्ततो रोचना। प्राकाश्यं स्वगुणोदयेन गुणिनो गच्छन्ति किं जन्मना॥'
'आकवत गुर्ग ज़ादा गुर्ग शवद। गर्चे वा मर्दुमां वुज़ुर्ग शवद॥'	'वयसः परिणामेऽपि यः खलः खल एव सः। सुपक्वमपि माधुर्यं नोपयातीन्द्रवारुणम्॥'
'अन्नासु अलादीनि मुलूकिहिम्।'	'राज्ञि धर्मिणि धर्मिष्ठाः पापे पापाः समे प्रजाः। राजानमनुवर्तन्ते यथा राजा तथा प्रजाः॥'
'जवाने सख्त पै वायद कि अज़ शहवत विपरहेज़द। कि पीरे सुस्त रगवत रा खुद आलत वर न मी खेज़द॥'	'पूर्वे वयसि यः शान्तः स शान्त इति मे मतिः। धातुषु क्षीयमाणेषु शमः कस्य न जायते॥'
'चु जग आवरी वा कसे दर सतेज़। कि अज़ वै गुज़ीरत वुवद या गुरेज़॥'	'यत्र न स्यात् फलं भूरि यत्र च स्यात् पराभवः। न तत्र मतिमान् युद्धं समुत्पाद्य समाचरेत्॥' अथवा 'भूमिर्मित्रं हिरण्यं च विग्रहस्य फलत्रयम्। नास्त्येकमपि यद्येषां न तं कुर्यात् कदाचन॥'
'दरख्ते कि अकनूं गिरिफ्त'स्त पाय। व नीरू ए शख्से वर आमद ज़ि जाय॥ वगर हमचुनां रोज़गारे हिली। व गरदूनश् अज़ वेख वर न गुसिली॥'	'जातमात्रं न यः शत्रुं व्याधिं च प्रशमं नयेत्। महाबलोऽपि तेनैव वृद्धिं प्राप्य स हन्यते॥'
'दानी कि चि गुफ्त ज़ाल वा गुर्द। दुश्मन् नतवां हक़ीरो वेचारा शुमुद॥'	'उत्तिष्ठमानस्तु परो नोपेक्ष्यः पथ्यमिच्छता।' अथवा 'उपेक्षितः क्षीणबलोऽपि शत्रुः प्रमाददोषात् पुरुषैर्मदान्धैः। साध्योऽपि भूत्वा प्रथमं ततोऽसावसाध्यतां व्याधिरिव प्रयाति॥'
'गर्चे दानी कि नश्नवन्द विगो।'	'प्रियं वा यदि वा द्वेष्यं शुभं वा यदि वाऽशुभम्। अपृष्टोऽपि हितं वक्ष्येद् यस्य नेच्छेत् पराभवम्॥' अथवा 'अशृण्वन्नपि बोद्धव्यो मन्त्रिभिः पृथिवीपतिः।'

'जवाने गोशानशीं शेरमर्दे राहे खुदा'स्त।
कि पीर खुद न तवानद जि गोशाए बर खास्त॥'

'पादशाहे कि तरहे जुल्म फिगन्द।
पाये दीवारे मुल्के खेश बिकन्द॥'

'हर कि बा पूलाद बाजू पंजा कर्द।
साअदे सीमीनी खुद रा रंजा कर्द॥'

'कि आजुर्दन् दिले दास्तां जेहल'स्त,
व सफफास्ते यमीन सहर।'

'व चिराग पेशे आफ्ताब परतवे न दारद।'

'हमा कस रा अक्ले खुद ब कमाल नुमायद।'

'चू मर्द बर फ्तादं जि जाया मकामे खेश।
दीगर चि ग़म खुरद हमा आफ़ाक़ जाये ऊस्त॥'

'जगो जोरावरी मकुन बा मस्त।
पेशे सर पंजा दर बग़ल निह दस्त॥'

'कूदके कू ब अक्ल पीर बुवद।
निस्दे अहले खिरद कबीर बुवद॥'

'अस्पे लाग़र—मियां बकार आयद।
रोजे मैदां नै गावे परवारी॥'

'पिश्शा चु पुर शुद बिज़नद पील रा।
बा हमा मर्दी ओ सलाबत कि अस्त॥
मोरचगां रा चु बुवद इत्तिफ़ाक़।
शेरे ज़ियां रा बदरांनन्द पोस्त॥'

'दोस्तां दर जिन्दां बकार आयन्द कि बर
सुफ़रा हमां दुश्मनां दोस्त नुमायन्द।'

'अज बदां जुज बदी नयामाज़ी।
न कुनद गुग पोस्तीदाज़ी॥'

'न खवद मेखे आहनी दर संग।'

'ता व दूकाने खाना दर गिरवी।
हरगिज़ ऐ खाम आदमी न शवी॥'

'गर व ग़रीबी रवद अज़ शहरे खेश।
सख्ती आ मिहनत न बुरद पारादोज़॥
वर व मगरबी फितद अज ममलेकत।
गुरस्ना खुस्पद मलिके नीमरोज़॥'

'पूर्वे वयसि य शान्त स शान्त इति मे मतिः।
धातुषु क्षीयमाणेषु शमः कस्य न जायते॥'

'नानानुग्रहकर्तार प्रवर्धन्ते नरेश्वराः।
नाशाना मक्षयाच्चैव क्षय यान्ति न सशय॥'

'यो रणात् प्राप्नत याति शिरस्तु मस्तकाग्यरिम्।
विमद स निवर्तेत शीर्णदन्तो गजो यथा॥'

'अपि ब्रह्मवध कृत्वा प्रायश्चित्तेन शुध्यति।
तदर्हेण विचीर्णेन न कथञ्चित् सुहृद्द्रुह॥'

'गुणवत्तरपात्रेणच्छाद्यन्ते गुणिना गुणा।
रात्रौ दीपशिखाकान्तिर्न भानावुदिते सति॥'

'स्वचित्तकल्पिता गर्व कस्य नात्रापि विद्यते।'

'यस्यास्ति सर्वत्र गतिः स कस्मात् स्वदेशरागेण हि याति नाशम्।
तातस्य कूपोऽयमिति ब्रुवाणा क्षार जल कापुरुषा पिबन्ति॥'

'अविदित्वात्मन शक्ति परस्य च समुत्सुक।
गच्छन्नभिमुख नाश याति वह्नौ पतङ्गवत्॥'

'बालस्यापि रवे पादा पतन्त्युपरि भूभृताम्।
तेजसा सहजाताना वय कुत्रोपयुज्यते॥'

'हस्ती स्थूलतनु स चाङ्कुशवश किं हस्तिमात्रोऽङ्कुश।
दीपे प्रज्वलिते प्रणश्यति तम किं दीपमात्र तम॥
वज्रेणापि हता पतन्ति गिरय किं वज्रमात्रा गिरिस्।
तेजो यस्य विराजते स बलवान् स्थूलेषु क प्रत्यय॥'

'बहूनामप्यसाराणा समवायो हि दुर्जय।
तृणैरावेष्ट्यते रज्जुर्येन नागोऽपि बद्ध्यते॥'

'स सुहृद् व्यसने य स्यादन्यजात्युद्भवोऽपि सन्।
वृद्धौ सर्वोऽपि मित्र स्यात् सर्वेषामेव देहिनाम्॥'

'घातयितुमेव नीच परकार्यं वेत्ति न प्रसाधयितुम्।
पातयितुमेव शक्तिर्नाखोरुद्धर्तुमन्नपिटकम्॥'

'नानाम्य नमते दारु नाश्मनि स्यात् क्षुरक्रिया।'

'विद्या वित्त शिल्प तावन्नाप्नोति मानव सम्यक्।
यावद् व्रजति न भूमौ देशाद्देशान्तर हृष्ट॥'

'देशानामुपरि क्ष्माभृद् ।
सर्वलोकस्य शिल्पिन॥'

'परतवे नेकाँ न गीरद हर कि बुनियादश् बद'स्त।
तरबियत ना अहल रा चूँ गिदगाँ बर गुम्बज'स्त॥'

'अन्त सारविहीनानामुपदेशो न जायते।'

अथवा

'स्वभावो नापदेशेन शक्यते कर्तुमन्यथा।'

'हर कि सुल्ताँ मुरीदे ऊ बाशद।
गर हमा बद कुनद निकू बाशद॥
वाँ कि रा पादशाह बियन्दाज़द।
कसश् अज़ खेलखाना न नवाज़द॥'

'यस्मिन्नेवाधिक चक्षुरारोपयति पार्थिव।
अकुलीन कुलीनो वा स श्रियो भाजन नर॥'

'दुश्मन् चि कुनद चू महरबान बाशद दोस्त।'

'का चिन्ता मम जीवने यदि हरिविश्वम्भरो गीयते।'

'गर न बीनद ब रोज़ शप्परा चश्म।
चश्मए आफताब रा चि गुनाह॥'

'नोलूकोऽप्यवलोकते यदि दिवा सूर्यस्य किं दूषणम्॥'

गुलिस्ताँ की सूक्तियों के तुल्यबल श्लोक पञ्चतन्त्र के अतिरिक्त विदुर तथा चाणक्य की नीतियों में और संस्कृत वाङ्मय में अन्यत्र भी देखे जा सकते हैं। ऊपर कुछ उदाहरणों के निदर्शन से केवल यही अभिप्रेत है कि ईरानी और भारतीय विचारधारा का मूल उत्स एक है और यही सारी समानता का कारण है।

गुलिस्ताँ में श्लेष और अनेकार्थकता

कहा जाता है कि सादी के एक एक शब्द के ७२—७२ अर्थ हैं। इसमें सन्देह नहीं कि सादी को विषय और भाषा पर पूरा अधिकार था। वाणी उनकी वशवदा थी। उन्होंने जिस तरह चाहा है शब्दों का उपयोग किया है। अनेक स्थलों पर उनके दो-दो अर्थ निकलते हैं। प्रयास करने पर, गोस्वामी तुलसीदासजी की चौपाइयों की तरह उनके अनेक अर्थ भी निकाले जा सकते हैं, निकाले भी जाते हैं। किन्तु मुझे सन्देह है कि ऐसे अनेक अर्थ सम्भवत सादी को स्वयं अभिप्रेत न रहे हों। मैंने अपने अनुवाद में एक दो जगह श्लेष का इङ्गित किया है। लेकिन मैं समझता हूँ सर्वत्र श्लेष के आरोप में अधिक सार नहीं है। गुलिस्तान में श्लेष का एक प्रसिद्ध उदाहरण है—

'अला जरि जैदिन् लैस यश्फउ गमहु।
व हल् यस्तकीमु रैफउ मिन् आमिलि'ल् जरि॥'

उपर्युक्त शेर के आमिल शब्द में श्लेष है, जिसका एक अर्थ 'अमल करने वाला' होता है, दूसरा अर्थ व्याकरण का 'कर्ता' होता है। अरबी व्याकरण पढ़ने वाले विद्यार्थी को प्रभावित करने के लिये सादी ने इस श्लेषयुक्त और पाण्डित्यपूर्ण अरबी पद्य की आशु रचना की थी। लेकिन वह विद्यार्थी तो अरबी का प्रारम्भिक छात्रमात्र निकला। ऐसे कूट श्लोकों का समझना उसके वश से बाहर की बात थी। इसलिये उसने कुरान का हवाला देकर कहा कि लोगों से अपनी बात, लोगों की बुद्धि में आने योग्य सरल भाषा में कहनी चाहिये। विद्यार्थी द्वारा न समझा जाकर यह कूट श्लोक तब से गुलिस्ताँ में मील के पत्थर की तरह पड़ा है, और अक्सर गुलिस्ताँ के ममज्ञमन्यों के आपस में सिर फोड़ने के काम में आता है।

श्लेष का एक और उदाहरण है—

'गीरम् कि गमत नेस्त गमे मा हम नेस्त।'

इस श्लोक को एक साधु के मुँह से कहलवाया गया है जो कि जाड़ों की रात में, किसी राजा के महल के तले निर्वसन पड़ा था। राजा शराब की मस्ती में गा रहा था कि मुझे इस अवस्था में इस समय कोई गम नहीं है। साधु ने यह सुनकर महल के बाहर से उपर्युक्त श्लेषयुक्त श्लोक कहा जिसका भाव था कि तू राजा है और महल में पहने-ओढ़े शराब की मस्ती में बैठा है, तुझे न ठण्ड सताती है, न कोई चिन्ता। माना कि तुझे कोई गम नहीं, तो हम जैसे अकृतनीशार, निःस्व और निस्पृह साधुओं को भी तो कोई गम नहीं है। एक और प्रच्छन्न अर्थ यह भी था कि—'तुझे कोई चिन्ता नहीं तो क्या हमारी (गरीबों की) भी कोई चिन्ता नहीं!' राजा इस प्रच्छन्न और प्रकट अर्थ को समझकर प्रसन्न हो उठा और उसने साधु को पुरस्कृत किया। यह भी श्लेष का एक सुन्दर उदाहरण है। अन्यत्र भी ऐसे प्रसंगों की उद्भावना की जाती है लेकिन उन सभी प्रसंगों को समझने की न मेरी बुद्धि है और न अवकाश। मैंने अध्येताओं के लिये एक आधार प्रस्तुत करने की चेष्टा की है, कोई उत्तरमुनि श्लेषों का उद्घाटन भी करेंगे ऐसी आशा है।

अनेक स्थलो पर पदच्छेद में भेद करके भी भिन्न अर्थो की कल्पना की जाती है। एक पद है—

गर मरा जार व कुश्तन् दिहद आँ यारे अजीज़।
ता न गायी कि दराँ दम ग़मे जानम् बाशद॥

इसी को कुछ लोग इस प्रकार पढ़ते है—

गर मर आजार व कुश्तन् दिहद आँ यारे अजीज़।
ता न गायी कि दराँ दम गम जानम् बाशद॥

पहले पद का अर्थ है—'यदि मुझ अभागे को वह मेरा प्रिय मित्र मरवाने को दे दे।' दूसरी प्रकार से पदच्छेद करने पर अर्थभेद हो जाता है और उसका अर्थ होता है—'यदि वह प्रिय मित्र मुझे मारने के द्वारा भी कष्ट दे।' ऐसे ही श्लेषों और पदच्छेद विभेदो के आधार पर सादी के एक एक शब्द में ७२—७२ अर्थो की कल्पना चल पड़ी है।

कुछ कूट प्रयोगों की व्याख्या

इसमें सन्देह नही कि सादी ने ऐसे अनेक प्रयोग किये हैं जो आज ईरानी पाठको की समझ में भी नही आते। इसका कारण यह है कि सादी ने बहुत देशाटन करके अनेक ऐसे विदेशी प्रयोगो को अपने ग्रन्थ में समाविष्ट किया है जो कि फारसी पाठक ने इससे पूर्व कभी नही देखे। फारसी टिप्पणीकारो ने और यूरोपीय अनुवादको ने उन प्रयोगो को न समझ पाने के कारण या तो अछूता छोड दिया है या अपनी समझ के अनुसार अयथार्थ अर्थ कर दिया है। ऐसे ही कुछ प्रयोग नीचे दिये जाते हैं—

'उस्तादे मुअल्लिम चू बुवद बेम आज़ार।
ख़िरसक बाजन्द कूदकाँ दर बाज़ार॥'

इसका अर्थ है कि पढाने वाला उपाध्याय जब बच्चो को कम पीटता है तो बच्चे बाज़ार में 'खिरसक' खेलते फिरते हैं। इस खिरसक का अर्थ बहुत दिनो तक नही समझा जा सका। पहले पहल जौन प्लैट्स ने इसके अर्थ का उद्घाटन किया। खिर्स का अर्थ है रीछ (संस्कृत के 'ऋक्ष' के वर्णव्यत्यय से प्राप्त) और 'सग' का अर्थ है सग अर्थात् कुत्ता। ईरान के पहाडी इलाको में यह खेल आँख मिचौनी की तरह खेला जाता है। एक बालक रीछ बनता है और उसके पीछे दूसरे बालक शिकारी कुत्ते बनकर दौडते हैं। रीछ जिसको छू दे उसी बच्चे को खेल से बाहर होना पडता है। इसलिये रीछ से बचकर बच्चे सब दिशाओ से उस पर आक्रमण करते हैं। रीछ को डराने के लिये कुत्ते जैसे भौंकते हैं बच्चे भी वैसाही शोर मचाते हैं। और रीछ जैसे इधर उधर भागकर शिकारी कुत्तों से अपनी जान बचाता है और गुर्राकर हमला करता है वैसे ही रीछ बना लडका भी चेष्टा करता है। इस सारे खेल में खूब भागदौड और शोरगुल होता है। उसी खेल की ओर सादी ने इस प्रसग में इंगित किया है।

इससे आगे की बात यह है कि गुप्तकाल में कन्याओ के एक खेल का वर्णन उपलब्ध होता है—'श्वार्क्षिक'। श्वा अर्थात् कुत्ता और ऋक्ष अर्थात् रीछ। (श्वा च ऋक्षश्च = श्वऋक्ष, ठञ्, किति च, ठस्येक = श्वार्क्षिक)। इसी खेल का अपभ्रंश—'छुआ-छी' या 'छुआ-छू' हो गया है। इसका अर्थ और खेलने का ढग भारत में आज भी वही है जो खिरसक का। अत मैंने भी खिरसक के संस्कृत अनुवाद के लिये 'श्वार्क्षिक' शब्द का ही प्रयोग किया है।

ऐसा ही एक पद 'गावे अम्बर' है—

'गर बे हुनर ब माल कुनद किब्र बर हकीम।
कूने ख़रश् शुमार अगर गावे अम्बर'स्त॥'

मैंने गुलिस्ताँ के फारसी अनुवाद भी देखे हैं और उर्दू तथा अंग्रेजी के भी देखने का अवसर मिला है। किसी भी अनुवादक ने इस शब्द को अवितथ नही समझा। प्राय लोगो ने इसका अर्थ किया है—'अम्बर जैसा सुगन्धित गोबर करने वाली कोई गाय।' वास्तव में अम्बर जैसा सुगन्धित गोबर करने वाली किसी गाय की कल्पना इन अनुवादो के अतिरिक्त कहीं नही मिलती और न सादी को यह अर्थ ही अभीष्ट था। अर्थ भी इससे स्फुट नही होता। मेरी व्याख्या इस प्रकार है—सादी चूँकि बहुश्रुत और ज़माना देखे हुए परिव्राजक थे इसलिये सम्भवत उन्होंने भारतीय पुराण साहित्य में वर्णित कामधेनु का वर्णन भी सुना होगा। यह 'गावे अम्बर' वही कामधेनु है। गाव = गाय, अम्बर = आकाश। आकाश की गौ अर्थात् स्वर्ग की गौ, अर्थात् कामधेनु। मैंने इसका अनुवाद 'यदि काम दुघाऽपि गौ।' ही किया है।

ऐसा ही एक और शब्द 'वर्दे अजूज' है। प्रयोग इस प्रकार है—

'गुल्हे सुर्खश् चु आरिज़े खूबां।
सुम्बुलश् हमचु जुल्फे महबूबां॥
हमचुनान'ज़ नहीबे वर्दे अजूज़।
शीर नाखुर्दा तिफ्ले दाया हनूज़॥'

वर्णन एक उपवन का है। सादी कहते हैं—'उस उपवन के लाल गुलाब के फूल ऐसे थे जैसे सुन्दरियों के गाल और उसकी सुम्बुल घास की पत्तियाँ ऐसी थी जैसे कान्ताओं की केशराशि। और यह बाग ऐसा मौन और स्पन्दन रहित था जैसे वर्दे अजूज़ के भय से, डरा हुए, धाय का दूध न पीने वाला कोई मासूम बालक हो।'

इस 'वर्दे अजूज' का अर्थ अनुवादक पाठकों को आज तक नहीं समझा सके। प्राय इतना कहकर ही छुट्टी पा ली गयी है कि 'वर्दे अजूज़' का अर्थ है ठण्डी बुढ़िया। अर्थात् वह बाग ऐसा था कि जिसमें ठण्डी बुढ़िया, यानी हेमन्त ऋतु का कोई डर नहीं था, यानी बाग खिला हुआ था। जाहिर है कि ऐसी व्याख्याओं से पाठकों का कोई समाधान नहीं हो सकता। अत सादी के एक एक शब्द में ७२ अर्थों की बात से पाठकों का मुह बन्द कर दिया जाता है। यहाँ भी यह शब्द भारतीय परम्परा से अलग रहकर नहीं समझा जा सकता है।

आर्य परम्परा में बच्चो की बीमारियों के कुछ आधिदैविक हेतु कल्पित किये गये हैं। ऐसा ही एक आधिदैविक हेतु है 'पूतना' या 'शीतपूतना'। माधव निदान आदि रोग निदान के ग्रन्थों में एक बाल रोग 'शीतपूतना' के नाम से बताया गया है। जिस बालक को यह रोग होता है, वह बालक दूध पीना छोड देता है, रह रहकर डरता-काँपता है और उसके अग ढीले पड जाते हैं। 'यया हि पूतनाजुष्ट सन्त्रस्तश्च परिश्लथ।' आदि। प्राचीनकाल में श्री कृष्ण को भी बचपन में यह रोग हुआ था। उसी का रूपक वर्णन हमें 'पूतना वध' के प्रसग में मिलता है। पूतना नामक एक राक्षसी कृष्ण को मारने आयी, उसने श्रीकृष्ण को अपनी गोद में लिया, स्तन्य पिलाया, उसके स्तनों में विष लगा हुआ था। अर्थात् कृष्ण रोगाक्रान्त हुए। पर वे तुरन्त ही स्वस्थ हो गये। रूपक वर्णन में मिलता है कि उन्होंने पूतना के स्तन को दाँतो से काट लिया जिससे कि वह राक्षसी चीत्कार करके मर गयी।

लगता है आर्यों में इसी शीतपूतना नामक बाल रोग को किसी दुष्टा राक्षसी के रूप मे मानने की कोई बहुत प्राचीन परम्परा रही है। वह बच्चा को अपना ज़हरीला दूध पिला देती थी, जिससे बालक अपनी माँ या धाय का दूध नही पीते। शीतपूतना की गोद में पडा हुआ बालक डरता और काँपता क्योकि उसकी गोद बहुत ठण्डी मानी जाती थी। आर्यों की वह आदिम कल्पना बाद में ईरान से लुप्त हो गयी लेकिन लोक मानस में उसका सस्कार 'ठण्डी बुढ़िया' के रूप मे बना रहा। भारत मे उसे बाल रोगो में सम्मिलित कर लिया गया और उसकी चिकित्सा भी निश्चित कर दी गयी। इसी शीतपूतना को शेख सादी ने 'वर्दे अजूज़' कहकर एक प्राचीन लोकविश्वास का उल्लेख किया है। मेरा अनुवाद है—

'रेजेऽरुणानि पुष्पाणि कपोल इव योषिताम्।
कबरीव प्रियायाश्च सुम्बुलस्तवकस्तथा॥
पूतना शीतपूर्वाया सन्त्रासात् किल भीरुक।
दुग्धाध्मातस्तनी धात्रीमपीत इव बालक॥'

गत सात सौ वर्षो से गुलिस्तान के अनुवाद और व्याख्याएँ की जाती रही हैं। इसके एक एक नुक्ते को खोल खोलकर समझाया जाता रहा है। फिर भी ये दो-तीन नुक्ते मुझे लगे कि असमाहित रह गये हैं।

तुल्यबल शब्दो की खोज

मैंने सस्कृत अनुवाद में चेष्टा की है कि इसमें यथासम्भव फारसी के तत्सम सस्कृत शब्द ही रखे जाँय। जिन फारसी शब्दो के लिये उपयुक्त तत्सम शब्द उपलब्ध नहीं थे उनके लिये मैंने नये शब्द गढ़ने में सकोच नही किया। सस्कृत भाषा में, अतीत में अनेक शब्दो की आमद हुई है और यदि इस भाषा को जीवन्त और प्राणवान् बनाना है तो इसमें आगे भी अनेक शब्दो और भावो का समावेश करना होगा। कालान्तर मे ये सभी प्रयोग आप्त मान लिये जायगे।

गुलिस्ताँ में एक शब्द 'पलग' का प्रयोग हुआ है, जिसका अर्थ शेर, चीता होता है। छन्द के अनुरोध से इसी का दूसरा रूप 'पालहग' भी गुलिस्ताँ में मिलता है। (आहए पालहग दर गरदन) यह शब्द सस्कृत में शामिल करने योग्य है। (पल गृह्णातीति = पलग) अपने अनुवाद में, मैंने इसे थोडा और स्पष्ट कर दिया है। सादी का पद है—'पलगाँ रिहा कर्दा खूये पलगी।' मैंने उसका अनुवाद किया है—'पलग्राहाश्च सिहाश्च हिंसा रहिततां गता।'

ऐसा ही एक शब्द है—'गोस्फन्द', जिसका अर्थ भेड बकरी, गाय आदि होता है। यह शब्द भी उच्चगाण परिवर्तन से सस्कृत में शामिल किया जा सकता है। (गो+गेग+अजादीना सम्हा = गोस्पद)। सादी की उक्ति है—'गोस्फन्द अज बराये चूपां नेस्त।' मेरा अनुवाद है—'गोमेषाजादि गोस्पदा गोपालाय न सन्ति हि।'

सस्कृत भाषा और फारसी भाषा में जो रिश्ता है वह इतने निकट का है कि यदि अरबी लिपि का व्यवधान न हो तो इसकी सज्ञाएँ और धातुएँ सस्कृत जैसी ही लगती हैं। अवश्य ही यह कहना मुझे अब नही है कि विश्व की हर भाषा सस्कृत से ही निकली है और फारसी भी सस्कृत से ही निकली है। हाँ, इतना अवश्य है कि इन दो भाषाओ की गठन आश्चर्यजनक रूप से समान है। नामो के विषय में तो यहाँ तक कहा जा सकता है कि लिपि में परिवर्तनमात्र से ही ये शुद्ध सस्कृत नाम लगने लगते हैं। मुझे ईरानी 'फरीदूं' और भारतीय 'प्रद्युम्न' में कोई अन्तर नहीं लगता। 'सुगँव' मुझे 'सुशोभ' के निकट लगता है। अम्रा लैंरस (अम्र = अमर, लैंरस = सिंह) मुझे अमर सिंह लगता है और 'गुस्तास्प'—'सप्ताश्व'। 'तहमास्प' मुझे वर्णव्यत्यय से 'अश्वत्थामा' लगता है। (तहमा = थामा, अस्प = अश्व)। यत्र तत्र मैंने इस समानता के निदर्शन के लिये अपने अनुवादक के अधिकार का प्रयोग किया भी है।

अरबी लिपि और हिन्दी लिपीकरण

हिन्दी लिपीकरण (Hindi Transliteration) के विषय में मेरा निवेदन है कि फारसी भाषा को देवनागरी लिपि में लिखने का यह नया प्रयोग है। प्रत्येक भाषा के कुछ विशिष्ट उच्चारण और लहजे होते हैं। अत उस भाषा के यथातथ उच्चारण के लिये उस भाषा के बोलने वाला को ही प्रमाण मानना चाहिये। और उन्ही से उच्चारण आदि सीखने की चेष्टा करनी उचित है। किन्तु हम देवनागरी वाले जो दावा करते हैं, कि हमारी लिपि के द्वारा प्रत्येक भाषा को लिखा जा सकता है और फिर ज्यो का त्यो पढ़ा जा सकता है, यह केवल अर्धसत्य है। पूरी सचाई यह है कि बिना कुछ चिह्न लगाये, और उच्चारण की परम्परा निश्चित किये, हम हर भाषा को ज्यो का त्यो नही बोल सकते। कम से कम फारसी भाषा और अरबी भाषा का अवितथ उच्चारण तो वर्तमान लिपि में थोड़ा विस्तार किये बिना नही कर सकते।

ख्वाजा ए ताश (फा) = जिनका मालिक समान है ऐसे भृत्य, सहभृत

(८—ख)

ख्वार (फा) = नीच, घृणित, धिक्कृत
मर्दुमख्वार (फा) = नरभक्षी
खुवारुन् (अ) = बछडे की तरह रँभाता हुआ
ख्वार दाश्तन् (फा) = घृणापूर्वक व्यवहार करना,
खुरदन् (फा) = खाना
ख्वारेज्म (फा) = वक्षु (औक्सस) नदी के किनारे कश्यप सागर तक फैला हुआ प्रदेश
ख्वारेज्म शाह (फा) = ख्वारेज्म का राजा
ख्वास्त (फा) = याचना, प्रार्थना
ख्वास्तन् (फा) = प्रार्थना करना
खवास (अ) = (खास खास्सत, का बहुवचन) विशिष्ट जन
खवासो आम (अ) = सामन्त और सामान्य जन
ख्वान (फा) = थाल, परात, थाली
ख्वान्दन् (फा) = पढना, सस्वर पाठ करना
ख्वान्दई (फा) = तू पढ़ता है
ख्वाह (फा) = इच्छा, भलेही, चाहे
ख्वाहर (फा) = बहिन (स०—स्वसृ)
ख्वाहन्दा (फा) = प्रार्थना करता हुआ, याचक
ख्वाही (फा) = तू चाहता है
खूब (फा) = अच्छा, सुन्दर
खूबरू (फा) = सुन्दर मुखवाली, सुन्दरी
खूबरूई (फा) = (तू) सुमुखी है
खूबसूरत (फा अ) = सुन्दर
खूबमन्ज़र (फा अ) = सुदर्शन दृश्य, सुदृश्य
खूबी (फा) = सुन्दरता
खुद (फा) = स्वय
खुदराय (फा अ) = स्वय की मनमर्जी से चलनेवाला
खुदी (फा) = आत्माभिमान
खुर्दन् (फा) = खाना
खुरदा (फा) = खाया हुआ
खुरदा ए अम्बान (फा) = पाथेय, झोले का भोजन
खुर्दी (फा) = बचपन
खुरिश् (फा) = भोजन, भोज्य पदार्थ
खुरशेद (फा) = सूर्य
खुर्रम (फा) = प्रसन्न
खुरन्दा (फा) = भोजन करनेवाला, खाता हुआ (स०—खादन्त)
खुश (फा) = प्रसन्न
खुशानीदन् (फा) = सुखाना
खुश आवाज़ (फ़ा) = सुस्वरवाला, सुकण्ठ
खुश आवाजे (फा) = एक सुस्वरवाला
खुशबू (फा) = सुगन्ध
खुशतर (फा) = प्रसन्नतर
खुशखू (फा) = सुशील, सुस्वभाववाला

(८—ख)

ख़ुश सुख़न (फा) = सुभाष, उत्तम वाणीवाला
ख़ुश तबअ (फा) = प्रसन्न रहनेवाला, प्रसन्न चित्तवाला
ख़ुश गुफ्त (फा) = अच्छा कहा है
ख़ुशनूद (फा) = प्रसन्न, सन्तोषी (स०—सुनुत्)
ख़ोशा (फा) = गुच्छा, स्तवक
ख़ुशी (फा) = प्रसन्नता
ख़ोशीदन् (फा) = मुरझाना, सूख जाना (स०—शोषितम्)
ख़ऊज (अ) = असत्य भाषण
ख़ूकर्दा (फा) = अभ्यस्त
ख़ून (फा) = रक्त (स०—शोण)
ख़ूख़्वार (फा) = ख़ून पीनेवाला, भयानक
ख़ूख़्वारगी (फा) = भयानकता
ख़वीद (फा) = हरितान्न, अकृतान्न सस्य
ख़ेश (फा) = अपना (स०—स्वस्य)
ख़ेशावन्द (फा) = अपने लोग, आत्मीयस्वजन
ख़ेशतन (फा) = केवल अपना आपा
बर ख़ेशतन (फा) = स्वेच्छापूर्वक
ख़ेशतनदार (फा) = आत्मनिग्रही
ख़ेशतनेद (फा) = तुम स्वयं हो
ख़ियार (अ) = ककड़ी, ख़रबूजा, चिभटी
ख़याल (अ) = विचार
ख़यालन् (अ) = स्वप्न मूर्त्ति
ख़याल अन्देश (अ फा) = काल्पनिक
ख़यालन् युराफ़िक़ु नी (अ) = स्वप्नमूर्त्ति जो प्रिया थी मेरी
ख़याल बस्तन् (अ फा) = कल्पना करना
ख़ियानत (अ) = धोखा, विश्वासघात
ख़ियानते (अ फा) = एक विश्वासघात
ख़ैर (अ) = कुशल, योगक्षेम
ख़ैर'स्त (अ फ़ा) = कुशल है
ख़ीरा (फा) = धृष्ट, दुष्ट
ख़ीराराय (फा) = कलुषित विचारवाला
ख़ीरारू (फ़ा) = कुदर्शन मुख
ख़ीरासर (फा) = ख़रदिमाग़
ख़ेज़ान (फा) = उठता, उठता हुआ (स०—शानच्)
उफ़तानो ख़ेज़ान (फा) = गिरते पड़ते, उठते बैठते, लुकते छिपते
ख़ेज़ीदन् (फा) = उगना, उठना
ख़ेज़श् (फ़ा) = उठ और उसे मार
ख़ेल (अ) = कबीला, घुड़सवारों का दल समूह
ख़ेलताश (फ़ा) = साथी योद्धा, गोती भाई, एक पहलवान
ख़ेलख़ाना (फा) = शाही गृहविभाग
ख़ेमा (अ) = तम्बू
ख़ेमा ज़दन् (अ फा) = तम्बू गाड़ना

९—द

दाद (फा) = (उसने) दिया (स०—ददौ)
तुवान दाद (फ़ा) = दे सकना, दानशक्ति
दादन् (फा) = देना (स०—दानम्)
दादे (फा) = न्याय, वह देता था, वह देता
दार (फा) = रख (आदेश में) (स०—धर)
दारू (फा) = दवा, चिकित्सा (स०—भैषज्य दारु)
दारू-ए-तल्ख़ (फा) = तीखी दवा, तिक्त औषध
दार ओ गीर (फा) = (शब्दार्थ—लेना और रखना) ठाठ बाट
दारू ए (फा) = एक दवा, कोई दवा
दारी (फा) = तू रखता है
दारैन (अ) = दोनों लोक (इहलोक-परलोक)
दाश्तन् (फ़ा) = रखना, थामना (स०—धारण)
दस्त दाश्तन् (फा) = हाथ से पकड़ना, पुनः प्राप्त करना
दाओ (अ) = निमन्त्रण देना, आह्वान करना, किसी वस्तु का दर्शा या प्रेरक
दाइया (अ) = कारण, सूत्र, दावा, बहाना करना, बुलाना
दाम (फा) = जाल (स०—दाम)
दाम (अ) = सदा रह
दाम मुल्कुहू (अ) = सदा रहे उसका राज्य
दाम सादुहु (अ) = सदा रहे उसकी प्रसन्नता
दामाद (फा) = जमाई (स०—जामाता)
दामन (फा) = पोशाक की लटकन, पहाड़ की तलहटी
दामने (फा) = एक दामन
दामी (फ़ा) = (तू) जाल है
दान-दाँ (फा) = (तू) जान ले, समझ ले (स०—जानीहि)
दाना (फा) = समझदार, जानकार (स०—ज्ञाता)
दानाई (फा) = ज्ञान, तू जाननेवाला है
दानाए (फा) = एक ज्ञानी
दानिस्तन् (फा) = ज्ञान
दानिस्ते (फा) = वह जान लेता, वह जानता था
दानिश् (फा) = ज्ञान
दानिशमन्द (फा) = ज्ञानी
दानिशमन्दे (फा) = एक ज्ञानी
दाँग (फा) = एक तोल, चौथाई ड्राम, दीनार का षष्ठांश
दाना (फा) = दाना, बीज, फँसाने का चारा
दानी (फा) = तू जानता है
दाऊद (अ) = इसराईल का गायक गडरिया जिसने गोलियथ को मारा जो बाद में राजा बना, डेविड
दाऊदी (फा अ) = दाऊद तुल्य, दाऊद जैसी गानविद्या
दावर (फा) = न्यायकर्त्ता, शासक, परमात्मा
दायरा (अ) = घेरा, कक्षा, परिधि

(ى — द)

दायम (अ) = स्थायी, निरन्तर, चिरन्तन
दाया (फा) = धाय, (सं०—धात्री)
दबीकी (अ) = सोने के महीन तार (मिस्र के दबीक नामक नगर का उत्पादन जहाँ सोने का बारीक काम होता था)
दज्जाल (अ) = ऐन्टीक्राइस्ट
दज्ला (अ) = दजला नदी
दुजा (अ) = अन्धकार
अद् दुजा (अ) = अन्धकार
दुख़्तर (फा) = पुत्री (सं०—दुहितृ, दुहिता)
दुख़्तर ख़्वास्तन् (फा) = विवाह के लिये कन्या माँगना
दुख़्तरक (फा) = छोटी लड़की (सं०—दुहितृका)
दख़्ल (अ) = प्रवेश, आगम, धनागम, आमदनी
दुख़ूल (अ) = प्रवेश, आगम, अन्दर आना
दद (फा) = वन्य पशु, आखेट पशु
दर (फा) = में, के अन्दर (सं०—अन्तर)
ब दरिया दर (फा) = समुद्र में
दर (फा) = दरवाज़ा (सं०—द्वार)
अज़ दर (फा) = दरवाज़े से
दर्र (अ) = दूध (सं०—दुग्ध)
दर (फा) = मोती
दर्रे यतीम (फा) = दुर्लभ मोती
दराज़ (फा) = लम्बा, फैला हुआ, विस्तीर्ण
दराज़ कर्दन् (फा) = फैलाना, ज़बान की लगाम छोड़ना
दराज़ी (फा) = लम्बाई
दरासत (अ) = अध्ययन, स्वाध्याय, निदिध्यास
दर आशुफ़्तन् (फा) = परेशान होना, विजड़ित होना
दर्रा (अ) = ऊनी कफ़नी
दर उफ़्तादन् (फा) = के ऊपर गिरना (सं०—अप पतन)
दर आमदन् (फा) = प्रवेश करना (सं०—आगमन)
दर आमोख़्तन् (फा) = सिखाना, पढ़ाना
दर अन्दाख़्तन् (फा) = फेंकना
दर आनीदन् (फा) = फाड़ना, चीरना
दर आवुर्दन् (फा) = लाना (सं०—वरण)
दर आवेख़्तन् (फा) = जोड़ देना, पकड़ना
दर आई (फा) = तू अन्दर आता है, अन्दर आ
दरायत (अ) = ज्ञान, नैपुण्य, सूक्ष्मता
दर बाख़्तन (फा) = खेलना, जुआ खेलना, दाँव हारना
दरबान (फा) = द्वारपाल
दर बर कर्दन् (फा) = (कपड़े) पहनना (सं०—धारण)
दर बर गिरिफ़्तन् (फा) = पहनना, धारण करना
दर बस्ता (फा) = द्वार बन्द किये हुए, अन्दर से दरवाज़ा बन्द किये हुए
दर बन्द (फा) = दास, गुलाम, बन्दी (सं०—अन्तरुद्ध)

(ى — द)

दर पस (फा) = पिछवाड़े, पीछे
दर पाय (फा) = पैर पीछे, पीछे पीछे, अनुगामी
दर पेश (फा) = उपस्थित, सामने
दर पैवस्तन् (फा) = जोड़ना, मिलाना (सं०—प्रवेशन)
दर्ज (अ) = समुच्चय करना, जोड़ना
दुर्ज (अ) = मजूषा
दर्जत-दरजा (अ) = उच्च श्रेणी, ऊपर की सीढ़ी, स्वर्ग की कोटि
दरजात (अ) = (दरजत का बहुवचन) उच्च श्रेणियाँ (प्रति पर्याय—दरकात)
दरजतिहि (अ) = उसकी कोटि, उसकी शान
दुर्जे (अ फा) = एक मजूषा
दर हाल (फा अ) = इस समय, वर्तमान में
दर हक़्क़ (फा अ) = के प्रसग में, पक्ष में
दरख़्त (फा) = पेड़, झाड़ी
दर ख़ुफ़िया (फा अ) = गुप्त रूप से, चुपचाप
दर ख़्वाब (फा) = स्वप्न में, निद्रा में
दर ख़्वाबी (फा) = तू सोया हुआ है
दर ख़ुर्द (फा) = योग्य, उपयुक्त
दर्द (फा) = पीड़ा
दर्दा (फा) = हाय दर्द! अफ़सोस!
दर दादन् (फा) = समर्पण करना, द्वार देना
दर्द मन्द (फा) = पीड़ित, सहानुभूतिपूर्ण
दर्द मन्देम् (फा) = हम पीड़ित होते हैं
दर रुबूदन् (फा) = फाड़ फेंकना, लूटना
दर रसानीदन् (फा) = अन्दर पहुँचाना
दर रंजीदन् (फा) = रंज करना
दर्स (अ) = अध्ययन, पाठ, व्याख्यान
दर साख़्तन् (फा) = सन्तुष्ट कराना, व्यवस्थित करना, बनाना
दर अस्त (फा) = भीतर है
दुरुस्त (फा) = स्वस्थ
दुरुस्त नाकर्दा (फा) = अपूर्ण, बिना सुधारे हुए
दर सितेज़ीदन् (फा) = हठपूर्वक कार्य करना
दुरुश्त (फा) = क्लिष्ट, कठोर (सं०—दुरूह)
दुरुश्त ख़ू (फा) = कठोर प्रकृतिवाला, दुष्ट
दुरुश्त रू (फा) = कठोर मुखवाला
दुरुश्ती (फा) = कठोरता
दर फ़ुतादन् (फा) = गिरना, आ पड़ना (सं०—आपतन)
दर क़फ़ा (फा अ) = पीछे, पीठ पीछे
दरकात (अ) = (प्रतिपर्याय-दरजात) पाताल की गहनता (दरक का बहुवचन)
दर कार'न्द (फा) = काम में लगे हैं, व्यस्त हैं
दर कुशादा (फा) = दरवाज़ा खुले हुए, विवृत द्वार
दर कशीदन् (फा) = खींचना, भेड़ना, भींचना, दबाना

(७ — द)

ज़ुबाँ दर कशीदन् (फा) = चुप रहना, जीभ को अन्दर खिंची रखना
दरगाह (फा) = राजसभा, मुख्य द्वार, महल, समाधि
दर गुज़ाश्तन् (फ़ा) = लांघ जाना, पीछे छोड़ना
दर गुज़रानीदन् (फा) = गुज़रने देना
दर गुज़श्तन (फा) = गुज़र जाना
दर गिरिफ्तन् (फा) = प्रभावित करना
दर गिरी बूदन् (फा) = गिरवी होना
दर गुसिस्तन् (फा) = टूटना, ग्रस्त होना
दर गुसिलानीदन् (फा) = छीनना, तोड़ना, ऐंठकर तोड़ना
दरम् (फा) = (दरे मन् का संक्षिप्त रूप) मेरा द्वार
दिरम-दिरह्म (फा) = चवन्नी के मोल का चांदी का सिक्का, धन
दर मान्दगी (फा) = परेशानहाली, कष्टमयता, अभाव
दर मादन (फ़ा) = दुःख में पड़ना
दर मांदा (फा) = दुखी, परेशान, दुर्भाग्यग्रस्त
दिरम दार (फा) = धनी, पैसेवाला
दिरम * (फा) = एक दिरम
दिरमे चन्द (फ़ा) = थोड़े से दिरम, स्वल्प धन
दरमियान् (फा) = बीच में
दरमियानेशान (फा) = (दरमियाने + ऐशान) उनके बीच में
दरमियाँ निहादन् (फा) = बीच में रखना (स०—निधान)
दरिन्दा (फा) = दांतों से फाड़नेवाला पशु
दिरग (फा) = देर, विलम्ब, असमंजस (स०—चिरम्)
दिरगी (फा) = विलम्ब, हिचक
दर नवर्दन (फा) = पर्यटन
दर नवर्दीदन् (फा) = मोड़ना, लपेटना, समाप्त करना
दरू (फा) = उसके अन्दर
दरवाज़ा (फ़ा) = द्वार
दरोग़ (फा) = झूठ, असत्य
दरोग़ज़न (फा) = असत्यभाषी, झूठा
दरोग़े (फा) = एक झूठ
दरोग़े कि (फा) = वह झूठ जो कि
दरूँ (फा) = उसके अन्दर
दिरवीदन् (फा) = काटना, लावनी करना (स०—वियन)
दरवेश (फा) = धर्मात्मा, साधु, याचक, भिक्षुक
दरवेश सीरत / दरवेश सिफत } (फा अ) = दरवेश के गुणों से समन्वित
दरवेशी (फ़ा) = भिक्षावृत्ति, साधुवृत्ति, निर्धनता
दरवेशे (फा) = एक साधु
दरहा (फा) = (दर का बहुवचन) द्वार, कपाट, आने जाने के रास्ते
दरहाए आसमान (फा) = आकाश के द्वार
दरहम (फा) = परस्पर, व्यत्यस्त, छिन्नभिन्न, क्षुब्ध

---

* दिरम का अरबी रूप दिरहम हो गया है

(७ — द)

दरहम उफतादा (फा) = अराजकता में पड़ा हुआ
दरहम कशीदा (फा) = निकट आना, सिकुड़ना
दरे (फा) = एक द्वार
दरिया (फा) = नदी, समुद्र
दरियाये मग़रिब (फा अ) = पश्चिम सागर, अरब भूमध्यसागर को पश्चिमी सागर कहते हैं
दरिया ए हफ्तगाँ (फा) = सात समुद्र
ब दरिया दर (फा) = समुद्र के बीच में, मँझधार में
दर याब (फा) = समझ ले, अक्ल से काम ले
दर याफ्तन् (फा) = जानना, पूछताछ करना
दरीचा (फा) = छोटा द्वार, खिड़की
दरीदन् (फा) = फाड़ना (स०—दीर्ण, दारण)
दरेग़ (फ़ा) = अफसोस
दरेग़ खुर्दन् (फ़ा) = अफसोस करना
दरेग़ दाश्तन् (फा) = इन्कार करना, रोकना, कुर्बान करना
दरेग़ा (फा) = हाय अफसोस
दरीं (फा) = इसमें
दर्यूज़ा (फा) = भिक्षार्जी, भिक्षुक
दुज़्द (फा) = चोर डाकू
दुज़्दी (फ़ा) = डकैती, चोरी
दुज़्दे (फा) = एक चोर
दुज़्दीदन् (फा) = मारना, लूटना
दस्त (फा) = हाथ (स०—हस्त)
ब दस्त आवुर्दन् (फा) = प्राप्त करना
दस्तार (फा) = पगड़ी, दुपट्टा
दस्त ब दस्त (फ़ा) = हाथों हाथ
दस्त बर दस्त ज़दन् (फ़ा) = हाथ पर हाथ मारना, शोक की चेष्टा
दस्त बर दाश्तन (फा) = हाथ दूर रखना, छोड़ना, अकेला छोड़ना
दस्त बर दिल ज़ून् (फा) = दिल पर हाथ रखना, उन्मुख होना
दस्त बर निशादन् (फा) = हाथ पर हाथ मलना (दुःख से)
दस्ते तग (फा) = अभाव
दस्त तगी (फा) = अभाव, निधनता
दस्त दादन् (फा) = हाथ देना, सहायता करना
दस्त रस (फा) = हाथ में आना, पकड़ में आयी चीज, प्राप्त, सुलभ
दस्तगाह (फा) = सहायता, शक्ति, साधन, [illegible]
दस्तगीरी (फा) = हाथ पकड़ना, सहायता देना (स०—ग्रह)
दस्तगीरी कदन् (फा) = सौंपना, अधिकार में देना
दस्तो पा (फा) = हाथ-पैर
दस्तो पा बुरीदा (फा) = हाथ पैर काटा हुआ
दस्तूर (फा) = प्रथा, प्रधान, प्रधानमंत्री
दस्ता (फा) = मुट्ठीभर, फौज का एक दस्ता, हैंडिल
दस्त याफ्तन् (फा) = हाथ (ऊपर) प्राप्त करना, जीतना
दश्त (फा) = रेगिस्तान, निर्जल-निर्जन प्रदेश

(७ -द)

दुश्मन (फा) = शत्रु (स०—द्विगन्-द्विषन्त)
दुश्मनकाम (फा) = (शब्दार्थ—शत्रु की कामना) मृत्यु
दुश्मनी (फा) = शत्रुता
दुश्नाम (फा) = गाली
दुश्नामे (फा) = एक गाली
दुश्वार (फा) = कठिन (स०—दुर्वार, दुष्कर)
दुआ (अ) = प्रार्थना, आशीष्
दुआ ए खैर (अ फा) = कुशल की प्रार्थना
दुआ ए (अ फा) = एक प्रार्थना
दअवत (अ) = प्रार्थना, निमन्त्रण, दावा, दावत, भोज
दअऊ (अ) = वे प्रार्थना करते हैं (उच्चारण—दओ)
दावा (अ) = दावा, माग, दलील
दगा (फा) = धोखा
दगाई (फा) = धोखेबाज, कपटी
दगल (अ) = भ्रष्ट, नीच, धोखेबाज
दफ (फा) = ढोल (अरबी दफ्फ का फारसी रूप, हिन्दी—टप, ध्वनिमूलक—धप्-धप्)
दफ्तर (अ) = पुस्तक, लेखा जोखा पुस्तक, कार्यालय
दफअ (अ) = दूर करना
दफअ अदाख्तन् (अ फा) = वहाने से दूर करना, स्थगित करना
दफ्न (अ) = छुपाना, गाडना
दफ्न कर्दन् (अ फा) = जमीन के अन्दर गाडना-छुपाना
दफ्क (अ) = पाप
दकीका (अ) = क्षण, सूक्ष्मविचार
दुकान (फा) = वाजार, आपण स्थान, दूकान
दिगर (फा) = दूसरा, पुन (स०—इतर)
दिगर बार (फा) = दूसरी बार, पुन
दिगर बारा (फा) = पुन, दूसरी बार
दिगर राह (फा) = दूसरा मार्ग, दूसरी बार
दिगर (फा) = एक दूसरा
दिल (फा) = हृदय
दिलाराम (फा) = हृद्य, चित्तप्रसादकर
दिल अज दस्त रफ्ता (फा) = हाथ से दिल निकला हुआ, प्रेमासक्त
दिल आजुर्दा (फा) = पीडित हृदय, क्षुब्ध, दुखित
दिल आशुफ्ता (फा) = उन्मत्त हृदय, पागल
दिल अफरोज (फा) = दिल को बढानेवाला
दलालत (अ) = चिह्न, प्रमाण, गवाही
दर दिल आमदन् (फा) = दिल मे आना, चित्त को भरना
दिल आवर (फा) = दृढचित्त, वीर
दिलावरी (फा) = वीरता
दिल आवेख्ता (फा) = प्रेम किया गया
दिल आवेज (फा) = हृदयहारी, आकर्षक
दिल वर (फा) = हृदयाकर्षक, चित्ताकर्षक

(७—द)

दिलवरे (फा) = एक चितचोर, कोई चितचोर
दिलवरी (फा) = चित्ताकर्षकता
दिल वस्तगी (फा) = हृदय जुडाना
दिलवस्ता (फा) = हृदय से जुडा हुआ
दिलवन्द (फा) = चित्तरोचक, आकर्षक
दिलतग (फा) = निराश
दिलतगी (फा) = नैराश्य
दिलखुश (फा) = प्रसन्न
दिलदार (फा) = सहृदय, उदार
दिल जि जान वर दाश्तन् (फा) = जीवन की आशा छोडना
दिल सिता (फा) = हृदय लेनेवाला, आकर्षक
दिलफिरोज (फा) = सजीव, प्रसन्न, आनन्दमय
दिलफरेव (फा) = चितचोर, चित्तविभ्रामक
दलक (अ) = न्यायाधीशो, विद्वानो और उपदेशको की पेवन्दी लगी जीर्ण पोशाक (स०—वल्कल)
दिलकश (फा) = चित्ताकर्षक (स०—कर्षक = फा—कश)
दिलकुशा (फा) = दिल को खोलनेवाला
दिलमुर्दा (फा) = जिसका दिल मुर्दा हो चुका हो, कठोर हृदय, हृदयहीन
दिल निहादन् (फा) = दिल रखना, चाहना (स०—निधान)
दिले (फा) = एक दिल
दिलेर (फा) = वीर, साहसी
दिलेरी (फा) = वीरता, साहस
दलील (अ) = प्रमाण, वाद, युक्ति, उदाहरण
दम (फा) = श्वास, वाणी, क्षण
दुम (फा) = पूछ
दम वर आवुर्दन् (फा) = (शब्दार्थ—साँस ऊपर लेना) साँस लेना
दम जदन् (फा) = शब्दो को फुसफुसाकर वोलना
दिमार-दमार (फा) = नष्ट करना
दिमाग (अ) = मस्तिष्क
दमा (फा) = (शब्दार्थ—दमवाले) = चपल, शक्तिशाली
दम व दम (फा) = हरक्षण, प्रतिक्षण, हर समय
दम वर कशीदन् (फा) = (शब्दार्थ—साँस ऊपर खीचना) चुप होना
दम्मिर (अ) = पूर्णतया नष्ट करदे
व दम्मिर अला आदायिहि व शुनातिहि (अ) = और नाश कर उसके शत्रुओ का और अशुभ चिन्तको का
दिमिश्क-दमिश्क (अ) = सीरिया की राजधानी
दमी (फा) = तू फूँक मारे, फुलाये
दमे (फा) = एक क्षण
दमे चन्द (फा) = कुछ क्षण
दिमयात (अ) = मिस्र का एक नगर
दमयाती (अ) = दमयात का बना हुआ बढिया सूती कपडा
दमीदन् (फा) = फूलना, उगना, फलना-फूलना
दुम्वाल (फा) = दुम, पिछला हिस्सा

(७—द)

दन्दान् (फा) = दाँत
दन्दाने (फा) = एक दाँत
दुनिया (अ) = विश्व, पार्थिव उपकरण
हयाते दुनिया (अ फा) = पार्थिव जीवन, ऐहिक जीवन
अद् दुनिया व'द दीन (अ) = धरती और धर्म
दुनिया ए दून (अ फा) = अधोलोक (स०—अधोन =फा—दून)
दुनियादार (अ फा) = धरती और धरती के भोगों को ही सब कुछ माननेवाला
दुनियावी (अ) = दुनियादार
दू (फा) = दो, दोनों
दवा (अ) = औषध
दवा करदन् (अ फा) = चिकित्सा करना
दवाब (अ) = (दाब्बत का बहुवचन) मवेशी, सवारी के पशु
दवाम (अ) = सदा, निरन्तर, चिरन्तन
अल'द् दवाम (अ) = हमेशा तौर पर
दवान (फा) = दौड़ता हुआ (स०—धाव+शानच्)
दवानीदन् (फा) = भगाना, दौड़ाना (दवीदन् का णिजन्त)
दवा ए (अ फा) = एक दवा, कोई दवा
दू बार (फा) = दो बार
दू बारा (फा) = दुबारा
दूता (फा) = दोलड, दुतरफा
दौहत (अ) = विस्तीर्णशाख वृक्ष
दौहतुन् सज औ तैरिहा मौजून (अ) = महान् वृक्ष जिस पर चिड़ियाँ गीत मधुर गाती हैं
दोख़्तन (फा) = सीना, थेगली लगाना
दूद (फा) = धुआँ
दूदे दिल (फा) = दिल का धुआँ, उष्ण निःश्वास, आह
दूदमान (फा) = विशाल परिवार, कबीला
दौर (अ) = समभ्रान्ति, भ्रम, चक्कर, रासचक्र, दुनिया
दूर (फा) = दूर, विप्रकृष्ट (स०—दूर)
दूर उफ्तादा (फा) = दूर जाकर पड़ा हुआ
दौरान (अ) = समय चक्र
दोज़ख़ (अ) = नरक
दोज़ख़ी (फ़ा) = नारकीय
दोस्त (फा) = मित्र, प्रेमी
दोस्त दाश्तन् (फा) = प्यार करना, मैत्री करना
दोस्तदार (फ़ा) = मित्र के रूप में स्वीकृत
दोस्तरु (फा) = मित्र की शक्लवाला, मित्रमुख
दोस्ती (फ़ा) = मित्रता
दोस्ते (फा) = एक मित्र
ब दोस्त (फा) = दोस्त की कसम
दोश (फ़ा) = कन्धा (स०—दोस्), गतरात्रि (स०—दोषा)
दोशीज़ा (फा) = कुमारी कन्या

(७—द)

दोग़ (फा) = मट्ठा दही, छाछ (स०—दोह—दुग्ध या अर्धभग)
दूकान (फा) = दूकान, सन्दूक, आपणस्थान
दुगाना (फा) = दुहरा, ऐसी प्रार्थना जिसमें शरीर की दो मुद्राएँ बनानी पड़ती हैं। (स०—द्विगुणा)
दुगाना ए (फा) = एक द्विमुद्रा प्रार्थना
दौलत (अ) = राज्य, शासन, सम्पत्ति
दौलते (अ फ़ा) = एक दौलत
दुवुम् दोयम (फा) = दूसरा, द्वितीय
दून (अ) = (बहुवचन दूनाँ) नीच
दोन (अ) = इसके अलावा, बिना
दून'ल् अज़ाबि'ल् अकबर (अ) = महत्तर दण्ड के अतिरिक्त
दू नीम (फा) = दो अर्धांश, दो अर्द्ध, दो भागों में
दवीदन् (फा) = दौड़ना, भागना (स०—धावनम्)
दह (फा) = दस (स०—दश)
दिह (फा) = गाँव, (दादन का आदेशवाचक) दे, (उत्तरपद में) देनेवाला (संस्कृत के जलद, दुःखद, सुखद, धनद, पयोद के समान, फारसी में भी दिहन्त रूप बनते हैं—जैसे आरामदिह, तकलीफदिह आदि)
दहान (फा) = मुख
दहाने (फा) = एक मुख
दिह ख़ुदा (फा) = गाँव का मुखिया, ग्रामणी
दिहद (फा) = देता है, (स०—ददाति)
दहर (अ) = समय, युग, शाश्वत्ता
दहशत (अ) = भय
दिहक़ान (अ) = किसान, गाँव का पटेल (फ़ारसी के 'दिहगान' का अरबी रूप)
दिहकान पिसर (अ फा) = ग्रामीण पुत्र
दुहुल (फा) = ढोल (हिन्दी—ढोल)
देहलीज़ (फा) = प्रवेशद्वार, प्रवेशकोष्ठा
दिहमत (फ़ा) = मैं तुझे देता हूँ, मैं तुझे देता
दहाने (फा) = एक मुख
दियार (अ) = (दार का बहुवचन) घर, ज़िले, देश, प्रदेश
दियारबक्र (अ) = मैसोपोटामिया का प्राचीन नाम
दियानत (अ) = ईमानदारी, धार्मिकता
दीबा-दीबक़ (अ) = रेशम के विविधच्छाय वस्त्र
दीबाजा (अ) = दीबाचा (फा) = भूमिका
दीदार (फा) = दर्शन
दीदन् (फा) = देखना (स०—दर्शन)
दीदा (फा) = देखा हुआ, आँख की देखने की शक्ति
देर (फा) = विलम्ब, दीर्घसूत्री, प्राचीन
देर देर (फा) = चिरकाल पश्चात्, कभी कभी
देरीना (फा) = पुराना
देरीना रोज़ (फा) = वृद्ध, प्राचीन, पुरातन
देग (फा) = पात्र, पाकपात्र

(د — द)

दीगर (फा) = दूसरा
दीगरान् (फा) = (दीगर का बहुवचन) दूसरे
दीगर बार (फा) = दूसरी बार, पुन
दीगर दम (फ़ा) = दूसरे क्षण
दीगर रोज़ (फा) = दूसरे दिन
दीगर वक्त (फा अ) = दूसरे समय
दीगरे (फा) = एक अन्य, कोई अन्य
दीन (अ) = धर्म
दीनार (अ फा) = (दीन+आर—धर्म से प्रवर्तित) एक स्वर्ण मुद्रा
दीन व दुनिया फरोश (फा) = पार्थिव मूल्यों के लिये धर्म वेचनेवाला
देव (फा) = दुरात्मा, पापात्मा (स०—देव का कुत्सनार्थक)
दीवार (फा) = दीवार, भित्ति, प्राकार
दीवान (फा) = राजस्व विभाग, राजकर, काव्यसंग्रह
साहिबे दीवान (अ फा) = अर्थमन्त्री
दीवाना (फा) = पागल, उन्मत्त
दीवानी (फा) = राजस्व मन्त्री
देव सिफत (फा अ) = राक्षसी सम्पत्तियुक्त (अ—सिफत = स०—सम्पत्, यथा दैवी सम्पत्)
दीह (फा) = गाव

ذ — ज

ज़ा (अ) = यह, वह
ज़ल्लज़ी (अ) = वह जो कि
ज़ात (अ) = व्यक्ति, देह
ज़ुख़ (अ) = खज़ाना, संचित धन
ज़खीरा (अ) = संचित राशि
ज़र्रा (अ) = कण, अणु
ज़िक्र (अ) = उल्लेख, स्मरण, ईश्वर प्रार्थना
व ज़िक्रश् (फा अ) = उसकी (परमात्मा की) स्तुति मे
ज़ुल्ल (अ) = नीचता
ज़िल्लत (अ) = भ्रष्ट, नीचता
ज़िल्लते (अ फा) = एक अपमान
ज़ालिक (अ) = वह, यह
ज़ालिकुम (अ) = वे, ये
ज़लील (अ) = पतित, नीच
ज़म्म (अ) = अभियोग
ज़माइम (अ) = (ज़मीयत का बहुवचन) दुष्काम, अपराध
ज़नब (अ) = दुम, पूछ
ज़ू (अ) = विषयक (उपसर्ग के रूप में सज्ञा शब्द)
ज़ुल् क़ुरबा (अ) = रिश्तेदार विषयक, रिश्तेदार
ज़ुल् फकार (अ) = एक प्रसिद्ध तलवार जो बद्र की लडाई में मुहम्मद सा० को मिली—उसे अली को
ज़ुन् नून (अ) = सूफी अबू फज़्ल सूनान का नाम

(ذ — ज)

ज़ौक़ (अ) = रुचि, शौक, प्रसन्नता
ज़वी (अ) = (ज़ू का बहुवचन) विषयक
ज़वि'ल् क़ुर्बा (अ) = रिश्तेदार लोग
ज़िब (अ) = भेडिया (स०—वृक)
ज़ैल (अ) = धरती तक लटकनेवाला वस्त्र

ر — र

रा (फा) = का, को
राअत (अ) = (उस स्त्री ने) देखा
राहत (फा) = शान्ति, आराम, प्रसन्नता
राज़ (फा) = रहस्य (स०—रहस्य)
रास (अ) = सिर
रासहु (अ) = उसका सिर
रास्त (फा) = सीधा, सच्चा (स०—ऋत)
रास्त ख्वाही (फा) = (तू) सच चाहे (तो)
रास्त सुखन (फा) = सच बोलनेवाला, सत्यवाक्
रास्ती (फा) = सत्य
रासिख़ (अ) = दृढ-ठोस पाण्डित्यवाला
राज़ीन (अ) = सन्तुष्ट
राज़ी (अ) = सन्तुष्ट, सहमत
राज़ीयत् (अ फा) = मै सन्तुष्ट हूँ
राअी (अ) = गडरिया
राकिब (अ) = आरोही, सवार
राकिब'ल् मवाशी (अ) = पशु पर सवार (हिन्दी—मवेशी)
राकिबात (अ) = (राकिबत=आरोहिणी का बहुवचन) आरूढाएँ
रान्दन (फा) = चलाना
रऔ (अ) = उन्होने देखा
राह (फा) = मार्ग
राहज़न (फा) = मार्ग के लुटेरे
रह न बुर्दा (फा) = राहों में न चला हुआ, अकृतयात्र
राय (अ) = सम्मति, विचार, निर्णय
राय ज़दन् (अ फा) = राय देना
रायत (अ) = झण्डा, चिह्न
रायत (अ) = तूने देखा
इज़ा रायत असीमन् (अ) = जब तू एक पापी को देखे
राए (अ फा) = एक राय, एक नया विचार
रब्ब (अ) = ईश्वर, स्वामी (स०—प्रभु)
रब्बु'ल् अर्ज़ि अनहु राज़िन् (अ) = पृथ्वी का स्वामी उस पर प्रसन्न हो
रुब्ब (अ) = बहुत से, अनेक
रुब्ब सदीक़िन् लामनी (अ) = अनेक मित्रो ने मेरी भर्त्सना की है
रिबात (अ) = धर्मशाला
रुबाई (अ) = चार चरणों का छन्द, चौकडा
रुबाईदन् (फा) = पकडना, लूटना

(ر — र)

रब्बना (अ) = हे हमारे प्रभु!
रबूदन् (फा) = छीनना, चुराना
रबीअ (अ) = वसन्त
रबीई (अ) वासन्ती
रज्म (अ) = पत्थर मारना
रज्मि'ल् अनाक़ीदि (अ) = फल के गुच्छों पर पत्थर मारना
रिहलत (अ) = कूच, विदा, मृत्यु
रह्मान (अ) = कृपालु, दयालु
अरहमानु'र्रहीम (अ) = सबसे बड़ा दयालु
रहमत (अ) = कृपा
रहमतु'ल्लाहि अलैहि (अ) = परमात्मा की कृपा उस पर हो
रहमत आवुर्दन् (अ फा) = कृपा करना
रहिल (अ) = यात्रा
रहीम (अ) = कृपालु
रुख़ाम (अ) = संगमर्मर
रख़्त (फा) = सामान, उपकरण
रुख़सार (फा) = गाल, कपोल
रख़्शन्दा (फा) = चमकता हुआ
रख़्शीदन् (फा) = चमकना
रद्द (अ) = रद करना, वापिस करना
रद्दे जवाब (अ फ़ा) = उचित उत्तर देना, प्रत्युत्तर
रज़ (फा) = अंगूर, द्राक्षा
रुज़्ज़ (अ) = चावल
रिज़्क़ (अ) = (रज़्क़ की प्राप्ति रिज़ा—स०—रिज़य) जीविका
रिज़्क़ुन् मक़्सूमुन् (अ) = निश्चित जीविका
रिसाला (अ) = पत्र, सन्धिपत्र
रसानीदन् (फा) = पहुँचाना, भेजना
रस्तगारी (फा) = छूट भागना, मुक्ति
रुस्तम (फा) = एक प्रसिद्ध वीर (ईरान के ज़ाल का पुत्र)
रस्तन् (फा) = मुक्त होना
रुस्तन् (फा) = उगना, बढ़ना
रस्ता (फा) = छूटा हुआ, मुक्त
रस्म (अ) = क़ानून, प्रथा, परम्परा
रस्मी (अ) = पारम्परिक
रसवा (फा) = बेइज़्ज़त
रसूल (अ) = सन्देशवाहक, दैवदूत
रसीदं'स्त (फा) = वह पहुँचा है
रसीदन् (फा) = पहुँचना
रश्शात (अ) = छिड़कना, छिड़काव
रश्फ़ (अ) = अन्तिम बूंद तक पीना
रश्फ़ु'ज़् ज़ुलाल (अ) = ठण्डे पानी को अन्तिम घूंट तक पीना
रश्क (फा) = ईर्ष्या
रिश्वत (अ) = उत्कोच

(ر — र)

रिश्वत ख़ुर्दन् (अ फा) = रिश्वत लेना
रिज़ा (अ) = सन्तोष, सहमति
रज़ी (अ) = वह सन्तुष्ट हुआ, वह सन्तुष्ट हो
रज़िय'ल्लाहु' अन्हु (अ) = सन्तुष्ट हो प्रभु उस पर
रज़ीना (अ) = सन्तुष्ट हैं हम
रज़ीना मिन् नवालिक बि'र्रहीलि (अ) = सन्तुष्ट हैं हम जाने देने की तेरी भेंट से
रुतब (अ) = ताज़ा सुर्ख़ खजूर
रआया (अ) = (राइयत—रैयत का बहुवचन) विषय, प्रजा
रिआयत (अ) = ध्यान देना, सुरक्षा, छूट देना
रिआयते ख़ातिर कर्दन् (अ फा) = (किसी की) इच्छाओं का आदर करना
रअद (अ) = वज्र निपात, ढोल की आवाज़
रअना (अ) = (अरअन का स्त्रीलिंग) सांवलांगी, सुन्दरी
रअय्यत (अ) = प्रजा किसान
राग़िबत (अ) = अभिलाषा, कामना, रुचि
रफ़्तार (फा) = गति, यात्रा
रफ़्तन् (फ़ा) = जाना
रुफ़्तन् (फा) = झाड़ना
रफ़्ता (फ़ा) = गया हुआ, मृतक
रफ़अ (अ) = उठाना, ऊँचा करना, पद से हटाना
रिफ़अत (अ) = राजजाता, शिष्टता
रफ़्क़त-रिफ़क़त-रुफ़क़त (अ) = सहयात्री, संगी-साथी
रफ़क़ति (अ) = संग-साथ में
रफ़ी (अ) = ऊँचा महान
रफ़ीक़ (अ) = साथी, मित्र
रिक़ाब (अ) = (रक़बत का बहुवचन) गर्दनें
रक़्स (अ) = नाच, नृत्य
रुक़आ (अ) = (हिन्दी में रुक़्का) पत्र, कागज़ या कपड़े का टुकड़ा थेगली
रुक़आ बर रुक़आ (अ फा) = थेगली पर थेगली
रक़म (अ) = लेख, मुहर, मुद्रा
रक़म (अ) = विपत्ति, दुर्भाग्य
रक़ीब (अ) = प्रतीक्षालु, प्रतिद्वन्द्वी
रुक़्यत (अ) = जादू, सम्मोहन, टोना, तन्त्र मन्त्र
रिकाब (अ) = पदाधार, पशु पर चढ़ने समय पैर रखने का छिद्र
रुकूबत (अ) = घूमना
रुकायती (अ) = मेरा घूमना
रकिबू (अ) = वे चढ़े
रका-रकत (अ) = नमाज़ प्रार्थना में अंगमुद्रा
रकीक (अ) = दुर्बल, पतला, नीचा, अकिञ्चन
रग (फा) = नस, शिरा, धमनी, रक्तवाहिनी
रगे जान (फा) = प्राणशिरा, महाशिरा

(ر — र)

रगज़न (फा) = रक्तमोक्षण करानेवाला
रिमायत (अ) = धनुर्विद्या, शरसन्धान
रमज़ान (अ) = उपवास का नवाँ अरबी मास, चान्द्रायण व्रत मास
रमक़ (अ) = अन्तिम श्वास (हिन्दी में—अभी भी रमक मार रही है)
रमा (अ) = उसने बाण मारा
रमानी (अ) = उसने मुझे बाण मारा
रमीदन् (फा) = भय से भागना, भयाक्रान्त होना
रंज (फा) = शोक, कष्ट (स०—रुज्, रुजन)
रंजानीदन् (फा) = अप्रसन्न करना, दुःख में डालना
रंजिश् (फा) = मन में गाँठ रखना, अपमान, द्वेष
रंजिश आमेज़ (फा) = अपमानपूर्ण, द्वेषपूर्ण
रंजूर (फा) = दुःखी, रुग्ण (स०—रुग्ण)
रंजूरी (फा) = रुग्णता, दुःख
रंजा (फा) = कष्ट, दुःख
रंजे (फा) = एक कष्ट
रंजीदन् (फा) = अप्रसन्न होना, अपमानित होना
रिन्द (फा) = अनिर्णयपात्र, दुराचारी, मद्यप
रंग (फा) = रंग (स०—रंग)
रंगारंग (फा) = बहुरंगी, विविध
रंगीन (फा) = रंगीन
रव-रौ (फा) = (तू) जा
रू (फा) = मुख, धरातल, कारण
बर रूए खाक (फा) = धरा पर
रवा (फा) = उचित, न्यायपूर्ण
रवा दाश्तन् (फा) = आज्ञापित करना, स्वीकार करना, सत्यापित करना
रवाँ (फा) = चलता हुआ, बहता हुआ, जीवन (स०—शानच् प्रत्यय)
रवाँ शुदन् (फा) = चलना, जाना, निकल पड़ना
रवाँ कर्दन् (फा) = रवाना करना, भेजना
रवाँ आसाय (फा) = चित्ताह्लादकर, प्रसन्न करनेवाला
रोब (फा) = (तू) झाड़, मिटा, पोंछ दे
रोबाह (फा) = लोमड़ी, भूरिमाय, किंखि
रोबीदन् (फा) = झाड़ना, धूल निकालना
रूह (अ) = आत्मा
क़ूते रूह (फा अ) = आत्मा का भोजन
रूद (फा) = नदीधारा
रवद (फा) = जाता है
रूदा (फा) = आँतें, स्नायु
रूदाए तंग (फा) = सकुचित स्नायु
रोज़ (फा) = दिन, दिवस (स०—रोघस्)
रोज़े दाद (फा) = न्याय का दिन
रोज़े शुमार (फा) = गणना का दिन, कयामत का दिन
रोज़े मैदान (फा) = युद्ध के दिन

(ر — र)

रोज़क (फा) = एक छोटा दिन
रोज़के चन्द (फा) = थोड़े से दिन
रोज़गार (फा) = दुनिया, समय, अवस्था, जीवन, जीविका
रोज़गार बुर्दन् (फा) = जीना, साथ देना
रोज़गारे नामुसाइद (फा अ) = प्रतिकूल समय
रोज़गारे (फा) = एक समय चक्र
रौज़न (फा) = रोशनदान, खिड़की, चिमनी, धुआरा
रोज़ा (फा) = उपवास
रोज़ा दाश्तन् (फा) = उपवास रखना
रोज़ी (फा) = सौभाग्य, जीविका
रोज़े (फा) = एकदिन
रोज़ीख्वार (फा) = जीविकाभुक्
रोज़ी दिह (फा) = रोज़ी देनेवाला
रऊसा (अ) = (रईस का बहुवचन) धनी-मुखिया लोग
रूस्पी (फा) = वेश्या, रूपाजीवा
रूस्ता (फा) = गाँव
रूस्ता ज़ादा (फा) = ग्रामपुत्र, ग्रामीण
रूस्ताई (फा) = किसान, गँवार
रूस्ताए (फा) = एक किसान
रूश-रौशन (फा) = प्रकाशित
रविश (फा) = गति, प्रथा, चरित्र, पगडंडी
रौशन (फा) = प्रकाशवान्
रौशनाई (फा) = प्रकाश, चमक
रौशनराय (फा अ) = स्पष्टरायवाला
रौशन कर्दन् } (फा) = चमकाना, प्रकाश डालना, दृष्टि देना
रौशन गर्दीदन् }
रौशन गुहर (फा) = प्रकाशित आत्मावाला
रौज़त-रौज़ा (अ) = फूलबाग, फूलमैदान
रौज़तन् माउ नह्रिहा सल् साल (अ) = फूलबाग—जिसकी क्यारियों का जल ठण्डा-मीठा था
रौग़न (फा) = तेल, घी
रूम (अ) = तुर्की साम्राज्य
रूमी (अ फा) = तुर्की, तुर्की सम्बन्धी
रवन्दा-रविन्दा (फा) = जाता हुआ, जानेवाला
रौनक़ (अ) = अलकार, सौन्दर्य, शान
रूय-रू (फा) = चेहरा, मुख
रू बरहम कशीदन् (फा) = चेहरा बिगाड़ना, नाक भौं चढ़ाना
रू कर्दन् (फा) = मुह मोड़ना
रवी (फा) = (तू) जाता है, (तू) जाये
रूयत (फा) = तेरा मुख
रूईदन-रोईदन् (फा) = उगना, उगाना (स०—रोहण)
रूईन (फा) = पीतल का
रूईन् चंग (फा) = पीतल के पंजोवाला

(ر — र)

रह् (फा) = राह, मार्ग, सड़क, रास्ता, मार्ग
रहा-रिहा (फा) = छुट्टी
रिहा कर्दन् (फा) = छोड़ना, छुट्टी देना
रिहानीदन (फा) = भगाना, बचाना, मुक्त करना
रिहाई (फा) = मुक्ति, छुट्टी
रहबानियत (अ) = (शब्दार्थ—भयप्रदर्शकत्व) ब्रह्मचर्य, साधुत्व
ला रहबानियत फिल् इस्लाम (अ) = नहीं है एकान्त साधुता इस्लाम में
रहबर (फा) = मार्गदर्शक
रह बुर्दन् (फा) = राह पाना, राजमार्ग पकड़ना
रहबरी (फा) = मार्ग दर्शन
रहज़न (फा) = लुटेरा, बटमार, मार्गचोर
रह गुज़र (फा) = चलने का रास्ता
रहीदन् (फा) = मुक्त होना
रिया (अ) = झूठ, दम्भ
रियासत (अ) = राज्य, मुखियागिरी
रैहान (अ) = एक सुगन्धित जड़ी-बूटी
रेख़्तन् (फ़ा) = फैलाना, बखेरना
रेख़्ता (फा) = फैला हुआ, बिखरा हुआ
रेज़ा (फा) = टुकड़ा, छत
रेसमान (फा) = रस्सी, (स०—रज्जु)
रेश (फ़ा) = व्रण, क्षत, घाव
रीश (फा) = दाढ़ी
रेशाँ (फा) = घायल, क्षताक्त, रक्ताक्त (शानच् प्रत्यय से)
रायाँ (अ) = जवानी पर आया हुआ (शानच् प्रत्यय से)
रेग (फा) = बालू (स०—रजस्)
रेगे रवाँ (फ़ा) = उड़ती बालू
रेव (फा) = धोखा, जाल

ز — ज़

ज़ि (फा) = (अज़ का संक्षिप्त रूप) से
ज़ाद (फा) = पाथेय
ज़ाद (फा) = (वह) पैदा हुआ (स०—जात)
ज़ादे राह (फा) = पाथेय
ज़ाद (अ) = वह बढ़ा, वह सर्वोच्च था
मा ज़ाद अला ज़ालिक (अ) = जो भी इनमें से अधिक हो
ज़ाद बूम (फा) = जन्मभूमि (स०—जातभूमि)
ज़ादगान् (फा) = बच्चे (ज़ाद का बहुवचन)
ज़ादगी (फा) = जन्म, पितृत्व, मातृत्व
ज़ादन् (फ़ा) = जन्म लेना (स०—जातम् स०—जात)
ज़ादा (फा) = उत्पन्न, पुत्र (स०—जात)
ज़ाद ए (फा) = एक पुत्र
ज़ार (फ़ा) = रोना, चीखना, कराहना, अभागा

(ز — ज़)

ज़ारी (फा) = रोना पीटना
ज़ाग़ (फा) = कौआ
ज़ाल (फा) = रुस्तम का पिता, प्रसिद्ध पहलवान
ज़ाले (फा) = एक वृद्धा स्त्री का नाम
ज़ाँ (फा) = (अज़ आँ) = उससे, उसकी अपेक्षा
ज़ाँकि (फा) = (अज़ आँकि) उससे कारण, क्योंकि
ज़ाँगह (फा) = तब से, उस समय से
ज़ानम् (फा) = (अज़+आँ+अम्) उसकी अपेक्षा मैं हूँ
ज़ानू (फ़ा) = जाँघ, घुटना (स०—जानु)
ज़ाहिद (अ) = भक्त, संयत जीवन बितानेवाला
ज़ाहित्तर (अ फा) = भक्ततर
ज़ाहिदी (अ फा) = भक्ति, संयम
ज़ाहिदे (अ फा) = एक भक्त
ज़ाइद (अ) = बढ़ता हुआ
ज़ाइदु'ल वस्फ़ (अ) = (वाणी से अधिक) अनिर्वचनीय
ज़ाइर (अ) = यात्री
ज़ाइल (अ) = क्षीयमाण, नष्ट होता हुआ
ज़ाइ दा-ज़ाय दा (फा) = जन्म देती हुई, माता
ज़ाईदन् (फा) = पैदा करना
ज़बान (फा) = जिह्वा, भाषा
ज़बान आवर (फा) = प्रवृत्तवाक्, व्याख्याता, वक्ता
ज़बान आवरी (फा) = वाग्मिता, वावदूकता, मुखरता
ज़बाँ बुरीदा (फ़ा) = कटी ज़ुबानवाला, मौन
ज़बाँ दराज़ (फा) = लम्बी जीभवाला, अनर्गल प्रलाप करनेवाला
ज़ुबाँ दराज़ी (फा) = अनर्गल प्रलाप करना
ज़ुबा दर कशीदन् (फा) = ज़बान अन्दर खींचना, चुप रहना
ज़बाना (फा) = लपट, लौ, अग्नि
ज़बाने (फा) = एक ज़ुबान, कोई भाषा
ज़बाने कि दाश्त (फा) = वह भाषा जो कि वह धारण करता था, जो मुँह पर आया
ज़बरदस्त (फा) = बलवान्, अत्याचारी
ज़बरीन (फा) = ऊपरला, ऊँचा
ज़बूनी (फा) = नीचता, दुष्टता
ज़ि बहरे (फा) = के लिये
ज़बीब (अ) = सूखे छुहारे, किशमिश
ज़ि पाय दर आवुर्दन (फा) = पैरों को अन्दर रखना, गिरना साष्टांग प्रणाम
ज़ि पस (फा) = पश्चात्
ज़ज्र (अ) = ताड़न, डाँटना, तिरस्कार, बाधा, विरोध, हिंसा
ज़हमत (अ) = असुविधा, तकलीफ़, अशान्ति
ज़ख़्म (फा) = घाव (स०—क्षतम्)
ज़ख़्म ख़ुर्दा (फा) = घाव खाया हुआ, घायल

(,—ज़)

ज़ख़्मा (फा) = सारगी-बेला-दिलरुबा आदि तन्तुवाद्यो को बजाने की कमान, गज (स०—वल्लकी पत्रम्)
ज़ि ख़ुद (फा) = स्वत , अपने आपसे
ज़दन् (फा) = चोट मारकर घायल करना
ज़र-ज़र्र (फा) = सोना, धन (स०—स्वर्ण)
ज़र्रे जाफ़री (फा) = शुद्धतम स्वर्ण, कुन्दन
ज़र अन्दूद (फा) = साने से मढा, स्वर्णालकृत
ज़र्द (फा) = पीला (स०—हरिद्र)
ज़रअ (अ) = बोना, बुवाई करना, बोया हुआ खेत
ज़रअ व तिजारत (फा अ) = कृषि और व्यापार
ज़फ़ (अ) = शान, दम्भ, जाल
ज़ुर् नी (अ) = जियारत कर मेरी, मेरे यहा आ
ज़ुर् नी ग़िब्बन् (अ) = मेरे यहाँ आ एक दिन के अन्तर से
ज़रीन, ज़र्रीन (फा) = स्वर्णिम (ग्व प्रत्यय से सम्पन्न)
ज़िश्त (फा) = बुरा, भद्दा (स०—दुष्ट)
ज़िश्त ख़ू (फा) = बुरे स्वभाववाला, दु शील
ज़िश्त ख़ूए (फा) = एक दु शील व्यक्ति
ज़िश्त रू (फा) = कुरूप व्यक्ति
ज़िश्त रूई (फा) = कुरूपता
ज़िश्तनामी (फा) = बदनामी
ज़िश्ती (फा) = बुराई
ज़कात (अ) = दायभाग, निधना को चालीसवा भाग इस्लाम में विहित है
ज़ुलाल (अ) = ठण्डा, शीतल जल
ज़ल्लत (अ) = पदस्खलन, भूल, गलत काम
ज़ुल्फ़ (फा) = केशो की लट, छल्ला
ज़ुम्म (अ) = (ऊँट) लादा गया
ज़ि मा (फा) = हम से, हमारे से
ज़िमाम (अ) = नकेल, लगाम
ज़मान (अ) = समय, काल ऋतु
ज़मान'ल् वस्ल (अ) = सयोग काल, मिलने का समय
ज़माना (अ फ़ा) = समय, विश्व
ज़माने (अ फा) = एक समय
ज़मख़्शहरी (फा) = ख्वारिज़्म के अतगत ज़मख़्शहर या प्रसिद्ध वैयाकरण 'अबुल कासिम महमूद ज़मख़्शहरी'
ज़ुम्रा (अ) = घेरा, भीड
ज़ुमुर्रदीन (फा) = जमुरद (पन्ना) के रग का
ज़मज़मा (अ) = गा कर पढना, गुनगुनाहट
ज़मिस्तान (फा) = हेमन्त ऋतु, जाडे (स०—हेमन्त)
ज़मन (अ) = समय, ऋतु
ज़ि मन् (फा) = मुझसे
ज़मी-ज़मीन (फा) = धरती (स०—ज्मा)
ज़न (फा) = स्त्री, पत्नी

(,—ज़)

ज़न ख़्वास्तन् (फा) = नारी की कामना करना, विवाहैषणा
ज़न कर्दन् (फा) = औरत करना, विवाह करना
ज़नो फ़र्ज़न्द (फा) = स्त्री पुत्र
ज़ने बारदार (फा) = भारधरा नारी, गर्भिणी स्त्री
ज़म्बूर (अ) = ततैया, बर्रे
ज़म्बूरम् (अ फा) = मैं ततैया हू
ज़न्जीर (फा) = बेडी, जन्जीर
ज़न्जीरे पाय (फा) = बेडियाँ, पादबन्धन
ज़नख़्दान (फा) = ठोडी, निचला जबडा, चिबुक
ज़न ख़्वास्ता (फा) = कृतविवाह, ऊढ
ज़िन्दान् (फा) = कारा, बन्दीगृह
ज़िन्दगानी (फा) = जीवन
ज़िन्दा (फा) = जीवित
ज़िन्दा कर्दन् (फा) = पुनर्जीवित करना
ज़िन्दीक़ (अ) = (फारसी जिन्द या ज़िन्दीक का अरबी रूप) अग्निपूजक, नास्तिक, मिथ्यादेव
ज़ग (फा) = ज़ग, काई, मोरचा
ज़गार (फा) = काई, मोरचा
ज़गख़ुर्दा (फा) = ज़ग खाया हुआ
ज़गी (फा) = इथियोपिया सम्बन्धी (सजर के वश का नाम जिसने अतावक के विरुद्ध से अपना वश स्थापित किया)
ज़िन्हार (फा) = रक्षा करना, देखभाल
ज़नी (फा) = स्त्रीत्व
ज़ने (फा) = एक स्त्री
ज़वाल (अ) = अपकर्ष, पतन
ज़ूद (फा) = जल्दी, चपल (स०—सद्य)
ज़ूदतर (फा) = चपलतर
ज़ूदी (फा) = चपलता, गति
ब ज़ूदी (फा) = शीघ्रतापूर्वक
ज़ोर (फा) = शक्ति, हिंसा
ज़ोर आवुर्दन् (फा) = ज़ोर से काम लेना
ज़ोर आज़मा (फा) = शक्ति का प्रयोग करनेवाला
ज़ोर आज़माए (फा) = एक बलशाली व्यक्ति
ज़ोरावर (फा) = शक्तिशाली
ज़ोरावरी (फा) = शक्तिमत्ता
ज़ौरक़ (अ) = छोटी नाव
ज़ोरमन्द (फा) = सशक्त
ज़ोरमन्दी (फा) = सशक्तता
ज़ोरमन्दे (फा) = एक बलवान् व्यक्ति
ज़ौज़न (फा) = हिरात और निशापुर के बीच में स्थित एक नगर
ज़िह् (फा) = प्रत्यञ्चा, धनुर्गुण (स०—ज्या)
ज़िह् कर्दन् (फा) = धनुष पर रस्सी चढाना

(ز — ज़)

ज़ुह्हाद (अ) = (जाहिद का बहुवचन) धार्मि , [illegible]र्मी लोग
ज़हार (फा) = गुप्ताङ्ग
ज़ुहद (अ) = सयम
ज़हर (फा) = विष
ज़हरे क़ातिल (फा अ) = घातक विष
ज़ुहरा (फा) = उदर, साहस, उत्साह
ज़ियादत-ज़ियादा (अ) = वृद्धि, बढा हुआ
ज़ियादत कर्दन् (अ फा) = बढ़ावा, उठाना
ज़ियादत गर्दीदन्-शुदन्-गश्तन् (अ फा) = शक्तिशाली होना
ज़ियादा हुस्नी (अ फा) = अतीव सौन्दर्य
ज़ियारत (अ) = यात्रा, धर्मयात्रा
ज़ियारतगाह (अ फा) = यात्रास्थल
ज़ियां (फा) = हानि
ज़ीब-ज़ेब (फा) = अलकार, शोभा (स०—शोभा)
ज़ीबा-ज़ेबा (फा) = सुन्दर, शोभित
ज़ीबक (फा) = पारा
ज़ेबीदन् (फा) = शोभित करना, अलकृत करना
ज़ैद (अ) = एक व्यक्ति का नाम
ज़ैदी (फा अ) = तू ज़ैद के वश में है, ज़ैद का ह
ता अब्रो, वक्रो ज़ैदी (फा) = जब तक तू अभ्र-वक्र और ज़ैद (अर्थात् जिस तिस) का पुजारी है
ज़ेर (फा) = नीच
ज़ेरे बार शुदन् (फा) = भार के नीचे होना, कष्ट मे होना
ज़ीरा कि (फा) = चूंकि, इसके कारण, क्योंकि
ज़ेर दस्त (फा) = शक्तिहीन, अत्याचार पीडित
ज़ेर दस्त आज़ार (फ़ा) = निर्बल को सतानेवाला
ज़ीरक (फ़ा) = चपलमति, बुद्धिमान्
ज़ीरकी (फा) = चपलता, बुद्धिमत्ता, प्रतिभा
ज़ेरीन (फा) = नीचेवाला (ज़ेर में 'ख' प्रत्यय)
ज़ीस्तन् (फा) = जीवित रहना, बच रहना
ज़ि यक (फा) = (अज़ यक का सक्षेप) एक से
ज़ीं (फ़ा) = (अज़ ईं का सक्षेप) इससे
ज़ैनब (अ) = मुहम्मद साहब की एक पत्नी
ज़ीनत (अ) = शृङ्गार
ज़ीनहार कर्दन् (फा) = रक्षा करना
ज़ेवर (फा) = आभरण, अलकार

ژ — झ़

झ़ाल (फा) = पुकार
झ़ न्दा (फा) = पुराना थेगलीदार वस्त्र
झ़ियां (फ़ा) = वीर, भयानक

س — स

साबिक़ (अ) = पहला, गत, पिछला
साबिक़ुल् इनआम (अ) = पहले पुरस्कार
साबिक़त-साबिक़ा (अ) = (स्त्रीलिंग) गत, पिछला
सातिर (अ) = पर्दे में, छुपी हुई, गुप्त
फ़ुन सातिरन् (अ) = हो छुपानेवाला (उसके दोषों का)
साख़्तन् (फा) = करना, प्रस्तुत करना, व्यवस्था करना
साज़ (फा) = सगीतवाद्य
साज़ कर्दन् (फा) = प्रस्तुत करना, व्यवस्था करना
साअत (अ) = समय, वेला, घडी
साअते (अ फा) = एक घडी
साइद (अ) = कलाई से कुहनी तक का हिस्सा, प्रकोष्ठ
साइदुहू (अ) = उसकी कलाई
साक़ (अ) = टांग
साक़ी-साक़िन् (अ) = (शुद्ध रूप—साक़ियुन्) प्याला परोसनेवाला
व हुव साक़िन् (अ) = और वह साकी है
साक़ी (अ) = साकी, प्याला परोसनेवाला
साल (फा) = वर्ष
सालार (फा) = सेनापति, सेनानायक
सालिक (अ) = यात्री
सालिकाने तरीक़ (अ फा) = पथ के यात्री, यात्रीगण
सालगी (फा) = आयु, वर्षीयता
साला (फा) = वर्षों का
पजसाला (फा) = पाच वर्षों का
सालहा (फा) = अनेक वर्ष
साले (फा) = एक वर्ष
साले चन्द (फा) = कुछ वर्ष
साले दू (फा) = एक दो वर्ष
सालियान् (फा) = अनेक वर्ष
साइर (अ) = अवशेष, शेष, समस्त (हि०—सारे)
साइल (अ) = सवाल करनेवाला, सवाली, अर्थी, याचक
साया (फा) = छाया (स०—छाया)
सायापवर्दा (फा) = छाया में पला हुआ, घर के दुलार मे पाला गया, कच्चा, अनुभवशून्य
सायीदन् (फा) = पीसना, चूर्ण करना
सबब (अ) = कारण
सुबहान'ल्लाह (अ) = पवित्र परमात्मा
हयक़ सुबहानहू तआला (अ) = परमात्मा पवित्र और महान्
सब्ज़ (फा) = हरा
सब्ज़ा (फा) = हरियाली
सुबुअ (अ) = सात (स्त्रीलिंग में)
हफ्त सुबुअ (फा अ) = सात बार, ये सात अध्याय

(س — स)

सुबुक-सुबक (फा) = छोटा
सुबुक बार (फा) = हल्के बोझवाला
सुबुक पा (फा) = हलके पैरवाला, चपल, बेनिचावला
सुबुक तगीन (फा) = छोटा नगीन, महमूद गजनवी का पिता
सुबुकसर (फा) = हलके दिमागवाला, कम अक्ल
सुबुकसरी (फा) = हलका दिमाग का होना
सबील (अ) = मार्ग, पथ, गड्ढा
बर सबीली (फा अ) = के मार्ग से, के द्वारा
सिपास (फा) = धन्यवाद, कृतज्ञता
सिपाह (फा) = सैन्य, सेना
सिपाही (फा) = सेना का एक सिपाही, योद्धा
सिपर (फा) = ढाल
सिपर अन्दाख़्तन् (फा) = ढाल छोड़ना, युद्ध में हथियार फेंकना हार मानना
सिपर बाज (फा) = ढाल से खेलनेवाला, चतुर योद्धा
सिपुर्दन् (फा) = विश्राम में लेना, सौंपना
सिपरी शुदन् (फा) = पूर्ण होना, समाप्ति पर आना
सिपन्द (फा) = जंगली जड़ी (जिसको जलाने से कड़वा धुआ, निकलता है)
अस्त (फा) = है
सितारा (फा) = तारा
सितादन् (फा) = लेना, पकड़ना
सितायश (फा) = प्रशंसा, प्रशस्ति
सितादन् (फा) = लेना, स्वीकार करना
सितुदन् (फा) = हजामत करना, मुडन
सितम (फा) = आतंक, अत्याचार
सितमदीदा (फा) = जुल्म भुगते-देखे हुए
सितमगर-सितमगार (फा) = अत्याचारी
सितमगारी (फा) = अत्याचार
सितमे (फा) = एक अत्याचार
सितूदन् (फा) = प्रशंसा करना (स०—स्तुतम्)
सुतूर (फा) = बोझा ढोनेवाला पशु (जैसे—गधा, घोड़ा, टट्टू आदि)
सुतून (फा) = स्तम्भ, आधार (स०—स्थूण)
सुतूह (फा) = थकित, मार खाया हुआ, ग्रस्त, भीत
सितेज (फा) = (तू) अड जा, लड जा, सघर्ष
सितेजाम् (फा) = झगडालू आकृतिवाला
सितेजा (फा) = सघर्ष
सितेजीदन् (फा) = सघर्ष करना
सज्अ (अ) = चिड़ियों की चहचहाहट, कपोतकूजन, अनुप्रासयुक्त भाषण (जैसे—आगा सोई घर नहीं—हमें किसी का डर नहीं)
सजाग़ो (अ फा) = तुकबंद, अनुप्रासी
सुजूद (अ) = प्रणति, पूजा
सहबान वाइल (अ) = एक प्रसिद्ध अरब कवि

(س — स)

सहर (अ) = प्रभात, उष काल
मुर्गे सहर (फा अ) = बुलबुल
सहरगह (अ फा) = प्रात काल
सहरी (अ फा) = प्रभातकालीन
सहरे (अ फा) = एक प्रभात, किसी प्रभात
सख़ा (अ) = उदारता
सख़्त (फा) = कठिन, कठोर, कष्टदायक
सख़्तपाय (फा) = कठिनपाद, कठोर साधक
सख़्ती (फा) = कठोरता
सख़्ती कशीदन् (फा) = कठोरता सहन करना
सुख़रा (अ) = श्रम करने के लिये विवश, बेगार
ब सुख़रा गिरिफ़्तन् (फा अ) = बलात् बेगार लेना
सुख़न (फा) = वाक्य, काव्य (स०—सूक्तम्)
सुख़न पैवस्तन् (फा) = वाणी में पैवस्त लगाना, समर्थन में कुछ कहना
सुख़नची (फा) = चिरस्ता कहनेवाला
सुख़नवी (फा) = सुभाषित
सुख़ने (फा) = एक सुभाषित, कोई सूक्ति
सुख़ने चन्द (फा) = कुछ सुभाषित, थोड़े से शब्द
सद्द (अ) = रोक, बाट, थाम, अवरोध
सद्दे रमक़ (अ) = जीवन को जाने से रोकनेवाला, (दोनों श अरबी हैं—प्रयोग फारसी है)
सर (फा) = सिर, चोटी, ऊँचाई, सिरा, मुखिया
अज सर (फा) = नये सिरे से
सिर (अ) = रहस्य
सर्रा (अ) = (प्रतिपर्याय जर्रा) सुख-शान्ति, प्रसन्नता
सिराज (अ) = दीपक
सिराजु'ल्मिल्लति'ल् बाहिरति (अ) = अत्यन्त ज्योतिमय समदीप
सराचा (फा) = अन्त पुर
सराचा ए दिल (फा) — हृदय का अन्तरंग भाग
सरजाम (फा) = परिणाम, समाप्ति, कार्यसिद्धि के उपाय
सरन दीब (फा) = लंका, (स०—स्वर्ण द्वीप)
सर अगुश्त (फा) = अगुलियों के सिरे, पोरुए
सराय (फा) = यात्रीनिवास, भवन
दर सराय (फा) = सराय में पहुँचा हुआ, सुस्थित
सराये दिगर (फा) = दूसरी सराय (अर्थात् परलोक)
सराये (फा) = एक भवन
सराईदन (फा) = गाना, गुनगुनाना, बजाना
बसर बुदन् (फा) = सिरे पर लाना, समाप्ति पर लाना, पूर्ण करना
सरपंजगी (फा) = पाँच अगुलियों की शक्ति, पंजा
सरपंजा (फा) = खुला पंजा, फैला पंजा
सर तेज (फा) = गर्म दिमागवाला
सुर्ख़ (फा) = रक्तवर्ण

(س — स)

सगे (फा) = एक कुत्ता
सल (अ) = (तू) मांग
सिलाह् (अ) = शस्त्रास्त्र
सलातीन (अ) = (सुल्तान का बहुवचन) राजा लोग
सलाम (अ) = शान्ति, प्रणाम
सलामत (अ) = सुरक्षा, शान्ति, योग-क्षेम
अस्सलामतु फ़िल् वह्दति (अ) = शान्ति एकान्त में है
सलामे (अ फा) = एक प्रणाम
सिलाहशोर (फा) = शस्त्रविद्या निष्णात, (सं०—शूर)
सलसाल (अ) = ठण्डा मीठा पानी
सिलसिला (अ) = क्रम
सुल्तान (अ) = राजा, सम्राट, शासक
सुल्तानु'ल् बर्रे व'ल् बहरि (अ) = पृथ्वी और सागर का शासक
सुल्तानी (अ फा) = सुल्तान का शासन
सुल्ताने (अ फा) = एक सुल्तान
सल्तनत (अ) = सुल्तान का शासन, शक्ति
सल्तानी (अ फा) = (तू) सुल्तान का है
सिल्क (अ) = डोरा, धागा, सूत्र
सल्मि (अ) = वह सुरक्षित—था
व इन् सल्मि'ल् इन्सानु (अ) = और भले ही मानव सुरक्षित होता
सल (फ़ा) = सालसाला, वर्षीय
सलीम (अ) = सज्जन, सरल, स्वस्थ, भोला
सुलेमान (अ) = सुलेमान नामक राजा
समा (अ) = आकाश, राग
समाहत (अ) = उपकार, उदारता
समात-सिमात (अ) = भोजन से लदा हुआ दस्तरख्वान
समाअ-समाअत (अ) = सुनाई, दरवेशों का घूमकर नाच-गान
समअ इन्ना हुस्नि'न् अग़ानी (अ) = मेरे कान संगीत के सौंदर्य की ओर प्रवृत्त हैं
समिअत (अ) = (उस स्त्री ने) सुना
लौ समिअत वुर्क़ुल् हमा (अ) = यदि सुनती हरी पत्तिया
समन्द (फा) = अच्छी नस्ल का घोड़ा जिसके काली पूछ और काले पैर हों, (भारत में श्याम वर्ण घोड़े अच्छे माने जाते थे)
समूम (अ) = रेगिस्तानी लू
समीन (अ) = मोटा-ताजा
सिनान (अ) = भाला
सुम्बुल (फ़ा) = एक सुगन्धित फल
सुन्नत (अ) = मुहम्मदीय परम्परा जो कि मुसलमानों के लिये कुरान के समान पालनीय है
सजार (फा) = ईरान का एक नगर
सजीदन् (फा) = सोचना, विचारना
सग (फा) = पत्थर
सग जदन् (फा) = पत्थर मारना

(س — स)

सग ख़ुर्दा (फ़ा) = छोटा पत्थर (सं०—क्षुद्र)
सग दिल (फा) = पाषाण हृदय, पत्थर जैसे दिलवाला
सगसारी (फा) = पत्थर मारना
सगी (फा) = भारी, बोझिल
सगे (फा) = एक पत्थर
सगीन (फा) = पत्थर का-सी, भारी
सिन्नौर (अ) = बिल्ली
क सिन्नौरि माल्ज़्बिन् (अ) = जैसे दबी बिल्ली
सू (फा) = दिशा, की ओर
ब सू ए आसमान (फा) = आकाश की ओर, ऊर्ध्वा दिशा में, स्वर्ग की ओर
सू (अ) = बुराई
क मिन् सू ए ज़न्नि'ल मुद्दई (अ) = शत्रुओं के बुरे चीतने पर भी
मिन् सूए नफ्सिहि (अ) = उसकी प्रकृति की दुष्टता से
सवाबिक़ (अ) = (साबिक का बहुवचन) पिछली बातें
सवाबिक़ि निअमत (अ फा) = पहले उपकार
सवाद (अ) = कालापन, अंधेरा
सवादु'ल् वजहि (अ) = चेहरे का कालापन
सवार (फा) = घुड़सवार, (सं०—अश्वारोही)
सवारम् (फा) = (मैं) सवार हूँ
सवारी (फा) = (तू) सवार है
सवारे (फा) = एक सवार
सवाल (अ) = प्रश्न
सोख्तन् (फा) = जलाना, सुखाना (सं०—शोष)
सूद (फा) = ब्याज, लाभ, उपयोग (सं०—कुसीद)
सूद दाश्तन् (फा) = प्राप्त करना, लाभ उठाना
सौदा (फा) = उन्माद (सं०—समद)
सूदमन्द (फा) = लाभकारक
सूदन् (फा) = मलना, नष्ट करना मिटाना (सं०—सूदन, जैसे—शत्रुसूदन, मधुसूदन)
सूदे (फा) = एक लाभ
सूराख़ (फा) = छिद्र
सौरत (अ) = राजशक्ति, राजमद, कुनबापरस्ती
सूरा (अ) = कुरान का अध्याय
सोज़ (फा) = गरमी, जलन
सोज़ाँ (फा) = जलता हुआ, लपटें निकलती हुई ('शानच्' के योग से)
सोज़न (फा) = सुई (सं०—सूची, सूचन)
सोज़ीदन् (फा) = जलना
सौगन्द (फा) = शपथ
सौगन्द ख़ुर्दन् (फा) = क़सम खाना, शपथ उठाना
सव्वलत (अ) = (उस स्त्री ने) जाल रचने को प्रेरित किया
सव्वलत अकुम अन्फसुकुम् अम्रन् (अ) = तुम्हारी प्रकृतियों ने जाल रचने को प्रेरित किया

(س — स)

सोयम्-सिवम् (फा) = तीसरा, तीसरी
सूहान-सूहन (फा) = आरी, करपत्र
सिवा (अ) = अतिरिक्त, छोडकर
सिह् (फा) = तीन
सिह् बार (फ़ा) = तीन बार
सिह् शश (फा) = तीन छक्के (अक्षद्यूत में)
सहल (अ) = आसान, सरल (स०—सरल)
सहलन् (अ) = आसानी से
सहलतर (अ फ़ा) = सरलतर
सहलजू (अ फा) = सरल मार्ग की ओर प्रवृत्त, सरल प्रवृत्ति
सहलगो (अ फा) = सरलता से बोलनेवाला, वाग्मी
सहली (अ फा) = सहलता, सज्जनता
सहमगीन (फ़ा) = भयभीत
सिह्री (फा) = सीधा, सतर
सिह् यक (फा) = तीन इक्की, तीन इक्के (जुए के)
सुहैल (अ) = एक तारा, (*Canopus*-बृहस्पति)
सी (फा) = तीस (स०—त्रिंश)
सैयाह (अ) = यात्री, पर्यटक
सियाहत (अ) = यात्रा, पर्यटन
सैयाहे (अ फ़ा) = एक यात्री
सियासत (अ) = राजनीति, शासन, दण्ड
सियाक़त (अ) = आगे बढ़ाना, ले चलना, प्रेरित करना
सियाक़ते सुख़न (अ फ़ा) = वादविवाद को आगे बढाना, बात करते जाना
सियाह (फ़ा) = काला, कृष्णवर्ण
सियाहदिल (फ़ा) = काले दिलवाला, दुर्विचारी
सियाह फाम (फ़ा) = कृष्णवर्ण, श्यामच्छाय
सियाहगोश (फा) = (शब्दार्थ—श्यामकर्ण) जरख
सियाही (फा) = कालापन
सियाहे (फ़ा) = एक हब्शी
सेब (फ़ा) = सेवफल
सेबे (फ़ा) = एक सेब
सीख़ (फ़ा) = भूनने की सलाई, शूल्य
सैय्यद (अ) = स्वामी
सैय्यदु'ल् अम्बिया (अ) = नबियों का स्वामी, मुहम्मद साहब
सैय्यदे आलम (अ) = विश्व का स्वामी
सैर (अ) = सैर, घूमना, पुस्तक का अध्ययन
सियर (अ) = (सीरत का बहुवचन) गुणो
सेर (फ़ा) = पूर्ण तृप्त, संतृप्त
सीर (फ़ा) = लहसन
सेरनिगाह (फ़ा) = तृप्त दृष्टि, भर नज़र देखना
सीरत (अ) = गुण
सेरी (फा) = तृप्ति

(س — स)

सीसद (फा) = तीन सौ (स०—त्रिशत)
सफ (अ) = तलवार
सैल (अ) = लहर, बाढ़, ज्वार
सैलाब (अ फा) = बाढ
सैले (अ फा) = एक बाढ
सीली (फा) = थप्पड मारना
सीम (फा) = चाँदी
सीमा (फा) = मस्तक, मस्तक के चिह्न, लक्षण
सीमीन (फा) = चाँदी का, कोमल, उज्ज्वल
सीना (फा) = छाती
सीवुम्-सोयम् (फा) = तीसरा, तीसरी

ش — श

अश् (फा.) = उसको, उसका, उसरा
शायह (अ) = उसने तुलना की, वह लगता है
शावह बि'ल् बरा हिमार इज्लन् जसदन् (अ) = बहुत से आदमियों में एक गधा, सुनहरा बछेडा जैसा
शातु (अ) = भेड-बकरी
अश्शातु नजीफतुन् (अ) = भेड हलाल होती है
शाख़ (फ़ा) = डाली (स०—शाखा)
शादमान (फा) = प्रसन्न (स०—सादमान)
शादमानी (फा) = प्रसन्नता
शादी (फा) = प्रसन्नता
शादी कुनान (फ़ा) = प्रसन्न होनेवाले (स०—कुर्वाण)
शाशीदन् (फा) = मूतना
शातिर (अ) = साहसी, वीर, सक्रिय
शायर (अ) = कवि
शाफी (अ) = शफा देनेवाला, स्वस्थ करनेवाला
शाकिर (अ) = कृतज्ञ, शुक्रिया करनेवाला
शागिर्द (फ़ा) = शिष्य, सेवक
शाम (अ) = सीरिया, इराक
शामियान (अ फ़ा) = सीरियाई लोग, शाम निवासी
शाअन् (अ) = चीज़, मामला, व्यवहार
शान (फा) = प्रकृति, अवस्था, तड़क-भडक
दर शाने (फा) = के विषय में
शाह (फ़ा) = राजा (स०—शास्)
शाहिद (अ) = प्रेमिका, प्रेमी, प्रियपात्र, गवाह
शाहिद पिसर (अ फा) = प्रिय पुत्र
शाहिदी (अ फा) = धृष्टता, अपमान
शाहनामा (फा) = राजवंशावली, फिरदौसी का प्रसिद्ध ग्रंथ
शाहन्शाहु'ल् मुअज्ज़म (अ) = महानतम राजाधिराज
शाहन्शाह (फा) = राजाधिराज
शाही (फा) = राजकीय, शाह की शाही

(ش — श)

शायद (फा) = सम्भवत
शायिस्तन् (फा) = उपयुक्त होना, सगत होना
शायिस्ता (फा) = उपयुक्त, सगत, योग्य
शायीदन् (फा) = योग्य होना
शब (फा) = रात, आज रात (स०—शर्वरी)
शबे क़द्र (फा अ) = शक्ति रात्रि (रमज़ान मास की १७वी रात जब कुरान स्वर्ग से भेजी गई थी)
शबाब (अ) = यौवन
शबान-शुबान (फा) = गडरिया
शबोरोज (फा) = रात दिन
शबान् गाह् (फा) = रात्रिकाल, सन्ध्या, रात घिरना
शबपारा, शपारा, शप्पारा (फा) = चमगादड (शब्दार्थ—रात में उडनेवाला)
शबख़ेज़ (फा) = रात में उठनेवाला, जल्दी जागनेवाला, चौकीदार
शबअ्-शबिअ (अ) = तृप्ति
शबिया (अ) = (वह) तृप्त हुआ, (वह) तृप्त हो
इज़ा शबि'ल् फमिय्यु (अ) = जब योद्धा का पेट तृप्त होवे
शबगाह (फा) = रात्रिकाल, सन्ध्या
शबनम (फा) = ओस
शबह (अ) = काँच का दाना, मनका
शबे (फा) = एक रात
शप्पारा चश्म (फा) = चमगादड की आँखवाला, अधा
शिता (अ) = शीतकाल में, जाडो में (सस्कृत में 'दोषा', 'दिवा' की भाँति 'शीता' भी अव्ययपद रहा होगा)
शिताब (फा) = जल्दी, शीघ्रता
शिताबाँ (फा) = जल्दी करनेवाला, त्वरमाण
शिताफ्तन् (फा) = जल्दी करना
शुतुर (फा) = ऊँट (स०—उष्ट्र)
शुतुरे सालिह् (फा अ) = सालिह नामक ईश्वर दूत का ऊँट (जो कि उसने पत्थर में से पैदा कर दिखाया था)
शुतुरबार (फा) = ऊँट का बोझ, भारवाही ऊँट
शुतुरबान (फा) = ऊँट चालक
शुतुरबच्चा (फा) = ऊँट का बच्चा, दासेरक
शजाअत (अ) = साहस, वीरता
शजर (अ) = वृक्ष
शह्ना (अ) = पुलिस का अध्यक्ष
शख़्स (अ) = व्यक्ति
शख़्सम् (अ फा) = मेरा व्यक्तित्व
शख़्से (अ फा) = एक व्यक्ति
शिदाद (अ) = (शदीद का बहुवचन) कडा, कठोर
शिद्दत (अ) = कठिनाई, कठोरता
शुदन् (फा) = होना, जाना, प्रवेश करना
शुदाए (फा) = वह एक, जो हो चुका

(ش — श)

चि शुदे (फा) = क्या होता
शर्र (अ) = दुष्टता, दुर्जनता
शराब (अ) = मद्य
शरबत (अ) = एक घूट, मधुरपेय
शरिब्तु (अ) = मैंने पिया
शरबते आबी (अ फा) = पानी की एक घूंट
शरबते (अ फा) = एक घूंट
व लौ शरिब्तु बुहूरा (अ) = भले ही मैं सागरो को पी जाता
शरह (अ) = परमात्मा हृदय खोले (धर्म की ओर)
शरह सद्रहु (अ) = वह खोले उसका वक्ष
शर्ज़ा (फा) = भयकर
शर्त (अ) = शर्त
शुर्त (अ) = मन्द मधुर अनुकूल पवन
शरअ (अ) = कानून, धर्मशास्त्र, मुस्लिम धर्मशास्त्र
शरई (अ) = धर्म विषयक
शरफ़ (अ) = महानता, भद्रता, महत्ता (धर्म की)
शर्म (फा) = लज्जा
शर्मज़दा (फा) = शर्म से मारा हुआ, लज्जित
शर्मसार (फा) = शर्म से भरा हुआ
शर्मसारी (फा) = लज्जा से भरना
शरह् (अ) = भूख, लोभ, वासना
शरीफ (अ) = सज्जन
शरीक (अ) = साझीदार
शुस्तन् (फा) = धोना
शश (फा) = छै (स०—षट्)
सिह शश (फा) = तीन छक्के
शशम् (फा) = छठा, छठवा (स०—षष्ठ)
शस्त (फा) = साठ (स०—षष्ठि)
शतरज (फा) = शतरज नामक चौसर का खेल
शिअब (अ) = घाटी, उपत्यका
शेर (अ) = कविता
शुअरा (अ) = कविगण (शाअर का बहुवचन)
शिफा (अ) = स्वास्थ्य लाभ
शफाअत (अ) = दूसरो के लिये प्रार्थना करना
शिफा याफ्तन् (अ फा) = स्वास्थ्य लाभ करना
शफत (अ) = ओठ, अधर
शफति'स्साइमि (अ) = उपवासी के अधर, लटके होठ
शफ़क़त (अ) = दया, उदारता, सहानुभूति
शफी (अ) = वकील, सिफारिश करनेवाला
शफी आवुर्दन् (अ फा) = वकील को चुनना-लाना
शुक़ूक़ (अ) = (शक्क का बहुवचन) दरार, छेद
शक्क (अ) सन्देह
शिकारगाह (फा) = शिकार का मैदान, जगल

(ش — श)

शिकारी (फा) = व्याध, लुब्धक, आखेटक
सगे शिकारी (फा) = शिकारी कुत्ता
शिकायत (अ) = शिकायत
शिकायत कर्दन् (अ फा) = शिकायत करना
शकर (फा) = चीनी, खाँड (स०—शकरा)
शुक्र (अ) = धन्यवाद
शुक्रन् (अ) = धन्यवाद देते हुए
शकरख़न्दा (फा) = मीठी मुसकानवाला
शुक्र गुज़ारदन् (अ फा) = धन्यवाद करना
शुक्रे निअमत (अ फा) = एक कृतज्ञता का कार्य, एक धन्यवाद
शुक्रे (अ) = एक धन्यवाद
शिकस्त (फा) = तोड़ना, हड्डी टूटना (फलितार्थ-हार)
शिकस्तन् (फा) = टूटना, भग होना
शिकस्ता (फ़ा) = टूटा हुआ, हारा हुआ, जर्जर
शक्ल (अ) = आकार, रूप
शिकम (फ़ा) = पेट
शिकम बन्दा (फ़ा) = पेट का गुलाम
शिकम दर्द (फा) = पेट दर्द
शिकंजा (फ़ा) = शिकंजा
शकूर (अ) = कृतज्ञ, शुक्रिया करनेवाला
अश्शकूर (अ) = कृतज्ञ व्यक्ति
शिकीबे (फा) = धैर्य का लेश
शिकीबीदन् (फ़ा) = धैर्य रखना
शिगाफ्तन् (फ़ा) = बखेरना, फैलाना
शिगिफ्त (फ़ा) = आश्चर्य, विस्मय
शिगिफ्त आमदन् (फ़ा) = आश्चर्यान्वित होना
शिगुफ्त'स्त (फ़ा) = खिलता है, खिला हुआ
शिगुफ्तन् (फा) = खिलना, प्रफुल्ल होना
शिगूफा (फा) = कली, वसन्तोपहार
शलग़म (फा) = शलग़म का क़न्द
शुमा (फ़ा) = तुम
शमातत (अ) = असूया, शत्रु के कष्ट पर प्रसन्न होना, औरो के दु:ख पर प्रसन्न होना
शुमार (फ़ा) = गणित
रोज़े शुमार (फा) = प्रलय का-न्याय का दिन
शुमारीदन् (फा) = गिनना, गणन
शमाइल (अ) = गुण, प्रतिभा, रूप, आकार (शिमाल का बहुवचन)
शमाइली (अ) = प्राकृतिक, भौतिक
शम्मा (अ) = कण, अणु, सूक्ष्म
शुमुर्दन् (फा) = गिनना
शम्स (अ) = सूर्य (स्त्रीलिंग)
शम्सुद्दीन (अ) = धर्मसूर्य, एक नाम
शम्शेर (फ़ा) = तलवार

(ش — श)

शमअ (अ) = मोमबत्ती, दीपक
शमीदन् (फा) = गँवाना, बदबू छोड़ना
शुनात (अ) = (शानी का बहुवचन) = घृणा करनेवाला, द्वेष्टा
शुनातिहि (अ) = उसके शत्रु
शिनाख़्त (फा) = ज्ञान
शिनाख़्तन् (फा) = जानना
शिनास (फा) = जाननेवाला, विचारक, तू जान (शिनाख़्तन् का आदेशवाचक)
शुनअत (अ) = क्रूरता, बुराबोलना, गदी गाली
शगरफ (फा) = हिंगुल, रोली
शिनव (फ़ा) = सुन, सुनो (स०—शृणु)
शिनूदन् (फा) = सुनना (स०—श्रवण)
शिनवम् (फ़ा) = मैं सुनता हूँ (स०—शृणोमि)
शुनीद (फा) = उसने सुना, सुनवाई
शुनीदस्ती (फ़ा) = तेरा सुना हुआ है, तू सुन चुका है
शुनीदन (फ़ा) = सुनना
शुनीदई (फा) = तूने सुना है
शनीअ (अ) = नीच, घृणास्पद
शव-शौ (फा) = हो (शुदन् का आदेशवाचक)
शूय (फ़ा) = पति (शवी और शूय के हिज्जे एक ही है)
शू (फा) = (तू) धो (शुस्तन् का आदेशवाचक)
शोख़ (फा) = धृष्ट, खिलन्दड़ा
शोख़चश्म (फा) = चपल नयन, निलज्ज, अस्थिर
शोख़चश्मी (फ़ा) = अस्थिरता, निलज्जता
शोख़दीदा (फा) = चपलनयन, अस्थिर
शोख़ी (फा) = चपलता, निलज्जता
शवद (फ़ा) = होता है, होगा
शोर (फा) = कोलाहल, नमकीन, दुर्भाग्य (स०—क्षार)
शोरबख़्त (फा) = अभागा, कटुभाग्य
शोरिश् (फा) = कोलाहल, उन्माद, दिमाग की गड़बड़
शोरा (फा) = शोरा, भूक्षार
शोराबूम (फा) = खारी ज़मीन (स०—क्षारभूमि)
शोरे (फा) = एक उन्मत्त आवेग
शोरीदन् (फा) = परेशान होना, अशान्त होना
शोरीदा (फा) = परेशान, अशान्त, पागल, सनकी,
शौकत (अ) = शान, महानता
शौहर (फ़ा) = पति
शवी (फा) = तू होता है
शू (फा) = पति
शूयम् (फा) = (मैं) धोता हूँ—धोऊँगा
शूयद (फा) = (वह) धोता है
शाह (फा) = राजा, शासक (स०—शास)
शह्द (अ) = मधु

(ش — श)

शहर (फा) = नगर
शाहरवा (फा) = एक राजा जिसने चमड़े के सिक्के चलाये, चर्ममुद्रा
शहरे (फा) = एक नगर
शहरयार (फा) = नगर का मित्र, राजा
शहवार (फा) = राजाओं के योग्य
शहवत (अ) = रिरसा, उत्तेजना
शैयन् (अ) = वस्तु
शैयाव (अ) = धोखेबाज़, छलिया
शयातीन् (अ) = (शैतान का बहुवचन) बुरे लोग
शैव (अ) = सफेदी, बुढ़ापा
शैख़ (अ) = आदरणीय, विद्वान्, दार्शनिक, विचारक
शैख़ अबु'ल्फ़र्ज शम्सु'द्दीन बिन् जौज़ी (अ) = सादी का गुरु
शैद (फा) = धोखा, छल
शैदी (फा) = (तू) धोखेबाज है
शैदा (फा) = प्रेमोन्मत्त
शीर (फा) = दूध (स०—क्षीर)
शेर (फा) = सिंह
शीराज़ (फा) = एक ईरानी नगर, ईरान की प्राचीन राजधानी
शीराज़ी (फा) = शीराज के निवासी
शेरमर्द (फा) = वीर
शेरमर्दी (फा) = वीरता
शेरी (फा) = शेरपन, वीरता
शीरीन (फा) = मधुर (शीर+'ख' प्रत्यय)
शीरीं ज़ुबान (फा) = मधुर वाणी, मधुर वाणीवाला
शीरीं ज़ुबानी (फ) = मधुर वाणी
शीरीं लब (फा) = मीठे ओठ, मीठे ओठवाला
शीरीनी (फा) = मिठास
शीशा (फा) = काँच, काँच का पात्र
शीशागर (फा) = काँच बनानेवाला
शैतान
अश्शैतान } (अ) = दुरात्मा
शेवा (फा) = शान, गुण, प्रकृति, स्वभाव

ص — श्र

श्राबिर (अ) = सब्र करनेवाला, धैर्यधारी
श्राहिब (अ) = स्वामी
श्राहिबतमीज़ (अ फा) = विवेकवान्
श्राहिब तमीज़ी (अ फा) = (तू) विवेकवान् है
श्राहिबे दिल (अ फा) = सहृदय, भक्त
श्राहिबे दिलें (अ फा) = दिलवाला, सूफी, भक्त
श्राहिबे दुनिया (अ फा) = धनी व्यक्ति
श्राहिबे दौलत (अ) = शासनाधिपति
श्राहिबे दीवान (अ फा) = कोषपति

(ص — श्र)

श्राहिब फिरासत (अ फा) = बुद्धिमान्, चालाक
श्राहिब हुनर (अ फा) = चतुर, शिल्पी, प्रवीण
श्राहत (अ) = वह रोई-रोती
श्रादिर (अ) = जारी करता हुआ, बढ़ता हुआ
श्रादिर शुदन् (अ फा) = प्रारम्भ होना, उद्गत होना, भाग छूटना
श्रादिक़ (अ) = सच्चा, न्यायकारी
श्राफी (अ) = शुद्ध, पवित्र
श्रालिह (अ) = साधु
श्रालिहन् (अ) = सत्कार्य, गुणवत्ता
श्रालिहे (अ फा) = एक पवित्र व्यक्ति
श्राइम (अ) = उपवासी
श्रबा (अ) = मन्द पवन
श्रिबा (अ) = लड़कपन
श्रबाह (अ) = प्रभात
अलश्श्रबाह (अ) = प्रभात काल में
श्रबाहत (अ) = सुन्दरता, शाम
श्रुब्ह (अ) = प्रभात
श्रब्र (अ) = धीरज, सन्तोष
श्रबिर (अ) = एलवालुक, एलुआ
श्रब्र कर्दन् (अ फा) = सब्र करना
फ श्रब्रुन् जमीलुन् (अ) = सो, सन्तोष ही ठीक है
श्रबूह (अ) = प्रभात, उष काल
श्रबूर (अ) = धैर्यवान्
श्रबूरी (अ) = धैर्य, धृति
श्रुहबत (अ) = संगत
श्रिह्हत-श्रेहत (अ) = स्वास्थ्य, सुधार
श्रहरा (अ) = रेगिस्तान, सहारा का रेगिस्तान
श्रहन (अ) = आँगन
श्रख़रा (अ) = सुलेमान की अँगूठी चुरानेवाला दुरात्मा पिशाच
श्रद (फा) = सौ (स०—शत)
श्रदाक़ (अ) = पत्नी के प्रति पति की की हुई प्रतिज्ञा
श्रद बाब (फा) = सौ अध्याय, सौ द्वार
श्रद चन्दाँ (फा) = सौ बार, सौ तरह से
श्रद्र (अ) = प्रधान पद, छाती-सीना
श्रद साल (फा) = सौ वर्ष
श्रदफ (फा) = सीप (स०—शुक्ति)
श्रिद्क़ (अ) = सत्य (स०—सिद्धि)
श्रदक़'ल्लाहु'ल् अज़ीम (अ) = महान् प्रभु ने सत्य कहा है
श्रिदक़े मवद्दत (अ फ़ा) = सच्चा प्रेम
श्रदक़ा (अ) = भिक्षा देना, दान देना, बलि देना
श्रदमा (अ) = धक्का
श्रदीक़ (अ) = अन्तरग, सच्चा मित्र

शिद्दीक़ (अ) = सचाई का वफादार (स०—सिद्ध सिद्दीक)
शर्फ (अ) = खर्चा
शर्फ शुदन् (अ फा) = खर्च होना
शर्फ कर्दन् (अ फा) = खर्च करना
शुर्रा (अ) = एक थैली
शअब (अ) = कठिन, कठोर, विलष्ट, कष्टकार, दुर्दम
शफ-शफ (अ) = पद, पदवी, पंक्ति, कोटि
दर अव्वल शफ (फा अ) = प्रथम पंक्ति-कोटि में
शफा (अ) = शुद्धि, चित्तशुद्धि
इख़वानु'श्शफा (अ) = (शब्दार्थ—शुद्धि के भाई) बसरा में चौथी हिजरी में स्थापित विद्वत् परिषद्
शिफाहान (इस्फहान) (फा) = प्राचीन पार्थियन साम्राज्य की राजधानी
शफाई (अ फा) = शुद्धि
शिफत (अ) = गुण, आकार (प्रत्यय के बतौर—गुणवाला) (स०—सम्पत्—यथा आसुरी सम्पत्, दैवी सम्पत्)
हर शिफत (फा अ) = किसी भी प्रकार
शफवत (अ) = सर्वश्रेष्ठ प्रकार
शला (फा) = मित्रों को भोजन के लिये बुलाना
शलाबत (अ) = दृढ़ता, कठोरता, आतंक, शान
शलाह (अ) = भलाई, ईमानदारी, समृद्धि, सलाह, राय
शलाहियत (अ) = ईमानदारी, क्षमता
शुल्ह (अ) = सन्धि, शान्ति
शुलहा (अ) = न्यायपूर्ण, पवित्र (सालिह का बहुवचन)
शल्द (अ) = (छन्दानुरोध से 'शलद' भी) दृढ़ ठोस, कठोर
शलम (अ) = ('शल्ल'ल्लाह अलैहि व सल्लम्' का संक्षेप) परमात्मा उस पर कृपालु हो और रक्षा करे
शल्लू (अ) = प्रार्थना कर, दुआ माँग
शलवात (अ) = (सलात का बहुवचन) आशीर्वाद
शल्लू अलैहि व आलिहि (अ) = आशीर्वाद माँग उसके लिये और उसके परिवार के लिये
सलात (अ) = भगवत्कृपा, सहानुभूति, आशीर्वाद
शुम्म (अ) = (असम्म का बहुवचन) बहरा
शुम्मुन् बुक्म (अ) = बहरा और गूँगा
शमीम (अ) = अन्त शुद्ध, सच्चा, पवित्र, असली
सन्दल (अ) = चन्दन (स०—चन्दन)
शन्दूक़ (अ) = मंजूषा, पेटिका
शन्दूक़े गोर (अ फ़ा) = चूना पत्थर की क़ब्र
शनअ (अ) = निर्माण, कार्य, उत्पादित विश्व
सनअत (अ) = पेशा, व्यापार, कला, शिल्पोद्योग
शनम (अ) = मूर्ति, सुन्दर प्रेमिका
शवाब (अ) = पुण्यकार्य, विवेकपूर्ण कार्य
शौत (अ) = ध्वनि, आवाज
ल शौतु'ल् हमीरी (अ) = गर्दभ चीत्कार
शूरत (अ) = आकार, तुलना
ब शूरत (फा अ) = के जैसा
आलमे शूरत (अ) = बाह्य विश्व, दृश्यमाण विश्व
शूरत बस्तन् (फा अ) = आकार देना, रूप कल्पना, सम्भावना होना
शूरते हाल (अ फ़ा) = वर्तमान अवस्था
शूरतो माना (अ फा) = आकार और अर्थ, देह और आत्मा, [illegible] और यथार्थ
शूफी (फा) = ईश्वर प्रेमी सन्त, पवित्र जन
शूफिये (फा) = एक सूफी
शौलत-शव्लत (अ) = क्रोध, हिंसा, आवेग, आवेश
सैयाद (अ) = व्याध, शिकारी (स०—व्याध)
शीत (अ) = प्रसिद्धि, ख्याति
शैद (अ) = आखेट, मृगया, शिकार के पीछे जाना
शैद कर्दन् (अ फा) = शिकार करना, बन्दी बनाना
शैफ (अ) = बसन्त (अधिक गर्म महीने क़ैज़ कहलाते हैं)
शैक़ल (अ) = चमकाना, रगड़कर चमकाना, रगड़कर चमकानेवाला

ض — द्ज़

द्ज़अफ (अ) = वह दोगुना हो, परमात्मा उसे दुगुना करे
व द्ज़अफ अज्रहु (अ) = और दो गुना हो उसका पुरस्कार
व द्ज़अफ इज्लालहुम (अ) = और बढ़ाये उन दोनों का प्रताप
द्ज़ाइफ सवाब जमीलिहि व हसनातिहि (अ) = और बढ़ा उसकी नेकियों और सत्कर्मों के पुरस्कार को
द्ज़ाया (अ) = नष्ट होना, बेकार जाना
द्ज़ब्त (अ) = संयम, रोकना, उपवास करना
द्ज़जूर (अ) = अशान्त, अधीर, व्याकुल
द्ज़ुहहाक (अ) = जमशेद को हरानेवाला अरब राजकुमार जिसे फ़रीदूं ने हराया
द्ज़िद्द (अ) = हठ, शत्रु, विपक्षी
द्ज़र्रा (अ) = (प्रतिपर्याय ज़र्रा) कण
द्ज़र्ब (अ) = आघात
द्ज़रब (अ) = उसने आघात किया
द्ज़र्बु'ल हबीबि ज़बीबुन् (अ) = प्रेमी की चोट खजूर-किशमिश (जैसी होती है)
द्ज़र्बत (अ) = एक चोट
द्ज़र्बते लाज़िब (अ फा) = एक बोलता हुआ आघात (जो जीवन भर अपनी छाप रखता है)
द्ज़रब जैदुन अम्रन् (अ) = मारा जैद ने अम्र को
द्ज़रूरत (अ) = आवश्यकता
ब द्ज़रूरत (फा अ) = आवश्यकतानुसार
द्ज़रूरते (अ फा) = एक अनिवार्य आवश्यकता
द्ज़रीर (अ) = अन्धा

(ض — द्ज)

द्ज़रीरे (अ फा) = एक अन्धा आदमी
द्ज़ुअफ़ (अ) = निबलता, दुबलता
द्ज़ईफ़ (अ) = वृद्ध, अशक्त, निबल
द्ज़ईफ़ अन्दाम (अ फा) = अशक्त अगवाला (अन्दाम=अगम्)
द्ज़ईफ़े (अ फा) = एक वृद्ध, एवं दुबल
द्ज़ालालत (अ) = सर्वनाश, कुमार्गगामिता
द्ज़म्मा (अ) = उकार चिह्न (॑), मूछें
द्ज़मीर (अ) = अन्तर्मन
द्ज़मीन (अ) = ज़ामिन, प्रतिभू
द्ज़ैग़म (अ) = शेर, सिंह
द्ज़ैमुरान (अ) = एक सुगन्धित जडी

ط — त

ताराम (फा) = गुम्बज
ताराम आला (फा अ) = सर्वोच्च् गुम्बज, स्वर्ग
ताअत (अ) = ईश्वर भक्ति
ताअतश (अ फा) = उसकी (ईश्वर की) भक्ति,-
ताइन (अ) = विरोध करना, गाली बकना
तागी (अ) = बागियों का नेता, आतंककारी
ताक़ (अ) = आँगन, आला
ताक़त (अ) = शक्ति, सहन शक्ति
ताल (अ) = वह लम्बा है-था
ताल लिसानुहू (अ) = उसकी जीभ लम्बी होती है
तालिब (अ) = अर्थी, चाहनेवाला
तालिअ् (अ) = उगता हुआ, भाग्य
ताऊस (अ) = मोर
ताऊस जेबे (अ फा) = मोर पख की सजावट किये हुए
ताऊसी (अ फा) = मयूर विषयक
ताहिर (अ) = शुद्ध
ताइर (अ) = उडनेवाला
ताइरे (अ फा) = एक पक्षी, उडनेवाली कोई चीज
ताइफा (अ) = सग साथ
तिबअ (अ) = प्रवृत्ति, स्वभाव
तबान्चा (फा) = थप्पड (हिन्दी—तमाचा)
तबाइ (अ) = (तबिअत का बहुवचन) प्रकृतियाँ, स्वभाव
तबअ (अ) = प्रवृत्ति, स्वभाव (स०—तत्व)
चार तबअ (फा अ) = चार तत्व (पृथ्वी-तेज-वायु-जल)
तबक़ (अ) = थाली, मकान की मंज़िलें, प्लेटफार्म, एक पत्ता
तबक़े (अ फा) = पूरी थाली
तब्ल (अ) = तबला, ढोल
तब्ला (अ) = बडी लकडी की थाली जिसमें फलफूल सजाकर रखे जाते हैं
तबीब (अ) = चिकित्सक

(ط — त)

तबीअत (अ) = प्रवृत्ति, स्वभाव
तबीअत शिनास (अ फा) = प्रकृतिज्ञ, कुशल चिकित्सक
तराबुलूस (अ) = त्रिपोली नामक शहर
तराबुलूसे शाम (अ फा) = ईराक का त्रिपोली नगर
तर्रार (अ) = जेबकट, तस्कर, चोर
तरब (अ) = आनन्द, उत्साह, उत्तेजना
तरब अंगेज़ (अ फा) = उत्साहवर्धक, आनन्दवर्धक
तर्ह (अ) = ढग, प्रकार, मकान की नींव डालना
ब तर्ह दादन् (फा अ) = लेने को मजबूर करना, ऊँची कीमतें पर देना
तर्ह फ़िगन्दन् (अ फा) = नींव डालना, आचरण करना
तरफ़ (अ) = की ओर, दिशा
तरफ़े (अ फा) = एक दिशा
तरीक़ (अ) = रास्ता, मार्ग, धर्मविश्वास
ब तरीक़े (फा अ) = के मार्ग से, के द्वारा
तरीक़न् (अ) = मार्ग के द्वारा
तरीक़त (अ) = जीवन का ढग, धर्मविश्वास
पीरे तरीक़त (फा अ) = धर्म गुरु
तरीके (अ फा) = एक मार्ग
तआम-तअम (अ) = भोजन, स्वाद, गन्ध
तुमा (अ) = भोजन, व्यालू
तअन-ताना (अ) = ताना, आक्षेप
ताना ज़दन (अ फा) = अपशब्द कहना
ताना ज़नाँ (अ फा) = ताना देनेवाला (शानच् के योग से)
तिफ़्ल (अ) = बच्चा
तिफ़्ली (अ फा) = बचपन
तिफ़्ले (अ फा) = एक बालक
तुफ़ूलियत (अ) = शैशव
तिला (फा) = स्वर्ण, सोने के वक या तार
तलाक़ (अ) = तलाक, विवाह विच्छेद
तलब (अ) = पूछताछ, खोज, दावा, दावत
तलब कर्दन्-नमूदन् (अ फा) = बुलवाना, मँगाना, तलाश करना
तलबगार (अ फा) = तलब करनेवाला
तलबीदन् (फा) = (अरबी से फारसी में गढी गई क्रिया) खोजना
तलअत (अ) = आकृति, अनुकृति, स्वरूप
बि तलअतिहि (अ) = उसकी शक्ल से
तमअ (अ) = लोभ, लालसा, वासना
तमअ दाश्तन्-कर्दन् (अ फा) = लोभ करना
तंज़ (अ) = उपहास, तिरस्कार
तूर (अ) = सिनाई पर्वत, पर्वतमात्र
तूती (फा) = तोती, शुकी
तौअ (अ) = स्वेच्छा से आज्ञानुवर्ती
तौअन् व करहन् (अ) = चाहो या न चाहो

(ط — त)

तूफ़ान (अ) = बाढ़
तूल (अ) = लम्बाई
तवीला (अ) = लम्बी रस्सी, जिसमें घोड़े गधे ऊँट आदि पशु एक पंक्ति में बाँध दिये जाते हैं (फलत: जहाँ तवीला से बँधे पशु रखे जाते हैं उस गोष्ठ को भी तवीला कहते हैं। हिंदी में—तबेला)
तहारत (अ) = शुद्धि, पवित्रता
तीब (अ) = मधुरता, उत्तमता, कोमलता
तीबु'ल् अदा (अ) = (शुद्ध रूप—तैबु'ल् अदा) मधुर स्वरपूर्ण
तीब आमेज़ (अ फा) = मधुरता युक्त
तीबत (अ) = मधुरता, उत्तमता
तीबत आमेज़ (अ फा) = भलाई से युक्त, माधुर्यपूर्ण
तीब लहजते (अ फा) = स्वर माधुरी
ब तीबे नफ़स (फ़ा अ) = प्रसन्न मन से
तैर (अ) = पक्षी
ताइरान् (अ फा) = पक्षीगण
ताइरा (अ) = दिमाग़ की उड़ान, क्रोध
तीरा (फा) = लज्जा, खेद, दु:ख
तैश (फा) = अस्थिरता, मूर्खता, क्रोधावेश
तैफ़ (फ़ा) = भूत-प्रेत, आकार दिखाई पड़ना

ظ — ज़

ज़ालिम (अ) = जुल्म करनेवाला, अत्याचारी
ज़ालिमे (अ फ़ा) = एक अत्याचारी
ज़ाहिर (अ) = प्रकट, वाह्य, व्यक्त
अज़ रूए ज़ाहिर (फा अ) = वाह्य रूप से
ज़राफ़त (अ) = दक्षता, प्रसन्नता
ज़रीफ़ (अ) = चतुर
ज़फ़र (अ) = विजय
ज़िल (अ) = छाया
ज़िल्लु'ल्लाही (अ) = परमात्मा की छाया
ज़ुल्म (अ) = अत्याचार
ज़ुल्मात-ज़ुल्मात (अ) = (जुलमत का बहुवचन) अँधेरा
ज़ुल्मत (अ) = विश्व के उपान्त में एक अन्धकारपूर्ण प्रदेश जहाँ अमृत होने की कल्पना की गयी है।
ज़लूम (अ) = महा अत्याचारी
ज़िम
ज़मा } (अ) = प्यास
ज़माउन् फ़ि क़ल्बी (अ) = मेरे हृदय की प्यास
ज़न्न (अ) = विचार, राय, सन्देह
हुस्ने ज़न्न (अ फ़ा) = सद्‌विचार
हुस्ने ज़न्ने (अ फा) = एक सद्‌विचार
ज़हर (अ) = पीठ, पृष्ठभाग, वाह्य भाग
ज़हीर (अ) = समर्थक, रक्षक

ع — अ

आबिद (अ) = पूजक, भक्त
आबिद फरेबे (अ फा) = योगियों को भी प्रलुब्ध करनेवाली
आज (अ) = हाथी दाँत
आजिज़ (अ) = दुर्बल, निबल, परेशान
आजिज़ आमदन् (अ फा) = अयोग्य सिद्ध होना, परेशान होना
आजिल (अ) = संक्रान्ति कालीन, भङ्गुर, अनित्य
आदत (अ) = स्वभाव, अभ्यास
आदिल (अ) = न्यायशील, समभावी
आर (अ) = लज्जा, अपमान
आरिज़ (अ) = गाल, दुघटना, दुर्भाग्य
आरिफ़ (अ) = बुद्धिमान, चतुर, ईश्वरज्ञ
आरियत (अ) = कर्ज़
आशिक़ (अ) प्रेमी
आशिक़ी (अ फा) = प्रेम सम्बन्ध
आसी (अ) = पापी, अवज्ञा करनेवाला
आफ़ीयत (अ) = स्वास्थ्य, सुरक्षा
आफ़ीन (अ) = (अफ़ी का बहुवचन) क्षमाशील
व'ल् आफ़ीन अनि'न्नास (अ) = और जो क्षमा करते हैं मनुष्यों को
आक़िबत (अ) = समाप्ति, अन्त में
आक़िबतु'ल् अम्र (अ) = मामले की समाप्ति पर
आक़िल (अ) = अक्लमन्द, बुद्धिमान्
आकिफ़ (अ) = ध्यान लगाये हुए, निदिध्यासी
आकिफ़ाने काबा (अ) = काबा में रहनेवाले
आलम (अ) = विश्व
आलिम (अ) = विद्वान्
आलिमु'ल् ग़ैब (अ) = गुप्त रहस्यज्ञ
आलम आराए (अ फ़ा) = विश्व को सँवारनेवाला
आलमे सूरत (अ फा) = दृश्यमाण विश्व
आलमे मअना (अ फा) = अदृश्य विश्व, अध्यात्म लोक
आलमी (अ फा) = विश्व का निवासी, दुनियादार
आलमे (अ फ़ा) = एक दुनिया
आलिमे (अ फ़ा) = एक विद्वान्
आली (अ) = उच्च, महान्
आमि (अ) = (बहुवचन आमियान) सामान्य, साधारण
आमिल (अ) = अमल करनेवाला, कर लेनेवाला, व्याकरण में governing particle
आमिलु'ल् जर्र (अ) = गीरीगाणा, व्याकरण में अनुगामी शब्द पर लगनेवाला कस्र का चिह्न
आम्मी (अ फा) = निरक्षर, बेपढ़ा
आयदत (अ) = लौट रही है, लौटेगी, लौटता है, लौटेगा
अबा (अ) = लम्बा लबादा
इबाद (अ) = (अब्द का बहुवचन) सेवक, चाकर

(६—अ)

इबादी (अ) = मेरे सेवक
लि इबादिहि (अ) = उसके सेवको के लिये
इबादा-इबादत (अ) = प्रार्थना, भक्ति
इबादतिक (अ) = तेरी भक्ति (हे प्रभु!)
इबारत (अ) = लेख, वाक्यविन्यास
अब्द (अ) = सेवक, दास
अब्दी (अ) = दासत्व, सेवा, मेरे सेवक
अब्दु'ल क़ादिर गीलानी (अ) = एक प्रसिद्ध हकीम जो गिलान में जन्मा, और बसरा में मरा
अबद् ना (अ) = हमने प्रार्थना की है
अबद् ना क (अ) = हमने प्रायना की है तेरी
इबरत (अ) = चेतावनी
इबरत गिरिफ्तन् (अ फा) = चेतावनी लेना
उबूर (अ) = नदी पार करना, मार्ग
उबूर फर्दन् (अ फा) = साफ पार करना, माफ करना (हिन्दी—उबरना)
अबीर (अ) = अम्बर, एक सुगन्ध विशेष जो कस्तूरी-चन्दन और गुलाब जल से बनती है
अबीरी (अ फ़ा) = क्या तू अबीर है
इताब (अ) = ताडना, नाखुशी
अजाइब (अ) = (अजीब का बहुवचन) आश्चर्यजनक वस्तुऐं
उज्ब (अ) = गर्व, आत्मछल, आत्मरति
अजब (अ) = विचित्र
बु'ल् अजब कारे (अ फा) = विचित्र काय
चि अजब (फा अ) = क्या आश्चर्य
अजबतर (अ फा) = विचित्रतर
अज्ज़ (अ) = निर्बलता, नपुसकता, असामथ्य
इज्ल (अ) = बछडा
इज्लन् जसदन् (अ) = लाल सोने का बछडा
अजम (अ) = ईरान (शब्दार्थ—विदेश, अरब लोग ईरान को अजम कहते हैं)
अजमी (अ) = परदेशी, ईरानी
अजुज़ (अ) = जाडे के अन्तिम पाँच (किसी किसी के मत से सात) दिन
अजीन (अ) = सीमेन्ट, लेप, गारा
अजीनु'ल् फिल्स (अ) = चूने का गारा, सुघा लेप
अदावा-अदावत (अ) = विद्वेप, शत्रुता
इद्दत (अ) = विघवा अथवा परित्यक्ता नारी को पुनर्विवाह के पूर्व पालनीय चार मास दस दिन की अवधि
अद्ल (अ) = न्याय
अदम-उद्म-उदुम (अ) = अभाव, हानि, अनुपस्थिति
अदू (अ) = शत्रु
अदुव्विक (अ) = तेराशत्रु

(६—अ)

उदूल (अ) = (आदिल का बहुवचन) न्यायकारी लोग
अदील (अ) = समतोल, ऊँट की लादी में दोनो तरफ लदे लोग
अज़ाब (अ) = दण्ड, यातना
अज़ाब'न् नार (अ) = अग्नि दण्ड, सज़ाये आतिश
इज़ार (अ) = मुख, कपोल
उज़्र (अ) = बहाना
उज़्र ख़ास्तन् (अ फा) = क्षमा याचना
उज़्र निहादन् (अ फा) = क्षमा करना
उज़्री (अ) = मेरी क्षमा याचना
इराक़ (अ) = प्राचीन चैल्डिया, इराक़
अरब (अ) = अरब देश, अरब के वासी
अरबद (अ) = मुठभेड, दगा, शराबियो का उपद्रव
अरबी (अ) = अरबो की भापा, अरब विपयक
अरसा (अ) = क्षेत्र, मैदान
अर्ज़ (अ) = दरख़ास्त, बयान, प्रार्थनापत्र
इर्ज़ (अ) = प्रतिष्ठा, चरित्र
अ्रफ ना (अ) = जान चुके हम, जाना हमने
अ्रफ ना क (अ) = जाना हमने तुझे
इर्क़ (अ) = जड या तना
अरक़ (अ) = पसीना, रस, खिचा हुआ अर्क़
इर्क़ुहा (अ) = उसकी जड या तना
अरूस (अ) = दुलहिन
अरूसी (अ फा) = जोडा, विवाह
उरियाँ (अ) = नग्न, लुटा हुआ
अज़्ज़ (अ) = वह महान् था, शानदार
अज़्ज़ नस्रहु (अ) = महान् हो विजय उसकी
इज़्ज़ (अ) = शान, मान
अज़ब (अ) = अविवाहित, कुमार, कुँआरा आदमी
अज़बम् (अ फ़ा) = मै अविवाहित हूँ
इज़्ज़त (अ) = प्रतिष्ठा
ब इज़्ज़त (फा अ) = प्रतिष्ठा से
ब इज़्ज़तर (फा अ) = अधिक प्रतिष्ठा से
उज़लत (अ) = स्वेच्छया कर्म सन्यास, एकान्तवास
अज़्म (अ) = संकल्प, लक्ष्य।
अज़्ज़ व जल्ल (अ) = उसका मान हो, उसकी शान हो
अज़ीज़ (अ) = प्रिय, मिस्र के राजा का विरुद
अज़ीज़े (अ फा) = कोई प्रिय वस्तु, एक प्रिय व्यक्ति
अज़ीमत (अ) = जादू, सकल्प, विदा
उस्र (अ) = कठिनाई, दिक्कत
इन्न मअल् उसरि युसरन् (अ) = अत्यन्त निकट है कठिनाई के आसानी
असल (अ) = शहद

(६—अ)

अआ (अ) = उच्च, महान्
इशा (अ) = सन्ध्या
इश्शाक (अ) = (आशिक का बहुवचन) प्रेमीजन
इशरत (अ) = उपभोग, वैभव, सुख
इश्क़ (अ) = प्रेम
इश्क बाज़ी (अ फा) = प्रेम का खेल खेलना
इश्क बाज़े (अ फ़ा) = एक प्रेमी
असा (अ) = डण्डा, दण्ड
उसारा (अ) = रस, निकला हुआ स्वरस (स०—स्वरस)
अस्र (अ) = आयु, काल
इस्मत (अ) = पवित्रता, सतीत्व, कौमार्य
इस्यान (अ) = पाप, पापी, विद्रोह, विद्रोही
अज़ुद (अ) = कन्धे से कुहनी तक का भाग, बाहु
अज़ुदु'द् दौलति'ल् ज़ाहिरति (अ) = जयिष्णु साम्राज्य की बाहु
उदव (अ) = अवयव (स०—अवयव)
उद्वे (अ फा) = एक अवयव
अता (अ) = देना, उपहार
अत्तार (अ) = सुगन्धित द्रव्यो-औषधियो का विक्रेता
अतशन् (अ) = प्यास से (अरबी—अतश, स०—तृषा)
अज़ीम (अ) = बडा, विशाल
अफाफ (अ) = सयम, पवित्रता
अफ्व (अ) = क्षमा
अक़ब (अ) = एडी, पार्ष्णि, पिछला, पीछे
दर अक़ब (फा अ) = तत्पश्चात, फलत
उक़बा (अ) = अत, पुरस्कार, भविष्यत् जीवन
अक्द (अ) = गांठ, गुच्छा, शपथपत्र
अक्द बस्तन् (अ फा) = गांठ बांधना
अक्द निकाह (अ फा) = विवाह बन्धन
उक्दा (अ) = विवाह ग्रन्थि
अक्ल (अ) = बुद्धि
उक़ूबत (अ) = दण्ड, यातना
उक़ूल (अ) = (अक्ल का बहुवचन) बुद्धियाँ
उक़ूलिहिम् (अ) = उनकी बुद्धियाँ
अला क़दरे उक़ूलिहिम् (अ) = उनकी बुद्धिया की सीमा के अनुसार
अक्स (अ) = प्रतिच्छाया, बिम्ब
फि अक्सि'द्दुजा (अ) = अन्धकार के विरुद्ध, प्रकाश में
अलिया-अला (अ) = वह महान् था
इलाज (अ) = चिकित्सा, उपचार
अलामत (अ) = चिह्न, विशेषता
अल्लामा (अ) = सबसे ज्यादा विद्वान् विद्वत्तम
अलानियत (अ) = बाह्य विभाग
अलानियती हाज़ा (अ) = यह मेरा बाहरी रूप है

(६—अ)

इल्लत (अ) = कारण, दुर्घटना
इल्लते (अ फा) = एक कारण
अलफ ज़ार (अ फा) = चरागाह, मैदान
उलिक़त (अ) = लटकाया गया, लटके हुए
उलिक़त बि'श्शजरि'ल् अख़ज़र नार (अ) = हरे पेड से आग लटकी हुई
इल्म (अ) = विद्या
अलम (अ) = झण्डा
उलमा (अ) = (आमिल का बहुवचन) विद्वान् लोग
अलम शुदन् (अ फा) = प्रसिद्ध होना
इल्मे महासबा (अ फ़ा) = गणित विद्या
उलुव्व (अ) = ऊँचाई, महानता
उलुव्वहु (अ) = उसकी महानता
उलूम (अ) = (इल्म का बहुवचन) विद्या की शाखाएं
उलवी (अ) = महान् विद्याए
अलवी (अ) = अली वशीय
अलवीयम् (अ) = मैं अली के वश का (सैयद) हूँ
अला (अ) = के ऊपर, के विरुद्ध
अला दीनि मुलूकिहिम् (अ) = उनके (अपने) राजाओं को धर्म के अनुसार
अल'द्दवाम (अ) = सदैव, निरन्तर
अल'ल् इबाद (अ) = सेवको के विरुद्ध
अल'ल् फितरत (अ) = सच्चे धर्म में
अला क़दरि (अ) = अनुपात स, के अनुसार
अल'ल् लैलि (अ) = रात भर, रात में
अल'ल् मुसव्विफि (अ) = लेखक पर
उलिया (अ) = ऊँचाई, शान
अली (अ) = मुहम्मद साहब के दामाद
अलैया (अ) = मुझ पर
औला (अ) = उच्चतर (आला का तुलनात्मक)
यदे औला-उलिया (अ) = ऊँचा हाथ, देनेवाले का हाथ
अलैक (अ) = तुझ पर (कर्तव्य) है
मा अलैक (अ) = जो तुझ पर (फर्ज़) है
अलैहि (अ) = उस पर (फ़र्ज़) है
अलैहा (अ) = उस (स्त्री) पर (फ़र्ज़) है
अलैहि'स सलाम (अ) = उस पर शान्ति हो
अम्म (अ) = चाचा
बनी अम्म (अ) = चचेरे भाई
इमारत (अ) = इमारत, भवन
उम्दा-उम्दत (अ) = आधार
उम्दतु'ल् ख़वास (अ) = सामन्तो का आधार, प्रधान मन्त्री
उम्दतु'ल् मुलूक (अ) = राजाधिराज
उम्र (अ) = आयु

(६—अ)

उमर (अ) = हज़रत उमर, दूसरे खलीफा
अम्रन् (अ) = अम्र को
अम्र (अ) = एक नाम
अम्रो उस (अ) = एक राजा (सम्राप—अमरसिंह)
उम्रे (अ) = एक आयु
अमल (अ) = आचरण
अमिल (अ) = (उसने) किया
मन् अमिल सालिहन् (अ) = जिसने किया भला
अमल फरमूदन् (अ फा) = काम मे नियुक्त करना
उमूम (अ) = समस्त विश्व, सम्प्रदाय
अल'ल् उमूम (अ) = आम तौर पर
अमीम (अ) = सावजनीन
अन (अ) = दूर, से (स०—अन्यत्र—आत्)
अना (अ) = परेशानी, दु ख
उन्नाब (अ) = एक प्रकार का लाल बेर जैसा फल
उन्नाबरग (अ फा) = उन्नाब के रग का
इनाद (अ) = हठ, झगडा
अनाकिद (अ) = (अनकुद का बहुवचन) फलो के गुच्छे
इनान (अ) = लगाम
इनायत (अ) = सहायता, कृपा
अम्बर (अ) = एक सुगन्ध
इन्द (अ) = से, साथ, के समय, के निकट
इन्द'ल्लाहि (अ) = ईश्वर की दृष्टि मे
इन्द'ल् आयान (अ) = सामन्तो के सामने
व इन्द हुबूबि'न् नाशिरति (अ) = मेघ विडम्बक पवनो के चलने के समय
अन्दलीब (अ) = बुल्बुल
अनफुवान् (अ) = सौन्दर्य, वीरता, यौवन
अनकबूत (अ) = मकडी, लूता
अन्हु (अ) = उसका, उसका
अन्हु राजिन् (अ) = उससे राज़ी हो
अवाकिब (अ) = (अकीबत का बहुवचन) परिणाम, नतीजे
अवाक़िबहु (अ) = उसके परिणाम
अवाम (अ) = (आम का बहुवचन) साधारण जन
अवामु'न्नास (अ) = सामान्य जनता
अवाइब (अ) = (ऐब का बहुवचन) दोष, कलक
अवाइद (अ) = (ऐदत का बहुवचन) प्रतिफल, लाभ
ऊद (अ) = ऊद लकडी, सुगन्धित लकडी
एवज़ (अ) = प्रतिनिधि, समकक्ष
औन (अ) = सहायता
अहद (अ) = प्रतिज्ञा, समझौता, वायदा, शपथ
उह्दा (अ) = पद-पदवी, उपकार, अभियोग ।

(६—अ)

अज़ उह्दा बदर आमदन् (फा) = ओहदा से बाहर निकलना, किसी के अभियोग या एहसान से अपने को मुक्त करना
ऐयारी (अ फा) = धोखा, चालाकी, चालबाज़ी
इयाल (अ) = (अय्यिल का बहुवचन) परिवार, बच्चे
ऐब (अ) = दोष, कलक
ऐब कर्दन् (अ फा) = दोष लगाना, आरोप लगाना
ऐबजू (अ फा) = छिद्रान्वेषी, आलोचक
ऐबे (अ फा) = एक दोष
ईद (अ) = एक त्यौहार
ईदुज्जुहा (अ) = इब्राहिम के पुत्र इस्माइल के बलिदान की स्मृति मे होनेवाला बलिदान
ईस (अ) = (आयस का बहुवचन) ऊँटो के रग का, ऊँटो
ईसा (अ) = ईसा मसीह
ऐश (अ) = जीवन, आनद, सुख, साज-सजा
ऐन (अ) = आँख; स्रोत, सत्व-पदार्थ, ठेठ
मिन् ऐने जीरानी (अ) = मेरे पडोसी की नज़र मे
ऐनु'ल् क़ित्र (अ) = अलकतरा का सार
उयूब (अ) = दोष, कलक (ऐब का बहुवचन)

६—ग

ग़ार (अ) = गुफा, खोह (स०—गह्वर)
ग़ारत (अ) = डकैती, लूटना
ग़ाज़ी (अ) = योद्धा, विजेता, नास्तिको से लडनेवाला
ग़ास (अ) = वह डूब गया
गास फ़ि'ल् कुसबि (अ) = (उसको जो) रेत की राशि मे डूब गया
ग़ाफिल (अ) = उन्मत्त, लापरवाह
गालिब (अ) = विजेता, चढबैठू
ग़ालिब आमदन् (अ फा) = चढ बैठना
ग़ालिब औकात (अ फा) = अधिकाश अवसरो पर
गायब (अ) = अनुपस्थित, अदृश्य
गायत (अ) = चरम, चरम सीमा
ब गायत (फा अ) = चरम सीमा पर
गिब्बन् (अ) = हर दूसरे दिन, एक दिन छोडकर
गुबार (अ) = धूल, धुन्ध
गद्दार (अ) = ग़दर करनेवाला, विद्रोही, धोखेबाज़
गद्र (अ) = दगा, विद्रोह
गुज़ीत (अ) = (तू) पोसा गया है
गुराब (अ) = कौआ
गुराबु'ल् बैनि (अ) = वियोग के (सूचक) कौए
गरामत (अ) = वह कर्ज जिसे चुकाना फर्ज है, जुर्माना
ग़राइब (अ) = (ग़रीब का बहुवचन) असाधारण विचित्र वस्तुए
गुरबा (अ) = (ग़रीब का बहुवचन) अजनबी, मित्रहीन, दीन
गिरबाल (अ) = चलनी, गालनपात्र

(ع — ग़)

ग़ुर्बत (अ) = विदेशयात्रा, प्रवास, देश निकाला
ग़र्ज़ (अ) = स्वार्थ, प्रवृत्ति, द्वेष, संक्षेप में
ग़र्ज़े (अ) = एक द्वेष, अभिप्राय यह कि
ग़ुर्फ़ा (अ) = ऊपर की मंज़िल का कमरा, छज्जा
ग़र्क़ (अ) = डूबना
ग़र्क़ शुदन् (अ फ़ा) = ग़र्क़ होना
ग़ुरूर (अ) = दर्प, गर्व
गिर्रा (फ़ा) = (अरबी में ग़र्रा) छलित, आरोपित, घमण्ड
ग़रीब (अ) = परदेशी, दीन, विचित्र
ग़रीबी (अ फ़ा) = अजनबीपन, दीनता
ग़रीबे (अ फ़ा) = एक ग़रीब
ग़रीक़ (अ) = डूबता हुआ, डूबा हुआ
ग़िरीव (फ़ा) = चीत्कार, ढोल की ढमाढम
ग़ज़्ज़ाली (अ) = एक प्रसिद्ध दार्शनिक
ग़ज़ल (अ) = प्रेमगीत ('माशूक़ गुफ़्तन्-ग़ज़ल')
ग़ुस्सा (अ) = क्रोध
ग़ुसून (अ) = (ग़ुस्न का बहुवचन) कोमल शाखाएँ
ग़ज़वान (अ फ़ा) = युद्ध
ग़ुफ़रान (अ) = पापमुक्ति, क्षमा
ग़फ़र्तु लहू (अ) = मैंने उसे क्षमा किया
ग़फ़लत (अ) = प्रमाद, लापरवाही
ग़फ़ूर (अ) = क्षमाशील (अर्थात् परमात्मा)
ग़ुलाम (अ) = सेवक, दास
ग़ल्वा (अ) = उपवन, उद्यान
ग़ल्बत-ग़लबा (अ) = विजय
ग़ल्बा कर्दन् (अ) = जीतना
ग़ल्ला (अ) = अनाज, धान्य
ग़ल्त (अ) = अशुद्ध, भूल
ग़ल्तीदन् (फ़ा) = भूल करना, लुढ़कना
ग़लीज़ (अ) = गन्दा, कठोरचित्त, पाशविक
ग़म (अ) = दुःख, क्षोभ
ग़म ख़ुरदन् (अ फ़ा) = दुःख मनाना
ग़म दाश्तन् (अ फ़ा) = दुःख सहना
ग़मे फ़र्दा (अ फ़ा) = कल का दुःख, अनागत की चिन्ता
ग़म्माज़ (अ) = अभियोग लगानेवाला, खबर देनेवाला, संकेत करनेवाला
ग़मत (अ फ़ा) = तेरी चिन्ता
ग़मज़ा (अ) = प्यार की नज़र, प्रेम का संकेत
ग़मे (अ फ़ा) = एक दुःख
ग़नाइम (अ) = (ग़नीम-ग़नीमत का बहुवचन) शत्रु
ग़नी (अ) = धनी, स्वतन्त्र
ग़नीतर (अ फ़ा) = धनिकतर
ग़नीमत (अ) = लूट का धन, उपहार, शत्रुओं से लूटा धन

(ع — ग़)

ग़नीमत शुमुदन् (अ फ़ा) = मूल्यवान् मानना
ग़वाशी (अ) = (ग़ाशियत का बहुवचन) ज़ीन का ढाँकने का कपड़ा
हामिल'ल् ग़वाशी (अ) = ज़ीन का कपड़ा ढोनेवाला
ग़व्वास (अ) = मोती निकालनेवाला, ग़ोताख़ोर
ग़ौर (अ) = गम्भीर विचार
ग़ोता (अ) = डुबकी
ग़ोता ख़ुदन (अ फ़ा) = डुबकी मारना
ग़ार (अ) = गेढा (ग०—गार)
ग़ियास (अ) = सहायता, सहायक
ग़ियासु'ल् इस्लाम (अ) = इस्लाम का रक्षक
ग़ैब (अ) = अदृश्य, आधिदैविक सम्पत्ति, अदृष्ट
ग़ैबदाँ (अ फ़ा) = सर्वज्ञ, रहस्यज्ञ
ग़ैबत (अ) = वियोग, अन्धा होना
ग़ीवत (अ) = चुग़ली करना
ग़ार (अ) = पराया, शत्रु
ग़ैयर (अ) = (वह) बदला, (उसने) बदल दिया
व'श्शैबु ग़ैयरनी (अ) = और पलित ने मुझे बदल दिया है
ग़ैरत (अ) = ईर्ष्या, लज्जा
ग़ैर मानीइन् (अ) = नहीं मना करनेवाला है
ग़ैरी (अ) = मेरे अतिरिक्त
ग़ैज़ (अ) = क्रोध

ف — फ

फ (अ) = तो, पस, अत
फ़ाजिरा (अ) = (फ़ाजिर का स्त्रीलिंग) दुराचारिणी
फ़ाहिश (अ) = (स्त्रीलिंग—फ़ाहिशा) अमर्यादित, धृष्ट, घटिया
ज़ने फ़ाहिशा (फ़ा अ) = फ़ाहिशा औरत
फ़ाख़िर (अ) = गर्व करनेवाला, वीर, परंपराप्रिय
फ इज़ा (अ) = अत, तब
फ़ार्स-फ़ारस (फ़ा) = ईरान देश
फ़ारिस (अ) = घुड़सवार
फ़ारसी (फ़ा) = फ़ारस का निवासी
फ़ारिग़ (अ) = मुक्त, निश्चिन्त
फ़ासिद (अ) = बुरा, चरित्रहीन, फ़साद करनेवाला
फ़ासिक़ (अ) = अयोग्य, भ्रष्ट, पापी, दुराचारी
फ़ाज़िल (अ) = विद्वान्, प्रतिभाशाली (स०—प्राज्ञ)
फ़ाज़िलतर (अ फ़ा) = विद्वत्तर
फ अवाल्लु (अ) — [illegible]
फ़ाक़ा (अ) = उपवास, अनशन
फ़ाम (फ़ा) = रंग
फ इन् (अ) = और यदि
फ अन्त (अ) = तब तू
फ अन्त मुहारिबु (अ) = तब तू युद्ध करनेवाला होगा

(ف — फ)

फायदा (अ) = लाभ, उपयोग
फ इन्न'ल् फायदत (अ) = क्योंकि यह लाभ
फाइक़ (अ) = श्रेष्ठ
फुतादन् (फा) = गिरना (स०—पतन)
फुतादा (फा) = गिरा हुआ (स०—पतित)
फत्ह (अ) = विजय
फतहा (अ) = स्वरचिह्न (-), दाढी
फतहे (अ फा) = एक विजय
फुतद (फा) = गिरता है, गिरेगा
फितना (अ) = उपद्रव
फितना अगेज (अ फा) = उपद्रव भडकानेवाला
फुतुव्वत (अ) = उदारता, मर्दानगी
फतवा (अ) = मुफ्ती की न्याय व्यवस्था
फुजूर (अ) = दुष्टता, दुराचार
फख़् (अ) = शान, अहकार, गर्व
फख़्'द्दीन (अ) = धर्म की शान, एक नाम
फख़्री (अ) = मेरी शान,
फिदा (अ) = किसी के प्रति भक्ति, बलिदान, भक्तिधन
फर्र (फा) = शान, ठाठबाट
फरा (फा) = आगे आगे, सामने
फुरात (अ) = फरात नदी
फरा चग आवुर्दन् (फा) = किसी के चगुल मे फँसना
फराख़ (फा) = विशाल
फराख़ रू (फा) = खुला मुख, चौडे मुहवाला
फराख़ रवी (फा) = विशालगति, तीव्रगति
फराख़ सुखन (फा) = मुखर, वातून
फराख़ी (फा) = विशालता, पर्याप्ति
फरार-फिरार (अ) = भागा हुआ, भगोडा
फरा रसीदन् (फा) = पहुँचना, घेरना
फरा रफतन् (फा) = बाहर जाना
फराज (फा) = ऊँचा, ऊँचाई, प्रवेश, अतरग, वन्द
फराज आमदन् (फा) = पास आना, अन्दर आना
अज दर फराज आमदन् (फा) = द्वार मे आना
फिरासत (अ) = चतुरता, प्रतिभा
फिरासते (अ फा) = एक चतुरता
फर्राश (अ) = फर्श बिछानेवाला (फर्राश अवसर जल्लाद का काम भी करते थे अत —) जल्लाद
फिराग़ / फराग़त (अ) = परिश्रम से विश्राम, शान्ति, विराम
फिराक़ (अ) = वियोग, विरह
फरा गिरिफतन् (फा) = समेटना
फरामुश-फरामोश (फा) = भूलना, विस्मृति, विस्मृत
फरामुशत (फा) = तुझे भुलाना

(ف — फ)

फरामूश (फा) = विस्मृत
फरामूश कर्दन् (फा) = भूलना
फरावान (फा) = विशाल, ढेर सारा, पर्याप्त
फराहम (फा) = साथ साथ, उपलब्ध
फराहम आवुर्दन् (फा) = सग्रह, चयन
फराहम शुदन् (फा) = एक दूसरे के समीप होना
फरबिह् (फा) = मोटा (स०—पीवर)
फरबिही (फा) = मुटापा
फरबिहे (फा) = एक मोटा आदमी
फरतूत (अ) = सठियाया हुआ बुड्ढा
फर्ज (अ) = स्त्री-पुरुषों के गुप्ताङ्ग
फर्जाम (फा) = परिणाम (स०—परिणाम)
फरह् (अ) = प्रसन्नता
फर्रुख़ (फा) = प्रसन्न, भाग्यवान्
फर्खुन्दा (फा) = सम्पन्न, सुखी
फर्खुन्दा ताली (फा अ) = प्रसन्न भाग्यवाला
फर्दा (फा) = आनेवाला कल, आगामी जीवन
फर्जंद (फा) = पुत्र
फर्जंद वर ख़ास्ता (फा) = वडे वच्चोवाला
फर्जीन (फा) = शतरज का फर्जी
फिरिस्तादन् (फा) = भेजना, रवाना करना (स०—प्रेषण)
फर्सग (फा) = एक कोस के वरावर नाप
फर्सूदा (फा) = थकित, निराश
फर्श (फा) = कालीन, फर्श वनाना
फरिश्ता (फा) = देवदूत
फरिश्ताए (फा) = एक देवदूत
फरिश्ता ख़ू (फा) = देवदूत की प्रकृतिवाला
फुरसत (अ) = अवसर, उपकार, वरदान
फर्ज (अ) = कर्त्तव्य, दैवी आदेश
फर्त (अ) = अत्यन्त, अधिक, आधिक्य
फिरऔन (अ) = मिस्र के प्राचीन राजाओ का विरुद
फिरऔनी (अ) = गर्व, राजमद, अपने को भगवान मानना
फर्क़ (अ) = भेद, अन्तर, विभेद
फरमान (फा) = आदेश
फरमान वुर्दन् (फा) = आदेश पालन
फरमान दादन् (फा) = आदेश देना
फर्मा वरदार (फा) = आज्ञा पालक
फर्मां वरदारम् (फा) = मैं आज्ञापालक हूँ
फरमान दिह (फा) = आज्ञा देनेवाला
फरमूदन (फा) = आज्ञा देना-कहना
फरमूदा (फा) = आज्ञापित
फरग (फा) = (Franc-फ्रान्सवासी, ईरान और भारत में 'फरग' हो गया) यूरोपियन-गोरा

(ف — फ़)

फरो-फिरो-फ़ुरो (फा) = नीचे, निम्न
फरो बुर्दन् (फ़ा) = नीचे ले जाना, छोटा बनाना, डुबकी लगाना
फरो बस्तन् (फा) = बांधना, रोकना बन्द करना
फरो पोशीदन् (फ़ा) = कपडे पहनना
फरोतर (फा) = निम्नतर
फरोख़्तन् (फा) = बेचना, रोशनी करना
फरो ख़्वान्दन् (फा) = कह डालना
फिरोद आमदन् (फा) = नीचे उतरना
फिरोद आवुर्दन् (फा) = नीचे उतारना
फरो रफ़्तन् (फा) = नीचे जाना, श्वास खींचना, डूबना
फरोश (फा) = बेचनेवाला, विक्रेता
फरो ग़ल्तीदन् (फा) = नीचे लुढकना
फरो कोफ़्तन् (फा) = टक्कर देकर गिराना, कोंचना
फ़रो गुज़ाश्तन् (फा) = से गुज़र जाना, अनदेखा करना
फरो गुफ़्तन् (फा) = बात करना
फरो मान्दन् (फ़ा) = पिछडना, पीछे रहना
फरो माया (फा) = नीच, नीच कुलोत्पन्न
फ़रो निशान्दन् (फा) = शान्त करना
फरो निशस्तन् (फा) = बुझाना, शान्त करना
फरो हिश्तन् (फा) = नीचे लटकाना
फरो हिश्ता (फ़ा) = नीचे लटका हुआ
फरो हिलीदन् (फ़ा) = निकालना
फरहंग (फा) = बुद्धिमत्ता, प्रतिभा, शब्द कोष, संस्कृति
फरियाद (फ़ा) = सहायता के लिये चिल्लाना, शिकायत
फरियाद रस (फा) = फरियाद पहुँचा हुआ, सहायक
फरियाद रसी (फा) = सहायता
फरेब (फ़ा) = धोखा, चालाकी
फरेबीदन् (फा) = धोखा देना
फ़रीदूँ (फा) = ज़ह्हाक से फारस को छुडानेवाला एक ईरानी राजा
फरेफ़्तन् (फा) = धोखा देना
फरीक़ (अ) = वर्ग, दल, पक्ष
फ़ुज़ूदन् (फा) = बढ़ाना, कई गुणा करना
फ़ुज़ून (फ़ा) = बढ़ा हुआ
फ़ुज़ूनी (फा) = वृद्धि
फसाद (अ) = पाप, दुष्टता
फ़ुसहत (अ) = फैलाव, स्थान, प्रसन्नता
फिस्क़ (अ) = दुराचार
फ़िसोस (फ़ा) = (शुद्ध रूप—अफ़सोस) शोक
फ़ुसून (अ) = धृष्टता, आचार
फ़ुसून (फा) = (शुद्ध रूप—अफ़सून) कल्पना, कल्पना में धोखा खाना
फ़िशान्दन् (फा) = छिडकना
फ़साहत (अ) = वाग्मिता

(ف — फ)

फस्ल (अ) = समय, ऋतु, अध्याय
फस्ले (अ फा) = एक अध्याय, एक ऋतु
फसीह (अ) = धारा प्रवाह वाणी
फ़ज़ाइल (अ) = (फ़ज़ीलत का बहुवचन) गुण, महानता
फ़ज़्ल (अ) = कृपा, विद्या
फ़ुज़लाय (अ) = (फाज़िल का बहुवचन) ज्ञानी जन
फ़ज़्ला-फ़ुज़्ला (अ) = अवशेष, फालतू भाग
फ़ुज़्ला ए रज़ (अ फा) = अंगूर लता के फालतू पत्ते आदि
फ़ुज़ूल (अ) = अनावश्यक, धृष्टतापूर्ण, अधिक
फ़ुज़ूल (अ) = अनावश्यक, धृष्टतापूर्ण, अधिक
फ़ज़ीहत (अ) = अपमान, बदनामी
फ़ज़ीलत (अ) = महानता, श्रेष्ठता
फ़ित्रा-फितरत (अ) = इस्लाम धर्म, सृष्टि, रमज़ान में रोज़ा खोलने के अवसर पर दी जानेवाली दक्षिणा
फितरत (अ) = समझ, बुद्धि
फ़ैल (अ) = चरित्र, कर्म
फ अलैहा (अ) = तो यह है उसके विरुद्ध
फ़िग़ाँ (फा) = शिकायत, रोना-पीटना
ब फ़िग़ाँ (फ़ा) = निराशा में
ब फ़िग़ाँ आमदन् (फा) = रो पडना, चीख पडना
फ क़द (अ) = इसलिये, अतः, बेशक
फ क़त्तु (अ) = मैं भूल गया, मैंने खो दिया
फ क़त्तु ज़मान'लू वस्लि (अ) = और इसलिये मैंने खो दिया मिलन का समय
फ़क़्र (अ) = निर्धनता, दरिद्रता
फ़ुक़राय (अ) = (फ़क़ीर का बहुवचन) निर्धन लोग
अल् फ़क़्रि'ल् मुक़िद्दि (अ) = घोर निर्धनता के कारण
अल् फ़क़्रु सवादु'ल वज्हि फ़ि'द्दारैन (अ) = निर्धनता मुख की कालिमा है दोनों लोकों में
फ़क़्रुश् (अ फा) = उसकी दरिद्रता
अल फ़क़्रु फख़्री (अ) = निर्धनता मेरा गौरव है
फ़ क़ुल्तु (अ) = तब मैंने कहा
फ़क़ीर (अ) = निर्धन
फ़क़ीरा (अ) = निर्धन स्त्री
फ़क़ीह (अ) = इस्लामी कानून जाननेवाला, धाराशास्त्री
फ़िक्र (अ) = विचार, कल्पना
फ़िकरा-फ़िकरत (अ) = विचार, विचारणीय विषय
फ़ कैफ़ (अ) = तो क्यों
फ़िगन्दन (फा) = (शुद्ध रूप—अफ़गन्दन्) रोना-पीटना
फ़ ला तुतिअ् हुमा (अ) = तो उनकी आज्ञा मत मान
फलाह् (अ) = सम्पत्ति, वैभव, कल्याण
फल्लाह् (अ) = पति, स्वामी
फ़ुलान् (अ) = अमुक, ऐसा

(ف — फ)

फुलानम् (अ फा) = मैं अमुक हूँ
फुल्क (अ) = जलयान, जहाज
फलक (अ) = आकाश, स्वर्ग
फ लिर्'रहमान (अ) = दयालु (प्रभु) के ऊपर है
फ लम्मा (अ) = और जब
फ लि नफ़्सिहि (अ) = तब यह उसकी भलाई के लिये है
फ लैत (अ) = तो काश!
फ लैस (अ) = अत नहीं
फ मा अलैक (अ) = तो यह तुझ पर नहीं है, तो वह तेरा दोष नहीं है
फ मन् (अ) = तो कौन?
फ मिन् (अ) = तो से
फुनून (अ) = (फन का बहुवचन) विज्ञान, विद्याएँ
फ़्वारिस (अ) = (फारिस का बहुवचन) घुड़सवार लोग
फवाकिह (अ) = (फाकिहत का बहुवचन) फल
फवायद (अ) = (फायदत का बहुवचन) लाभ
फौत (अ) = मृत्यु
फौत शुदन् (अ फा) = मरना, खो जाना
फूलाद-फौलाद-पूलाद (फ़ा) = इस्पात
फहम (अ) = समझ
फह्मीदन् (फा) = (अरबी 'फह्म' से गढ़ी गयी फारसी धातु) समझना
फ हुव (अ) = और इसीलिये वह
फ हुव हस्बुहु (अ) = तब यह उसके लिये काफी होगा
फी (अ) = में, बीच में, के लिये
फिल् जुमला (अ) = संक्षेप में
फिलहाल (अ) = अभी, अभी तो
फिरोजा (फा) = भाग्यवान्, एक रत्न जो सौभाग्यदायक माना जाता है
फील (अ) = हाथी
व'ल् फीलु खीफतुन् (अ) = और हाथी हराम (अमेध्य) है
फैलसूफ (अ) = दार्शनिक
फीना (अ) = हमारे बीच में
फीहि (अ) = उसके बीच में, उसमें
फीहिम् (अ) = उनके बीच में, उनमें

ق — क

क़ाबिल (अ) = योग्य, ग्रहणशील
क़ाबिला (अ) = धात्री, उपचारिका, बच्चा जनानेवाली
क़ातिल (अ) = मारक, घातक
क़ादिर (अ) = समर्थ, विधाता
क़ारूँ (अ) = हज़रत मूसा का चचेरा भाई जो बड़ा धनी था
क़ासिद (अ) = सन्देशवाहक
क़ासिर (अ) = थोड़ा, कम, अभावमय, अपर्याप्त
क़ाज़ी (अ) = न्याय करनेवाला

(ق — क)

क़ाअ (अ) = मैदान, समतल भूमि
क़ाए बसीत (अ फा) = विशाल मैदान
क़ाइदा (अ) = नियम, ढंग
काफ़िला (अ) = यात्रीदल
क़ाल (अ) = (क़ौल से व्युत्पन्न) उस ने कहा
क़ाल'ल्लाहु तआला (अ) = कहा परमात्मा ने
क़ालिब (अ) = क़ल्ब (आत्मा) को धारण करनेवाला, देह
क़ालू (अ) = उन्होंने कहा है
क़ामत (अ) = स्थिति, शक्ल, लम्बाई, पुरुषा (६ फीट का नाप)
क़ानअ (अ) = सन्तुष्ट होता हुआ, सन्तुष्ट
क़ाहिर (अ) = विजेता (स्त्रीलिंग में काहिरत)
अल क़ाहिरा (अ) = विजेत्री, क़ाहिरा नगरी
काइम मुक़ाम (अ) = उपाध्यक्ष, उत्तराधिकारी
कबा (अ) = हलका ऊनी लबादा
क़बा ए पोस्तीन (अ फा) = पोस्तीन-फर-का लबादा
क़बाला (अ) = लिखित समझौता
क़ुब्ह (अ) = बदशक्ली, कुरूपता, निर्लज्जता (म०—शुभ का प्रति पर्याय-कुभ)
क़ब्ज़ा (अ) = अधिकार
क़ब्ल (अ) = अग्रभाग, पहले
क़िबल (अ) = हिस्सा, पक्ष, दिशा
क़ब्लु'ल् मसाइब (अ) = विपत्तियों के (आगमन के) पूर्व
अज क़िब्ले मशरिक़ (फा अ) = पूर्व दिशा से
किबला (अ) = प्रार्थनोन्मुख्य दिशा (मुसलमानों में मक्का, ईसाइयों और यहूदियों में जरूसलम)
क़बूल (अ) = स्वीकार, स्वीकृति
क़बूली (अ फा) = स्वीकार्य, स्वीकृति
क़बीह (अ) = अरुचिकर, घृण्य, अपमानकर
क़बीला (अ) = वर्ग, कुटुम्ब, पत्नी
क़ताल (अ) = आत्मा, जीवन का अवशेष, शक्ति, देह
क़िताल (अ) = लड़ना, वध करना, युद्ध करना
क़त्ल (अ) = वध
क़ुह्बा-क़ह्बा (अ) = वेश्या, कुलटा, पुंश्चली
क़द (अ) = (क्रियाओं के पूर्व लगनेवाला पद) पहले ही, अब, वस्तुत, निश्चितत, सम्भवत, कदाचित्
क़द्द (अ) = क़द, ऊँचाई
क़दह (अ) = प्याला, पानपात्र
क़द्र (अ) = शक्ति, प्रसिद्धि, पदवी, मूल्य, योग्यता
क़िद्र (अ) = पात्र
क़दर (अ) = परिमाण, मूल्य
लैलतु'ल् क़द्र (अ), शबे क़द्र (फा अ) } = रमजान की अन्तिम दस रातों में से एक रात, जिब्राईल ने इसी रात से कुरान उतारनी शुरू की थी।

(क़—क)

क़द्रन् (अ) = क़द्र से
क़ुदरत (अ) = शक्ति, क्षमता
ब क़ुदरत (फा अ) = तेरी शक्ति से
अल क़द्रु मजफ़ूज़ु (अ) = क़द्र (इज्जत) उतर गयी
अल् क़िद्रु मुतसिबुन् (अ) = चिद्र (हाँडी) चढ गयी
क़द्रे (अ फा) = थोडा सा
क़ुदस (अ) = जरूसलम
क़दम (अ) = चरण, चलना
क़दम बर दाश्तन (अ फा) = पैर उठाना, चलना
क़दम रंजा शुदन् (अ फा) = चलने का कष्ट उठाना
क़द्दिम (अ) = पहले भेज
क़द्दिमि'ल् ख़ुरूज क़ब्ल'ल् वुलूज (अ) = घुसने से पहले निकलने का इन्तज़ाम कर
क़दमे (अ फा) = एक क़दम
क़दमे चन्द (अ फा) = कुछ कदम
क़ुदूम (अ) = आगमन, अवतरण, आविर्भाव
क़दीम (अ) = प्राचीन
क़रार (अ) = स्थिरता, दृढ़ता, शान्ति, समझौता वायदा
बर क़रार (फा अ) = दृढ, स्थिर, मजबूत नीववाला, अपरिवर्तित
क़ुराज़ा (अ) = स्वर्णखण्ड, धातुखण्ड
क़ुरआन (अ) = मुसलमानो की धर्मपुस्तक
क़राइन (अ) = (क़रीना-क़रीनत का बहुवचन) चिह्न, इशारे
क़ुरबान (अ) = बलिदान
क़ुरबानी (अ) = बलि के लिये नियत
क़िरबत (अ) = मशक, चममय जलपात्र
क़ुरबत (अ) = निकटता, सामीप्य, रिश्ता
क़िरबती (अ) = मेरी मशक
क़ुरबा (अ) = रिश्तेदारी, सम्बन्ध
क़ुर्स (अ) = थाल, मण्डल
क़ुर्से ख़ुर्शीद (अ फा) = सूर्य मण्डल
क़र्ज़ (अ) = ऋण
क़रीन (अ) = जुड़ा हुआ, मित्र
क़रिया (अ) = गाँव
क़ज़्ज़ (अ) = कच्चा रेशम
क़ज़्ज़ आगन्द (अ फा) = रेशम भरे हुए वस्त्र जो युद्ध में कवच की तरह पहने जाते थे
क़सीम (अ) = सुन्दर
क़स्साब (अ) = खटीक, पशुओं को मारकर उनका मास बेचनेवाला
क़िसास (अ) = प्रतिशोध, बदला
क़सब (अ) = सरकंडा, शरकाण्ड, शरखण्ड लेखनी, मलमल
क़सबु'ल् हबीब (अ) = मित्रतापूर्ण लेखनी, प्यारे की चिट्ठी
क़सबे मिस्री (अ फा) = मिस्र की मलमल
क़िस्सा (अ) = इतिहास, कथा

(क़—क)

क़स्द (अ) = लक्ष्य, तैयारी, षड्यंत्र
क़स्द कदन् (अ फा) = षड्यंत्र करना, जान लेने की कोशिश करना
क़स्र (अ) = गढ़, महल
क़सीदा (अ) = कविता, लम्बी कविता
क़ज़ा (अ) = भाग्य, नियति, मृत्यु, प्राणदण्ड, समाप्त करना
क़ज़ा कर्दन् (अ फा) = अधूरी प्रार्थना पूरी करना
क़ज़ाए नविश्ता (अ फा) = नियति द्वारा लिखित
क़ज़ारा (अ फ़ा) = दैवयोग से
क़ुज़्बान (अ) = (क़ज़ीब का बहुवचन) लम्बी-पतली शाखाएँ
क़ुत्ब (अ) = ध्रुवतारा, उत्तरी ध्रुव
क़त्र (अ) = बूद
क़ित्र (अ) = तारकोल
क़त्रुन् अला क़त्रिन् (अ) = बूद पर बूंद
क़तरा (अ) = बूद
क़तरए चन्द (अ फा) = कुछ बूदें
क़तअ (अ) = काटना, अलग करना
क़तअ रहिम (अ फा) = रिश्तेदारी तोडना
क़तअ कदन् (अ फा) = काटना, समाप्त करना
क़ितअ (अ) = खण्ड, हिस्सा
क़अर (अ) = गड्ढा, खाडी
क़फ़ा (अ) = गर्दन का पिछला भाग, पीठ पीछे, चुपचाप
दर क़फ़ाये ऊ (फा अ) = उसके पीछे पीछे
क़फ़स (अ) = पिंजरा
क़िलाअ (अ) = (क़लअ का बहुवचन) किले, दुर्ग (उर्दूवाले एकवचन में भी क़िला कहते हैं जो कि अशुद्ध है)
क़ल्ब (अ) = हृदय
बि क़ल्बि'ल् मूजई (अ) = मुझ अभागे के हृदय में
क़ुल्तु (अ) = मैंने कहा
फ क़ुल्तु लहू (अ) = तब मैंने कहा उससे
क़लअ (अ) = (किला का एकवचन) दुर्ग
क़लम (अ) = सरकंडा, सरकंडा की कलम
क़लमून (अ) = गिरगिट
क़ुल्ना (अ) = हमने कहा
क़लन्दर (फा) = मुण्डित, सर्वस्व त्यागी मुसलमान मत
क़ुल्ला (अ) = चोटी
क़लील (अ) = थोडा, कम, जरा सा
व क़लीलुम् मिन इबादी अश्शकूर (अ) = और मेरे थोड़े ही सेवक कृतज्ञ हैं
क़िना (अ) = हमारी रक्षा कर
क़िना अज़ाब'न्नार (अ) = हमारी रक्षा कर अग्निदण्ड से
क़नाअत (अ) = सन्तोष
क़ुव्वत (अ) = शक्ति
क़ूत (अ) = भोजन, जीविका

(ک — क)

[illegible] ([illegible]) = [illegible], गर्व (स०—गर्व)
[illegible] (अ) = फ़ाख्ता, कबूतर (स०—कपोत)
कबूतर (फा) = कबूतर (स०—कपोत)
कबीर (अ) = महान, विराट्
कत-कित (फा) = (कि तुरा का सक्षेप) कि तुझे
किताब (अ) = पुस्तक
किताबे मजीद (अ फ़ा) = कुरान महान्
कुत्ताब (अ) = लिखना सिखाने की शाला
किताबा (अ) = मुखपृष्ठ, समाधि का शिलालेख
कुत्ताबे (अ फा) = एक लेखनशाला
किताबे चन्द (अ फा) = कुछ पुस्तकें
कुतुब (अ) = पुस्तकें (किताब का बहुवचन)
कत खुदा (फा) = गृहपति, गृहस्थ
कत खुदा ए (फा) = एक गृहस्थ
कित्फ-कितिफ-कतफ (अ) = कधा (स०—स्कध)
दस्त बर कतफ (फ़ा) = पीठ पर हाथ बाँधे हुए
कुसुब (अ) = (कसीब का बहुवचन) रेत के टीले
कज (फा) = टेढ़ा, बुरा, कच्चा रेशम (स०—कद = कु)
कुजा (फा) = कहाँ, कहाँ मे, कैसे (स०—क्व)
कज आगन्द (फा) = कच्चा रेशम भरा कवच
कजावा (फा) = ऊँट पर रखी जानेवाली डोली जिस पर यात्री बैठते हैं
कजावा नशीन (फा) = कजावा में बैठा हुआ
कुजाई (फा) = (तू) कहाँ है, कहाँ का है
अज कुजाई (फा) = (तू) कहाँ से है, कहाँ का है
कज तबअ (फा अ) = बुरी प्रकृतिवाला, कुशील, दु शील
कुदाम (फ़ा) = कौन सा (स०—कतम)
कद खुदा (फा) = गृहपति, गृहस्थ
कुदूरत (अ) = उदासी, निराशा
कज्जाब (अ) = महाझूठा
क जालिक (अ) = इस तरह से
किरा (फा) = कौन, किसको
किराम (अ) = उदार, कृपालु (करीम का बहुवचन)
किरामत् (अ) = कृपया
करामत (अ) = (बहुवचन—करामात) उदारता, चमत्कार
करा (फा) = किनारा, तट
कराना (फा) = किनारा, तट, कोना, सिरा
कराहत (अ) = घृणा, अरुचि
कराहियत (अ) = घृणा, अरुचि
कुरबत (अ) = कष्ट, परेशानी, बुरे दिन
कर्द (फा) = किया (स०—कृत)
किरदार (फा) = चालचलन (स०—चरित्र)
किरदारे (फ़ा) = एक चरित्र, कृत्य
करदस्त (फा) = (करदा+अस्त) (उसने) किया है

(ک — क)

किर्दगार (फा) = परमात्मा (स०—[illegible])
कर्दन् (फा) = करना (स०—करण)
कर्दा (फ़ा) = किया हुआ (स०—कृत)
करदे (फा) = करता, करते (हेतुहेतुमद्भूत)
करिश्मा (फा) = एक नजर, एक नजर का इशारा
किर्म (फा) = कीड़ा (सं०—कृमि)
किर्मे पीला (फा) = पीला कीड़ा, रेशम का कीड़ा
करम (अ) = कृपा
करमे (अ फा) = एक कृपा
कर्रूबी (अ) = फ़रिश्ता
करीम (अ) = कृपालु, परमात्मा का एक नाम
करीमुन्नफ्स (अ) = कृपालु हृदयवाला
करीमन् (अ) = कृपया
करीमे (अ फा) = अत्यन्त कृपालु (एक)
करीह (अ) = घृणास्पद, गन्दा, कर्कश
करीहुस्सौत (अ) = कर्कश कठवाला
कज (फा) = (कि+अज) कि [illegible]
कज अकबश (फ़ा अ) = क्योंकि उसके उपरान्त
कि जू (फा) = (कि+अज+ऊ) कि उससे
क जैदिन् (अ) = जैदिन् जैसा
कज्दुम (फा) = टेढ़ी पूँछवाला, बिच्छू
कस (फ़ा) = कोई एक व्यक्ति (स०—[illegible])
कसा (फा) = (कस का बहुवचन) लोग
कस्र (अ) = टूटन, खण्डित सौभाग्य
किसरा (अ) = ईरान का पुराना राजवश, नौशेरवाँ से अभिप्राय है
क सिन्नौरि (अ) = जैसे बिल्ली
किसवत (अ) = कपड़े, वस्त्र, काले कपड़े की चाँदी से कढ़ी चादर जो काबा पर उढ़ाई जाती है
कसे (फा) = कोई आदमी, एक आदमी
कसे कि (फा) = वह आदमी जो कि
कश (फा) = (तू) खींच, (उत्तर पद में) खींचनेवाला
कश (फा) = (कि+अश) कि उसको
कुशादन् (फा) = खोलना, जीतना
कुशादा पेशानी (फा) = खुला मस्तक जिस पर चिंता का रूखा जाल या भ्रूकुञ्चन न हो
कुशादा रू (फा) = खुली मुखच्छविवाला, प्रसन्न वदन
कशान (फा) = खींचता हुआ, (स०—शानच् प्रत्यय के योग से)
कुशाई (फा) = (तू) खोलता है
कुश्तगान् (फा) = कटे हुए, मारे गये (प्राणी)
किश्तन् (फा) = जोतना, बोना
कुश्तन् (फा) = वध करना, मारना
कुश्ता (फ़ा) = मारा हुआ
कुश्ता बाशी (फा) = तू मार चुकेगा

(ک—क)

कश्ती (फा) = नौका
कश्तीबान (फा) = मल्लाह
कुश्ती (फा) = कुश्ती, मल्लविद्या
कश्ति ए शिकस्ता (फा) = जर्जर नौका, टूटी नाव
कुश्ती गिरिफ्तन् (फा) = कुश्ती में पकड़ना, कुश्ती लड़ना
कशफ (अ) = खोलना
कशफा (अ) = उसने खोला, उसने पर्दा उठाया
कशफ़'हुजा (अ) = उसने अन्धकार (पाप को) दूर किया
कुशन्दा (फ़ा) = मारक (विष)
कुशूदन् (फा) = खोलना
किश्वर (फ़ा) = देश, क्षेत्र
किश्वर कुशा (फ़ा) = साम्राज्य विजयी
किश्वर कुशाए (फा) = एक साम्राज्य विजयी
कुशी (फ़ा) = तू मारता है, तू मार
कशीदन् (फ़ा) = खींचना, फैलाना
कशीदा (फा) = खींचा हुआ
कअब (अ) = (टाव) एड़ी, पार्ष्णि
कअबा (काबा) (अ) = काबा, बैतुल्लाह, हरम
कफ़ (अ) = हाथ की हथेली, पैर की पगतली
कफे दस्त (अ फा) = हाथ की हथेली, करतल
ब कफ आवुर्दन् (फा अ) = हाथ में लेना
कफ्फारत-कफ्फ़ारा (अ) = प्रायश्चित्त, पश्चात्ताप
कफाफ (अ) = पर्याप्त, जीविका
कफाफे अन्दक (अ फ़ा) = थोड़ी सी जीविका
कफाफे (अ फा) = एक पर्याप्ति
किफायत (अ) = पर्याप्ति, योग्यता, क्षमता, बचाना
किफायत कर्दन् (अ फा) = काफी होना, किफायत करना
कुफ्र (अ) = नास्तिकता
कफ्श (फ़ा) = जूता
कफ्श दोज (फा) = जूता सीनेवाला
कफ़न (अ) = मुर्दे की चादर
कफ़ूर (अ) = अपवित्र, नास्तिक, अकृतज्ञ
कफा (अ) = यह काफी है
कफीत (अ) = तू काफी है
कफ़ीत अजन् (अ) = तू काफी बनाया गया है
कुल्ल (अ) = पूर्ण
कलासा (फ़ा) = कुँए जहाँ मक्का के यात्री पानी पीते हैं
कलाम (अ) = शब्द, वार्ता
कुल्लु इनाइन (अ) = प्रत्येक पात्र
कुलाह (फा) = तातारी टोपी
कुलाहगोश (फा) = (होना चाहिये-गोशाए कुलाह) टोपी की कलगी
कल्ब (अ) = कुत्ता
अल'ल् कल्बि (अ) = कुत्ते के विरुद्ध, कुत्ते पर

(ک—क)

कुल्बा (फा) = दुकान, सामान की दूकान
किल्स (अ) = बुझा हुआ चूना
कल्लिम (अ) = (तू) कह, बोल
कल्लिमिन्नास (अ) = लोगों से कह
कलमा (अ) = वाक्य, शब्द
कलम ए चन्द (अ फा) = थोड़े से शब्द, संक्षिप्त वार्ता
कलम ए हक़ (अ फा) = सत्यवार्ता
कुलू (अ) = (तू) खा
कुलूख (फा) = ईंट के टुकड़े, मिट्टी के ढेले
कुलूख अन्दाज (फा) = ईंट के टुकड़े फेंकनेवाला
कुलूख कोब (फा) = ढेले फेंकने की गुलेल
कुल्ली (अ) = पूर्णतया, समग्रतया
किलीद (फा) = चाभी
कुल्ल यौमिन् (अ) = हर रोज, प्रतिदिन
कम (फ़ा) = थोड़ा, कम
कुम् (अ) = तुम
कुम्म (अ) = आस्तीन्
कमा (अ) = (शब्दार्थ—उस जैसा) जो कि, के अनुसार, जैसा कि
कमा अह्सन'ल्लाहु इलैक (अ) = जैसा कि उपकार किया है परमात्मा ने तुझ पर
कम आजार (फ़ा) = कम पीटनेवाला (अध्यापक)
कमाल (अ) = पूर्णता
बि कमालिहि (अ) = अपनी पूर्णता से
कमाले बहजत (अ फा) = सौन्दर्य की पूर्णता
कमाल बहजते (अ फा) = एक सौन्दर्य की पूर्णता
कमान (फ़ा) = धनुष्
कमाने कयानी (फा) = कयानी धनुष् (ईरानी में कयानी राजवंश ने धनुर्विद्या में पूर्णता प्राप्त की थी)
कमानदार (फा) = धनुर्धर
कमतर (फा) = बहुत थोड़ा
कमतरम् (फा) = हम थोड़े हैं
कमतरीन (फा) = सबसे कम
कमर (फा) = कमर, कटि
कमरबन्द (फा) = कटिबन्ध, अण्टी
कम इयार (फा अ) = स्तर से नीचे, घटिया (फा०—इयार = सं०—अह)
कमन्द (फा) = रस्सी, फन्दा
कमिय्य (अ) = हथियार बन्द, वीर, दृढ़
कमीन (फ़ा) = दोषपूर्ण, नीच
कमीन (अ) = मुठभेड़
कमीनगाह (अ फा) = मुठभेड़ का स्थान, युद्धक्षेत्र
कमीनम् (फा) = मैं नीच हूँ
कमीना (फा) = नीच, छोटा

(ک—क)

कुन (ـ) = (तू) हो
कनार (फा) = किनारा, तट
किनार (फा) = गोद, आलिंगन, छाती
किनार दर कर्दन् (फा) = गोद भरना
किनारो बोस (फ़ा) = आलिंगन और चुम्बन
कनारा (फा) = किनारा, सिरा
कनारा गिरिफ्तन् (फा) = कन्नी काटना, उपेक्षा करना
कुनान (फा) = करते हुए (स०—कुर्वाण)
कुंज (फा) = कुञ्ज, कोण, कोना (स०—कुञ्ज)
कुंजिश्क (फ़ा) = छोटी चिड़िया
कुंजे (फ़ा) = एक कोना
कुंद (फ़ा) = मन्द बुद्धि (स०—कुण्ठ)
कुनद (फ़ा) = (वह) करता है (स०—कृणुति-ते)
कन्दर (फा) = (कि+अन्दर) जो कि अन्दर है
कन्दन् (फ़ा) = खोदना, तोड़ना, काटना (स०—कृन्तन)
कुनिश्त (फ़ा) = अग्निपूजकों का अग्निमन्दिर, यहूदियों का सिनागोग, ईसाइयों का चर्च
कनआन (अ) = नूह का पौत्र कनआन
शाहिदम् मन् वले न दर कनआं (फा) = मैं भी सुन्दर हूँ किन्तु कनान की कोटि का नहीं
कुनमत (फा) = (मैं) तुझे बनाऊँगा
कुनून (फ़ा) = (शुद्ध रूप—अकनून) अब (स०—अधुना)
कुनूनत (फा) = अब तुझे
कुनी (फा) = (तू) बनाता है
कनीज़ (फ़ा) = कुमारी, नौकरानी
कनीज़क (फा) = सेविका
कू-कू (फ़ा) = गली, कूचा
कोब (फ़ा) = (कोफ्तन् का आदेशवाचक) मार, घूँसा दे
कोताह-कोतह (फा) = कम, थोड़ा
कोताह क़द (फ़ा) = छोटे क़दवाला
कोतह दस्त (फ़ा) = छोटे हाथोंवाला, शक्तिहीन
कोतह नज़र (फ़ा अ) = अल्पदृष्टि, मूर्ख, अविचारी
कूचक (फ़ा) = थोड़ा, कम
कूदक (फा) = लड़का, बच्चा (स०—कूदक)
कूदकी (फ़ा) = बचपन
कूदके (फ़ा) = एक बच्चा
कौदन (फ़ा) = सुस्त, मद, मूर्ख
कूर (फ़ा) = अन्धा
कूर बख़्त (फ़ा) = अभागा
कूर दिल (फ़ा) = अन्धे हृदयवाला, मूर्ख
कूज़ (फ़ा) = टेढ़ा-मेढ़ा, झुका हुआ (स०—कुब्ज)
पुश्ते कूज़ (फ़ा) = कमर टेढ़ा, कुबड़ा
कूज़ा (फा) = लोटा, सुराही (हिन्दी में—कुजा)

(ک—क)

कोस (फ़ा) = ढोल, नगाड़े
कोस ज़दन (फ़ा) = नगाड़ा पीटना, ढोल बजाना
कोशिश् (फा) = प्रयास
कोशीदन् (फ़ा) = प्रयास करना
कूफ़ा (अ) = फरात नदी के तट पर एक नगर
कोफ्तन् (फा) = मारना, घूसा लगाना
कोफ्ता (फ़ा) = पिटा हुआ, कुटा हुआ, गुथा हुआ, थकित
कून (फ़ा) = मौलिक पदार्थ, गुण (स०—गुण)
कूने खर (फा) = गधे के गुण, एड़ी
कोह (फा) = पहाड़
कोहसार (फा) = पहाड़ी, चट्टानी
कोहिस्तान (फ़ा) = पहाड़ी इलाक़ा
कोहे (फ़ा) = एक पहाड़
कूए (फा) = एक गली
कि (फा) = कि, क्योंकि, किन्तु (स०—किम्)
कि (फा) = कौन, किस, किसके (यह दूसरा 'कि' कुदामिया कहलाता है)
अज़ दस्तो ज़ुबाने कि (फ़ा) = किसके हाथ (कर्म) और जीभ (वाणी) से
किह् (फ़ा) = (प्रतिपर्याय—'मिह्') थोड़ा, कम
किहतर (फ़ा) = ज्यादा छोटा
कहफ (अ) = गुफा, खोह (स०—गुहा)
असहाबे कहफ (अ फ़ा) = गुफा के (सात) स्वामी-साधु
कहफ़ुल् फ़ुक़राय (अ) = निर्धनों का आश्रय
कुहन-कुहना (फ़ा) = पुराना
कुहनपीरे (फा) = बुड्ढा आदमी
कै (फ़ा) = एक ईरानी राजा
कियासत (अ) = बुद्धिमत्ता
कियासते (अ फ़ा) = एक बुद्धिमत्ता
कयान (फ़ा) = (कै का बहुवचन) कै नामक राजवंश के राजा
कयानी (फा) = कै राजाओं का राज्य, कै राजाओंवाला प्रसिद्ध धनुष्
कै ख़ुसरो (फ़ा) = कै वंश का तीसरा राजा, इसका सेनापति रुस्तम था। यह अफरासियाब से लड़ा था।
कीर (फा) = उपस्थ, लिंग
कीस्त (फा) = क्या है (स०—किमस्ति)
कीस्ती (फा) = (तू) क्या है
कीसा (फ़ा) = थैली (हिन्दी—खीसा)
कीश (फा) = ईरान की खाड़ी के मुहाने पर एक द्वीप
कयश् (फ़ा) = कैसे उसका
कैफ़ियत (अ) = हालत, परिस्थिति
कीमियागर (अ फ़ा) = रसायनज्ञ
कीं (फ़ा) = (कि+ईं) कि यह

(گ — ग)

گ — ग

गाज़ुर (फा) = धोबी
गाम (फा) = चरण
गाव (फा) = बैल, सांड (स०—गो-गव-गाव)
गाव रान्दन् (फा) = बैल को चलाना, बैल जोतना
गावे (फा) = एक गाय, एक बैल
गाह (फा) = समय, स्थान, कभी कभी
गाहो बेगाह (फ़ा) = समय कुसमय, सारे समय
गाहे (फा) = कभी कभी
गब्र (फा) = अग्निपूजक, ज़रथुस्त्र का अनुयायी (अंग्रेजी-guebre)
गदा (फा) = भिक्षुक
गदा तबअ (फा अ) = भिक्षुक प्रवृत्तिवाला
गदाई (फा) = भिक्षावृत्ति
गदाए (फा) = एक भिक्षुक
गुज़ार (फा) = छोड दे, रहने दे, जाने दे
गुज़ारदन् (फा) = गुज़ारना, विताना
गुज़ाश्तन् (फा) = छोडना, जाने देना
गुज़र (फा) = मार्ग
गुज़र कर्दन् (फा) = गुज़रना, मरना
गुज़रानीदन् (फा) = गुज़रने देना, भेजना, ले जाना
गुज़श्त'स्त (फा) = गुज़र गया है
गुज़श्तन् (फा) = गुज़रना, घटित होना, मरना
गुज़िश्ता (फ़ा) = गुज़रा हुआ
गर (फा) = यदि (अगर का सक्षेप)
गिरानी (फा) = मूल्य, प्रिय, आदृत
गिरां-गिरान (फ़ा) = प्रिय, बहुमूल्य, भारी, महत्वपूर्ण, उदासी भरा
गिरांमाया (फा) = अत्यन्त मूल्यवान
गिराने (फ़ा) = एक भारी-सुस्त-मासपिण्डवत् आदमी
गिराईदन् (फा) = रुचि रखना, देखना, जाच करना
गुरबा (फा) = बिल्ली
गुरपुज़ (फा) = (रूपान्तर—गुरबुज़) धोखे मे भरा, प्रलोभनपूर्ण
गरत (फा) = अगर तू, अगर तुझे
गर्चे (फा) = यद्यपि
गर्द (फा) = धूल, उडती धूल
गिर्द (फा) = चारो ओर, नाचते हुए दरवेशो का घेरा (स०—वृत्त, आवत)
गुर्द (फ़ा) = दृढ़ वीर
गिर्दाब (फा) = भँवर, आवत्त
गिर्द आमदन् (फा) = इकट्ठे होना
गर्दान (फ़ा) = घूमते हुए (शानच् के योग से)
गर्दानीदन् (फा) = घुमाना, चक्कर कटवाना
गिर्द आवुर्दन् (फा) = इकट्ठा करना
ब गिर्दश् (फा) = उसके चारो ओर
गर्दिश (फा) = चक्कर, गोलाकार गति
गिर्द कर्दन् (फा) = इकट्ठा करना
गिर्दगान (फा) = अखरोट
गर्दन् (फा) = गर्दन, ग्रीवा
गर्दन कशीदन् (फ़ा) = गर्दन उठाना, विद्रोह करना
गर्दन कशी (फा) = घमड से ऊँची गर्दन करना
गर्दू (फा) = आकाश चक्र, स्वर्ग
गिरदा (फा) = गोल लड्डू, पिण्ड, रोटी
गर्दे (फा) = एक धूल, एक पख
गरदीदन् (फा) = होना, बदलना, घुमक्कडी करना, चक्कर लगाना
गरदीदे (फा) = (वह) होता
गुर्ज़े (फा) = एक लिंग, एक डण्डा
गिरिस्तन् (फा) = रोना, अश्रुमोचन
गुरसनगी (फा) = भूख
गुरसना (फा) = भूखा (स०—दुरशन)
गिरिफ्तार (फा) = बन्दी, कैदी
गिरिफ्तार आमदन् (फा) = गिरिफ्तार होना
गिरिफ्त'स्त (फा) = लिया है, पकडा है
गिरिफ्तन् (फा) = लेना, पकडना (स०—ग्रहण)
गिरिफ्ते (फा) = (वह) ले लेता
गुर्ग (फा) = भेडिया (स०—वृक)
गुर्गज़ादा (फ़ा) = भेडिये का बच्चा
गर्म (फा) = उष्ण, उत्साही, व्यस्त, सक्रिय
गर्मी (फा) = उष्णता, ज्वर, पित्तप्रकृति
गर्मीदार (फा) = पित्तप्रधान व्यक्ति
गिरौ-गिरव (फा) = गिरवी रखा हुआ
गुरोह-गरोह (फा) = दल, भीड, झुण्ड
गरोहे (फा) = एक झुण्ड, एक वर्ग
गिरवीदन् (फा) = अनुसरण करना, प्रशसा करना, (स०—वन्धित होना), बँध जाना
गिरियां (फा) = रोते हुए, चिल्लाते हुए
गिरेबान (फा) = छाती के ऊपर का कपडा
गुरेख्तन् (फा) = भागना, भाग छूटना
गुरेज़ (फा) = भागना, पलायन
गुरेज़ां (फा) = भागते हुए, पलायन करते हुए
गिरीस्तन् (फा) = रोना, आँसू गिराना, चिल्लाना
गरीव-गिरीव (फा) = ऊँचा धरातल, खडे किनारे, उपत्यका, आवाज़
गिरिया (फा) = रोदन, अश्रुमोक्षण, चीत्कार
गुज़ारदन् (फा) = ऋण चुकाना, गुज़ारना
गुज़ाफ (फ़ा) = डीग
ब गुज़ाफ (फा) = डीग मारते हुए
गज़न्द (फ़ा) = हानि, क्षति, हिंसा (स०—गधन)
गज़न्दे (फा) = एक हानि, कोई क्षति

(گ — ग)

गज़ीदन् (फा) = दाँतों से काटना
गुज़ीदन् (फ़ा) = पसन्द करना, चुनना
गुज़ीर (फ़ा) = सहायता, उपाय, चिकित्सा
गुस्तरदन्-गुस्तरानीदन् (फ़ा) = फैलाना, इकट्ठा करना
गुस्तरद (फा) = (वह) फैलाता है, (वह) फैलाये
गुसिस्तन (फ़ा) = तोड़ना, खण्डित करना
गुसिस्तानीदन्
गुसिलीदन् } (फा) = तोड़ना, झपाटे से खींचना
गश्तस्त (फ़ा) = गया हुआ है (सं०—गतोऽस्ति)
गश्तन् (फ़ा) = होना, जाना, बदलना
गुफ्त (फा) = (वह) बोला, (उसने) कहा
गुफ्ता (फा) = कहा हुआ (सं०—उक्त)
गुफ्तार (फ़ा) = बोल चाल, बातचीत
गुफ्तारे (फा) = एक वार्तालाप
गुफ्तस्त (फ़ा) = कहा है, कहा गया है (सं०—उक्तमस्ति)
गुफ्तमश् (फा) = मैंने उससे कहा
गुफ्तमे (फ़ा) = मैं कहता (हेतुहेतुमद्भूत)
गुफ्तन् (फ़ा) = कहना
दस्तनाम गुफ्तन गुफ्तनम् उफ्तादा अस्त (फ़ा) = बोलने से निषेध
   मुझ पर आ पड़ा है
गुफ्तो शुनूद (फा) = कहन-सुनन
गुफ्त (फा) = कहा हुआ
गुफ्तहा (फ़ा) = कही हुई चीजें
गिल (फा) = मिट्टी, मुल्तानी मिट्टी, कीचड़, गारा (सं०—कल्ल)
गुल (फ़ा) = फूल
गुलाब (फ़ा) = (जलाब—जलपुष्प अर्थात् कमल) गुलाब का फूल*
गुलत (फा) = तेरा फूल, तेरा देहरूपी गुलाब
गुलिस्तां (फ़ा) = पुष्पखोर
गुलशकर (फा) = पुष्पमधु
गिलम् (फा) = मैं मिट्टी हूँ
गिला (फा) = शिकायत
गिलये (फा) = इस बरसों से आता या गम्भीर
गलागल्ला (फा) = पशुओं का झुंड
गुम (फा) = खोया हुआ

---

* जब पहली बार ईरानियों ने गुलाब देखा तो उसकी उपमा अपने पूर्व परिचित पुष्प कमल से दी और इसका नाम रखा 'गुलाब' (गुल+आब) जलपुष्प अर्थात् कमल। बाद में यह पुष्प इतना लोकप्रिय हुआ कि 'गुल' कहने मात्र से ही इस पुष्प का बोध होने लगा। सादी ने गुलाब के लिये अनेक स्थलों पर केवल गुल का प्रयोग किया है। स्मरण रहे भारत में सुन्दर अंगों की उपमाएं भी उसी प्रकार कमल से दी जाती रही हैं (मुखकमल, कमलनयन, करकमल, चरणकमल आदि) और ईरान में गुलाब से।

(گ — ग)

गुमाश्तन् (फ़ा) = नियत करना, विश्वास करना
गुमान-गुमाँ (फ़ा) = सन्देह, कल्पना
गुमान बुर्दन् (फ़ा) = सोचना, सन्देह करना
गुम शुदन् (फा) = खोया हुआ होना
गुम कर्दन् (फ़ा) = खो देना
गुम कर्दा फ़र्ज़न्द (फा) = बेटे को खोये हुए, यूसुफ़ का पिता याकूब
गुनाह-गुनह (फा) = दोष, पाप, अपराध, भूल
गुनाहे (फा) = एक भूल, एक अपराध
गुम्बज (फा) = गुम्बज
गुम्बजे आज़ाद (फ़ा) = एक प्रसिद्ध गुम्बज
गंज (फ़ा) = कोष
गंजे (फा) = एक कोष
गंजीदन् (फ़ा) = रखना, संचय करना
गंदुम् (फा) = गेहूँ (सं०—गोधूम)
गंदुमे बिरयान (फा) = भुना गेहूँ
गंदना (फा) = लहसुन
गंदना ज़ार (फा) = लहसुन का खेत
गंदीदन् (फा) = गँधाना
गंदा
गंदीदा } (फा) = गन्दा, सड़ा, दुर्गन्धित
गुंग (फा) = गूंगा
गुनहगार (फा) = अपराधी
गोय-गो (फ़ा) = कह, बोल (गुफ्तन् का आदेशवाचक)
गूय-गो-गू (फा) = गेंद
गवाही (फ) = गवाही, शहादत, साक्षी
गोर (फा) = कब्र
गोरे (फ़ा) = एक कब्र
गोस्फन्द (फ़ा) = भेड़, गाय-भेड़-बकरी का झुण्ड
गोश (फा) = कान
गोशत (फा) = तेरा कान
गोश्त (फा) = मांस
गोशमाल (फा) = (शब्दार्थ—कान मलना) दण्ड
गोशमाल ख़ुर्दन् (फ़ा) = दण्ड पाना, भुगतना
गोशमाली (फा) = दण्ड
गोशवार-गोशवारा (फा) = कर्णाभरण, कुण्डल
गोशा (फा) = कोना
गोशा नशीन (फ़ा) = कोने में बैठा हुआ, एकान्तवासी
गूगिर्द-गोगर्द (फा) = गूगल (सं०—गुग्गुलु)
गूनागूं (फ़ा) = कई रंगों की आभावाला
गूना (फा) = प्रकार, ढंग, उपाय
चि गूनाई (फा) = (तू) कैसा है
गोहर (फा) = रत्न, मोती
गोयाँ (फा) = बोलते हुए (गुफ्तन् प्रत्ययान्त)

(گ — ग)

